CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 12°C


हल्द्वानी, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 227 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 25 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



परिसीमन, महिला आरक्षण को लेकर सोनिया गांधी ने सरकार पर साधा निशाना पेज 2



आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा खेल टाइम्स



आखिर सुनी गई आधी आबादी की आवाज सम्पादकीय



ब्रिटेन होर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा: स्टार्मर पेज 12

# खाड़ी से ओमान तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा

## अमेरिका के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के ऐलान की धमकी पर ईरान ने किया पलटवार

तेहरान, वार्ता





- तेहरान ने ट्रम्प के बयान को अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया
- कहा: ये तो समुद्री डकैती के बराबर

**ईरान- अमेरिका** के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों की नाकेबंदी का ऐलान कर दिया है। इसके जवाब में ईरान ने सख्त चेतावनी दी। ईरान की सेना ने कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी से लेकर ओमान सागर तक कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। इस बयान के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

अमेरिका ने साफ किया है कि वह तय समय से ईरान के सभी बंदरगाहों पर आने-जाने वाले जहाजों को रोकने की कार्रवाई शुरू करेगा। यह फैसला उस समय लिया गया है जब दोनों देशों के बीच पाकिस्तान में हुई बातचीत बिना किसी समझौते के खत्म हो गई। अमेरिका का कहना है कि यह कदम ईरान पर दबाव बढ़ाने के लिए उठाया गया है। वहीं, ईरान ने इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया और कहा कि ये तो समुद्री डकैती के बराबर है। ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड ने साफ कहा है कि समुद्री सुरक्षा सभी के लिए समान होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ईरान के बंदरगाहों को खतरा हुआ, तो पूरे क्षेत्र में किसी भी देश का बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने यह भी संकेत दिया है कि किसी भी सैन्य जहाज के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार यह नाकेबंदी सभी देशों के जहाजों पर लागू होगी। जो ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश या वहां से बाहर निकलेंगे। हालांकि गैर-ईरानी बंदरगाहों के बीच जाने वाले जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने की अनुमति दी जाएगी।

### तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत की वृद्धि

**मास्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हॉर्मुज स्ट्रेट की नाकेबंदी की घोषणा के बाद वैश्विक तेल की कीमतों में आठ प्रतिशत का उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 102 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। जून का ब्रेंट क्रूड वायदा रविवार रात (भारतीय समयानुसार सोमवार तड़के 3:31 बजे) तक पिछले बंद भाव से 7.76 प्रतिशत बढ़कर 102.59 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि मई का डब्ल्यूटीआई- वायदा 8-2 प्रतिशत बढ़कर 104.51 डॉलर पर पहुंच गया।

# भारत सरकार ने हर स्तर पर सहयोग किया: फथाली

- ईरानी राजदूत ने भारतीयों का जताया आभार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने पूरी दुनिया की चिंता बढ़ा दी है। दूसरी ओर पाकिस्तान में हुई शांति वार्ता के असफल रहने के बाद हालात और गंभीर हो गए हैं।

इसी बीच भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने एक साथ सभी पहलुओं पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसके साथ ही ईरान का रुख भी साफ किया। फथाली ने सबसे पहले पहले भारत और यहां की जनता का आभार जताया। साथ ही कहा कि संकट के समय भारतीय लोगों ने सच्चे और भरोसेमंद साथी होने का परिचय दिया। इस दौरान फथाली ने भारत सरकार का भी धन्यवाद कहा। इस संकट के समय में भारत सरकार ने जरूरी सभी व्यवस्थाएं करने में मदद की। उन्होंने कहा कि भारत ने हर स्तर पर सहयोग किया, जिससे हालात को संभालने में मदद मिली। उनके मुताबिक, भारत और ईरान के रिश्ते मजबूत और भरोसे पर आधारित हैं, जो संकट के समय और भी स्पष्ट हो जाते हैं। इस दौरान उन्होंने अमेरिकी के तरफ से होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी के एलान पर भी कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा महंगाई दर मार्च में बढ़कर 3.40 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत थी। सरकार ने सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़ों के आधार पर, मार्च में खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर 3.87 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए सीपीआई मुद्रास्फीति क्रमश: 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। हालांकि, यह मामूली उछाल तत्काल चिंता का विषय नहीं है, क्योंकि समग्र मूल्य वृद्धि अभी भी 4 प्रतिशत के सुविधाजनक और प्रबंधनीय स्तर से नीचे बनी हुई है। आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर स्पष्ट होता है कि शहरों की तुलना में गांवों में महंगाई का दबाव थोड़ा अधिक बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा महंगाई दर 3.63 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि इसके मुकाबले शहरी इलाकों में यह दर 3.11 प्रतिशत के निचले स्तर पर रही। यह अंतर स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि गांवों और शहरों के बीच मूल्य दबाव किस प्रकार भिन्न है। घरेलू बजट में सबसे अहम भूमिका निभाने वाली खाद्य वस्तुओं की कीमतों में हल्का इजाफा देखा गया है।

### ट्रम्प की चेतावनी के बीच भारत पहुंचे ईरानी क्रूड के जहाज

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। वैश्विक ऊर्जा बाजार में जारी जारी है और इसी दौरान लगभग सात साल के लंबे अंतराल के बाद ईरानी कच्चे तेल की खेप भारत पहुंची है। अमेरिका की ओर से दी गई प्रतिबंधों में अस्थायी छूट के चलते करीब 40 लाख (4 मिलियन) बैरल कच्चा तेल लेकर दो सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तटों पर पहुंचे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब सप्ताहांत में अमेरिका-ईरान शांति वार्ता विफल हो गई है और वाशिंगटन ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी (ब्लाकेड) का ऐलान किया है। शिप-ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, नेशनल ईरानी टैंकर कंपनी द्वारा संचालित फेलिसिटी नामक एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर रविवार देर रात गुजरात के सिक्का तट पर लंगर डाल चुका है। इस जहाज में लगभग 20 लाख (2 मिलियन) बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के मध्य में ईरान के खार्ग द्वीप से लोड किया गया था।

# प. बंगाल में SIR से बाहर हुए लोग नहीं डाल पाएंगे वोट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत कानून के खिलाफ होगी: सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इसी महीने होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सियासी घमासान चरम पर है। इसी बीच अब विशेष गहण पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है।

कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। राज्य में चल रहे एसआईआर विवाद के बीच सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला चुनावी राजनीति में बड़ा मोड़ माना जा रहा है, जिससे पार्टियों के बीच टकराव और तेज हो सकता है। अदालत ने कहा कि जब तक संबंधित अपीलों पर अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक ऐसे व्यक्तियों को वोट देने की इजाजत देना कानूनी प्रक्रिया के खिलाफ होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी।

### सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त, केंद्र सरकार व चुनाव आयोग से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमेट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है।



### लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी मामले' में निचली अदालत के सामने पेश होने से छूट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद को 'जमीन के बदले नौकरी' मामले की कार्यवाही के दौरान निचली अदालत में पेश होने से छूट दे दी है। न्यायालय श्री प्रसाद की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई के मामले को चुनौती दी गई है। इसमें सक्षम प्राधिकारी से अनिवार्य पूर्व मंजूरी के बिना कथित तौर पर नई पूछताछ और जांच शुरू करने के कदम को भी चुनौती दी गई है। इससे पहले 24 मार्च को, दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में सीबीआई की प्राथमिकी को रद्द करने से इन्कार कर दिया था। अदालत ने श्री यादव के उस तर्क को खारिज कर दिया था।

# मुजफ्फरनगर बनेगा नगर निगम

## सीएम योगी ने जनपद को दी 951 करोड़ की सौगात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत में जो सुरक्षा-विकास पाकिस्तान उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता: योगी
- वृहद रोजगार मेले में 951 करोड़ की 423 परियोजना का शिलान्यास किया

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ओर जहां पाकिस्तान पर तंज कसा, वहीं दूसरी ओर मुजफ्फरनगर को नगर निगम बनाने की बड़ी घोषणा कर विकास की नई दिशा तय की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पाकिस्तान आर्थिक बदहाली से जूझ रहा है और वहां के लोग बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में जो सुरक्षा और विकास का माहौल है, उसकी कल्पना भी पाकिस्तान में नहीं की जा सकती। उन्होंने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का स्मरण करते हुए क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं की भूमिका की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र के किसानों, युवाओं और महिलाओं का स्वागत करते हुए उन्हें देश की ताकत बताया। साथ ही किसानों के हितों को राष्ट्रीय एजेंडा में स्थान दिलाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को नमन किया और उनके योगदान को देश के लिए प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर अप्रत्यक्ष निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग प्रदेश की शांति और विकास को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन औद्योगिक अशांति फैलाने वाले ऐसे तत्वों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने मुजफ्फरनगर के विकास के लिए 951 करोड़ रुपये की 423 परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए इन परियोजनाओं में शामिल अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना की भी जानकारी दी उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

### देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण: जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय लोक दल के मुखिया एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का सपना चौधरी चरणसिंह और अटल बिहरी वाजपेयी ने 1983 में देखा था और आने वाले समय में यह गठबंधन और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि पहले यूपी में क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपा नहीं है, लेकिन अब पारदर्शी तरीके से युवाओं को नौकरियां दी जा रही हैं। कहा कि 2014 से पहले देश में स्टार्टअप पर कोई नीति नहीं थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानो की हर समस्या को समझते हैं। चौधरी ने कहा कि देश के इतिहास में 16, 17 और 18 अप्रैल महत्वपूर्ण तिथियां साबित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में महिला आरक्षण विधेयक महिलाओं को अधिकार दिलाने वाला ऐतिहासिक कदम है।

# नोएडा हिंसा के बाद सख्त हुई योगी सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- मजदूर-उद्योग विवाद सुलझाने को बनी हाई लेवल कमेटी

**लखनऊ/नोएडा।** नोएडा में वेतन वृद्धि और न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर फैक्ट्री कर्मियों द्वारा हिंसक प्रदर्शन के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने तुरंत एक बड़ा कदम उठाते हुए मजदूरों और उद्योगों के बीच बढ़ते तनाव को कम करने की दिशा में पहल की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार ने एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। इस कमेटी का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के हितों की सुरक्षा के साथ-साथ औद्योगिक क्षेत्रों में शांति और संतुलन बनाए रखना है।



मुजफ्फरनगर: वृहद्ध रोजगार मेले में उप्र के सीएम योगी चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए। साथ में केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी व अन्य।

### विधायिका में महिलाओं को आरक्षण 21वीं सदी का सबसे बड़ा निर्णय : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2023 में पेश किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम को 21वीं सदी का एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम को सभी दलों ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो महिला सशक्तिकरण के प्रति देश की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह कानून दशकों से महसूस की जा रही महिलाओं के लिए लोकतांत्रिक ढांचों में आरक्षण की आवश्यकता को पूरा करता है। पीएम मोदी ने कहा कि सभी दलों ने इसे सर्वसम्मति से पारित किया और विपक्ष ने खास तौर पर 2029 तक महिला आरक्षण कानून लागू करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं को आरक्षण देने की आवश्यकता दशकों से महसूस की जाती रही है। उन्होंने कहा कि भारत की 'नारी शक्ति' ने देश के विकास में बड़ा योगदान दिया है। नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं यहां किसी को उपदेश देने या जागरूक करने नहीं, बल्कि देश की महिलाओं का आशीर्वाद लेने आया हूं।

# पीएम मोदी आज देंगे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर की सौगात

एस. आलम अंसारी





- प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्तराखंड वासियों में जबरदस्त उत्साह, लगभग 12 किमी का करेंगे रोड शो, हजारों भाजपा कार्यकर्ता और राज्यवासी करेंगे पुष्प वर्षा
- टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी करेंगे लोकार्पण
- डाट काली मंदिर में करेंगे पुजा अर्चना

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को अपने 28 वें दौरे पर उत्तराखंड पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साढ़े चार साल के कार्यकाल में यह उनका 18वां दौरा होगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस दौरान 11970 करोड़ की 210 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर परियोजना (एक्सप्रेस वे) के साथ ही, टिहरी में एक हजार मेगावाट क्षमता वाले देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री अपने दौरे में डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना भी करेंगे। प्रधानमंत्री की पूजा के लिए मंदिर को पूरी तरह सजाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर उत्तराखंड वासियों में भारी उत्साह है। प्रदेश सरकार लोकार्पण समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटी है। प्रधानमंत्री देहरादून के महिंद्रा ग्राउंड में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा के लिए बड़े पैमाने पर तैयारी की गई है और इसमें अपार जन समूह के आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी देश के पहले वेरिएबल स्पीड पंप स्टोरेज संयंत्र का भी लोकार्पण करेंगे। कुल 1000 मेगावाट, उत्पादन क्षमता के इस प्लांट का निर्माण टीएचडीसी ने 2400 मेगावाट क्षमता के टिहरी हाईड्रो पावर काम्पलेक्स -शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम मोदी के हृदय में बसता है उत्तराखंड: सीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल के दौरे को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड से कर्म और मर्म का रिश्ता रहा है। उत्तराखंड उनके हृदय में बसता है। उनके दौरे को लेकर देवभूमि वासियों में भारी उत्साह है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उत्तराखंड में अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। दो लाख करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य के लिए इस अवसर को अत्यंत -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना नाव हादसे में लापता युवक का शव मिला

**मथुरा।** मथुरा के वृंदावन क्षेत्र में 10 अप्रैल को यमुना नदी में हुई नाव दुर्घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। सोमवार को एनडीआरएफ और स्थानीय पुलिस के संयुक्त सर्च ऑपरेशन के दौरान एक और शव बरामद किया गया, जिसकी पहचान पंजाब निवासी यश भल्ला उर्फ युवराज के रूप में हुई है। अधिकारियों के अनुसार यश भल्ला उन 16 लोगों में शामिल थे, जो नाव पलटने के बाद यमुना के तेज बहाव में लापता हो गए थे। उनका शव केशीघाट के निकट देवराह बाबा घाट के पास झाड़ियों में फंसा मिला। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव क्षत-विक्षत अवस्था में था। सोमवार को सर्च अभियान के दौरान अब तक दो शव बरामद किए गए हैं, जिनमें एक महिला मोनिका तथा दूसरा यश भल्ला का शव शामिल है। इन बरामदगियों के साथ हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है।


### कोडीन युक्त कफ सिरप मामले में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध क्रय-विक्रय मामले में सोनभद्र पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कारोबारी विनोद वर्मा और उनका पुत्र संस्कार वर्मा शामिल हैं। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी अतरसुइया थाना क्षेत्र के पजावा चौराहे से की गई। इनके खिलाफ कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार के आरोप में मुकदमा दर्ज था और सोनभद्र पुलिस को लंबे समय से उनकी तलाश थी। रविवार देर रात सोनभद्र पुलिस ने प्रयागराज पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर दोनों को दबोच लिया।

# ममता ने युवकों को बेरोजगार कर दिया: शाह

## बंगाल में चार शादी नहीं करने देंगे, दंगों की जांच कराएगी भाजपा सरकार

बर्धमान, वार्ता



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बर्धमान की रैली में कहा कि बंगाल में बीजेपी की सरकार बनने पर यहां यूसीसी लागू करेंगे और कुछ लोगों को चार शादी नहीं करने देंगे। इसके साथ ही उन्होंने पांडेश्वर के भाजपा के उम्मीदवार जितेंद्र तिवारी का परिचय कराते हुए कहा कि पिछले चुनाव में जितेंद्र तिवारी बहुत कम वोटों से पिछड़ गए थे। इस बार आप इन्हें विजयी बनाकर भेजो, हम तिवारी को बड़ा आदमी बनाएंगे।

शाह ने कहा कि कुछ लोगों को चार शादी की छूट है, किसी को चार शादी की छूट होनी चाहिए क्या? पांच मई को भाजपा सरकार बना दो, हम यूसीसी लगाएंगे और उन लोगों के चार शादी नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी अपने चेले-चपाटों के दम कर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने का सपना देख रही हैं। पांच मई को बीजेपी आएगी और किसी हालत में बंगाल में बाबरी मस्जिद नहीं बनेगी।उन्होंने कहा कि ममता के राज में हिंदुओं पर अत्याचार बिना रोक-टोक चला। राज्य के विभिन्न इलाकों में दंगे हुए, सारे दंगे में हिंदुओं पर अत्याचार किया। 2016 से 2026 तक जितने भी दंगे हुए हैं, उन दंगों की जांच बैठाने का काम भारतीय जनता पार्टी करेगी। अमित शाह ने कहा कि ममता की सरकार को निकालने का मतलब है, घुसपैठ मुक्त सरकार बनाना, बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालना है। उन्होंने सवाल किया कि क्या दीदी या भाइपो (भतीजा) उन्हें निकाल सकते हैं? केवल भाजपा निकाल सकती है। उन्होंने कहा कि ममता दीदी 600 एकड़ जमीन बीएसएफ को नहीं देती है, ताकि बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं हो। बीएसएफ के जवान देश के लिए अपना सिर कटा सकते हैं, घुसपैठियों को प्रश्रय कभी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि ममता दीदी की सरकार खत्म हो गई है और पांच मई को भाजपा की सरकार बनेगी और 45 दिन में 600 एकड़ जमीन बाड़ लगाने दे देंगे। हम पूरे बंगाल और देशभर से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर निकालने का काम करेंगे। घुसपैठिए जो हैं, वो हमारे युवाओं का रोजगार खा रहा है, गरीबों की चावल खा रहा है और देश के अंदर दंगा करा रहा है। दीदी के गुंडे और भाइपो के गुंडे परेशान करते हैं। 23 अप्रैल को मतदान है, सारे गुंडों को कहकर जाता हूं कि घर से बाहर नहीं निकलना, नहीं तो पांच मई को खैर नहीं है। अमित शाह ने कहा कि ममता दीदी ने बंगाल के युवाओं को, जो कभी पूरे भारत का इंडस्ट्रियल हब माना जाता था, बेरोजगार कर दिया है। हमने तय किया है कि जैसे ही बंगाल में बीजेपी की सरकार बनेगी, पीएम मोदी पूरे बंगाल में इंडस्ट्री वापस लाने के लिए 5 बड़े इंडस्ट्रियल एस्टेट बनाएंगे।

# मेरठ से शुरू होगा आर्थिक आंदोलन: सपा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** हाल ही में उच्चतम न्यायालय के आदेश पर मेरठ की सेंट्रल मार्केट में सरकार की तरफ से की गई सीलिंग की कार्रवाई को लेकर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निशाना साधा है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा है कि देश में एक नए आर्थिक स्वतंत्रता आंदोलन की शुरुआत मेरठ से हो सकती है। सोमवार को सोशल मीडिया के जरिए अखिलेश यादव ने ऐतिहासिक 1857 की क्रांति का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस तरह मेरठ ने आज़ादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई थी, उसी तरह अब यह शहर आर्थिक नीतियों के खिलाफ जनआंदोलन का केंद्र बन सकता है। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार की नीतियां किसानों, छोटे व्यापारियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए नुकसानदायक साबित हो रही हैं।



**व्यापार व खेती को कमजोर कर रही सरकार**

उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, कुछ कानूनों और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के जरिए सरकार पारंपरिक व्यापार और खेती को कमजोर करने की दिशा में काम कर रही है। सरकार की इन नीतियों का लाभ बड़े उद्योगपतियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों को मिल रहा है, जबकि छोटे कारोबारी हाशिए पर जा रहे हैं।

### यूपी नहीं संभल रहा, तो गद्दी से उतर जाइए

**लखनऊ।** यूपी के गौतमबुद्धनगर में श्रमिकों के आंदोलन के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सीएम योगी से इस्तीफा मांगा है। सीएम योगी ने अपने बयान में आशंका जताई थी कि नोएडा में जो हुआ है वह किसी की साजिश है। अखिलेश ने लिखा कि अगर मुख्यमंत्री जी नोएडा के मज़दूरों के आंदोलन को किसी की साजिश बता रहे हैं। अखिलेश ने लिखा कि आप मजदूरों के जख्मों पर मरहम नहीं लगा सकते, तो न लगाएं, लेकिन उन जख्मों पर नमक तो न छिड़कें। यूपी के पूर्व सीएम ने लिखा कि अगर आप से प्रदेश नहीं संभल रहा है, तो ससम्मान इस गद्दी से उतरकर जाइए, नहीं तो जनता उतार देगी। भाजपाई खुद तो अंतिम दौर के भ्रष्टाचार में आकंठ लिप्त हैं।

# यूपी के कई जिलों में पारा 40 के करीब

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुष्क मौसम और तेज हवाओं के चलते गर्मी ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार को कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया।

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि प्रदेश में शुष्क मौसम के साथ 25 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सतही हवाएं चल सकती हैं, जिससे गर्मी का असर और तेज महसूस होगा। प्रयागराज प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां तापमान 39-8 ब दर्ज किया गया, जबकि वाराणसी स्थित बीएचयू में पारा 39-3 ब तक पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चार दिनों में अधिकतम तापमान में औसतन 7 से 9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे तापमान सामान्य के करीब पहुंच गया है।

**हवाओं के चलने से गर्मी का असर महसूस होगा**

विभाग के मुताबिक शुष्क मौसम के साथ चल रही पश्चिमी हवाएं दिन में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हैं, जिनकी गति झोंकों में 40 किमी प्रति घंटे तक पहुंच रही है। हालांकि, 14 अप्रैल से इन तेज हवाओं के कमजोर पड़ने के आसार हैं। अगले एक सप्ताह तक प्रदेश में किसी सक्रिय मौसम प्रणाली के न होने के कारण मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके चलते तापमान में धीरे-धीरे 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे कई जिलों में पारा 40 ब के पार जाने की संभावना है। राजधानी लखनऊ में रविवार को अधिकतम तापमान 36-6 ब और न्यूनतम 20 ब दर्ज किया गया।

## महिला आरक्षण को लेकर सोनिया ने सरकार पर साधा निशाना

# ये आरक्षण नहीं, प्रस्तावित परिसीमन है: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



**सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया, पारदर्शिता नहीं बरती जा रही**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक निजी अखबार में लिखे अपने लेख के जरिए केंद्र सरकार पर महिला आरक्षण और परिसीमन के मुद्दे को लेकर हमला बोला है।

श्रीमती गांधी ने सोमवार को यहां स्पष्ट तौर पर कहा कि मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, जिसे उन्होंने बेहद खतरनाक और संविधान पर हमला करार दिया। अपने लेख में उन्होंने चेतावनी दी कि संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिसीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है। सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है। उन्होंने पीएस नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष से समर्थन तो मांगा जा रहा है लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजरअंदाज किया गया है। श्रीमती गांधी ने याद दिलाया कि 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। उ यदि सरकार 2029 से महिला आरक्षण लागू करना चाहती है, तो यह निर्णय पहले क्यों नहीं लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला केवल गणितीय आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक संतुलन को ध्यान में रखकर होना चाहिए, ताकि जनसंख्या नियंत्रण में आगे रहे राज्यों को नुकसान न हो। जनगणना में देरी पर भी सरकार की आलोचना की और कहा कि बिहार और तेलंगाना जैसे राज्यों ने कम समय में सर्वे कर यह साबित कर दिया है कि यह कार्य संभव है।

### महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की साजिश रच रही सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन की साजिश रच रही है। कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में सितम्बर 2023 में लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के समय ही सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं थी। उन्होंने बताया कि इस कानून में शर्त रखी गई थी कि पहले जनगणना और फिर परिसीमन होगा, उसके बाद ही महिला आरक्षण लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने बिना शर्त 2024 में ही महिला आरक्षण लागू करने की मांग की थी, ताकि महिलाएं तुरंत संसद और विधानसभाओं में पहुंच सकें।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 76847.57
निफ्टी 23842.65



सोना 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से शेयर बाजारों में गिरावट

**मुंबई।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली लौट आई और प्रमुख सूचकांक करीब एक प्रतिशत की गिरावट में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 702.68 अंक (0.91 प्रतिशत) गिरकर 76,847.57 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 207.95 अंक यानी 0.86 फीसदी नीचे 23,842.65 अंक पर रहा।

अमेरिका और ईरान के बीच हार्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने इस महत्वपूर्ण व्यापारिक जलमार्ग की घेराबंदी और अपनी शर्तों पर जहाजों को निकलने की अनुमति देने की घोषणा की है। इससे निवेशकों में ईरान युद्ध के स्थाई समाधान को लेकर निराशा बढ़ी है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली का जोर देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.77 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.46 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टरों में बिकवाली हावी रही। ऑटो सेक्टर पर सबसे ज्यादा दबाव देखा गया और उसका सूचकांक दो प्रतिशत से अधिक टूट गया। एफएमसीजी, आईटी और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी एक फीसदी से ज्यादा फिसल गए।



सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी का शेयर साढ़े चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। बजाज फाइनेंस, इंडिगो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच गिरे। आईटीसी, इटरनल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाइटन, हिदुस्तान यूनीलिवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। बजाज फिनसर्व, अडानी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, कोटक महिद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर दो प्रतिशत और एनटीपीसी का डेढ़ फीसदी से अधिक चढ़ा।

## सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल की ईरान से चल रही जंग के बीच सोमवार को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक एक किलो चांदी 2,753 रुपए घटकर 2.37 लाख रुपए आ गई, जो 10 अप्रैल को 2.40 लाख रुपए पर थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 246 रुपए घटकर 1,50,081 रुपए आ गया है। इससे पहले शुक्रवार को यह 1,50,327 लाख पर था। अमेरिका-ईरान जंग के कारण सोना 45 दिन में 9,016 और चांदी 29,519 सस्ती हुई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 26,040 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 103 दिन में चांदी 1.49 लाख रुपए सस्ती हो गई है। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना-चांदी के दाम में आगे भी ये गिरावट जारी रह सकती है। ऐसे में निवेशकों को अभी सोने-चांदी में निवेश से बचना चाहिए।

# भारतीय इकाइयों के पेटेंट आवेदनों की संख्या में उछाल

नई दिल्ली, वार्ता

भारतीय इकाइयों ने पेटेंट अधिकार के लिए 2025-26 में 1,43,729 आवेदन प्रस्तुत किया जो एक साल पहले के मुकाबले 30-2 प्रतिशत अधिक है। पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार इनमें से 69 प्रतिशत आवेदन भारत के पेटेंट कार्यालय में दाखिल किए गए। पिछले साल दाखिल पेटेंट आवेदनों की संख्या 1,10,375 थी।


वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इन आंकड़ों पर अपनी संक्षिप्त टिप्पणी में कहा कि भारत की नवाचार की गाड़ी अब रुकने वाली नहीं! वित्त वर्ष 2025-26 में हमारे पेटेंट फाइलिग की संख्या बढ़कर ऐतिहासिक 1.43 लाख हो गई, जो पिछले साल के मुकाबले 30.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। गोयल ने कहा कि देश के भीतर पेटेंट के लिए फाइल किए गए आदेवनों के मामले में तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के नवप्रवर्तक सबसे आगे हैं और इसके ज़रिए हम दुनिया को यह दिखा रहे हैं कि 'मेड इन इंडिया' की ताकत 'इन्वेस्ट इन इंडिया' यानी भारत में निवेश में छिपी है। हम पेटेंट आवेदन करने वालों की संख्या के हिंसाब से दुनिया के छठे सबसे बड़े पेटेंट आवेदक हैं। यह एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे भारत को दर्शाता है, जो जल्द ही इनोवेशन के क्षेत्र में एक वैश्विक महाशक्ति बनने जा रहा है।

### एनएसई ने अपने कोल एक्सचेंज का नाम आरक्षित किया

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसईआईएल) को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय से 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम के आरक्षण के लिए मंजूरी मिल गई है।एनएसई ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह मंजूरी सिर्फ नाम के आरक्षण तक सीमित है और परिचालन या नियामक लाइसेंस नहीं है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मुजफ्फरनगर बनेगा...**

कि इससे जहां युवाओं को नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा, वहीं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इससे पूर्व उन्होंने नगर पालिका द्वारा तैयार कराई गए देवी अहिल्याबाई स्मारक और चौराहे के सौंदर्यकरण का भी उद्घाटन किया प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को नुमाइश ग्राउंड में आयोजित रोजगार मेले का अवलोकन करने के बाद विभिन्न कंपनियों में चयनित होने वाले युवाओं व बेटियों को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। अपने भाषण की शुरुआत भारत माता और वंदेमातरम के जयकारों के साथ कर उन्होंने उमड़ी भीड़ में खूब जोश भरा शुकतीर्थ की पवित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भूमि पुराणकालीन परंपराओं और महाराजा शुकदेव की तपस्थली रही है, जहां जीवन के गूढ़ रहस्यों का ज्ञान दिया गया। जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विकास, सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत के विजन को रेखांकित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान उन्होंने जनसभा में संबोधन के दौरान रोजगार और कौशल विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को आधुनिक तकनीकों जैसे रोबोटिक्स और ड्रोन के साथ पारंपरिक कौशल से भी जोड़ रही है। रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और यही देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। सुरक्षा और मौजूदा कानून-व्यवस्था पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रदेश में सुरक्षा का माहौल स्थापित किया है, जिससे महिलाएं, व्यापारी और आम नागरिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश वैश्विक चुनौतियों के बीच भी मजबूती से खड़ा है। औद्योगिक विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां यहां के उद्योगों में ताले लगते थे, वहीं अब नए निवेश आ रहे हैं। सरकार श्रमिकों और उद्यमियों के बीच संतुलन बनाते हुए बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित कर रही है। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मानदेय की गारंटी भी लागू की गई है। उन्होंने कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने श्रमिकों को सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाने के साथ उन्हें सुविधाएं मुहैया कराने का काम भी भाजपा सरकार में हुआ है। साथ ही आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, शिक्षामित्र और शिक्षकों और अन्य कर्मियों के लिए पांच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी भाजपा सरकार में दिलाने का काम किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय कौशल विकास राज्यमंत्री एवं रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी, यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, कार्यक्रम संयोजक कौशल विकास राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, प्रभारी मंत्री डॉ. सोमेन्द्र तोमर, सांसद चंदन चौहान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, लोकदल क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक, एमएलसी वन्दना वर्मा, राष्ट्रीय लोकदल विधानसभा में नेता राजपाल बालियान, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक मदन भैया, विधायक अशरफ अली, जिला प्रभारी सूर्यप्रकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, पूर्व विधायक उमेश मलिक, प्रमोद उटवाल, विक्रम सैनी, अशोक कंसल, सुशीला अग्रवाल, चेयरमैन सहकारी बैंक रामनाथ सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, भाजपा नेता गौरव स्वरूप, प्रदेश महासचिव उमादत्त शर्मा, रामनिवास पाल, जियाउर्रहमान, भाजपा रालोद और एनडीए के सभी सहयोगी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**पीएम मोदी...** के क्रम में किया है, जो टिहरी हाईड्रो प्रोजेक्ट के ऊपरी और निचले जलाशयों के बीच अतिरिक्त विद्युत उत्पादन करेगा। यह संयंत्र, भारत की ऊर्जा यात्रा में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा, टिहरी सांसद श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह की उपस्थिति रहेगी।

**पीएम मोदी के...** महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताया है। मुख्यमंत्री धामी जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कनेक्टिविटी के क्षेत्र में क्रांति आई है। चारधाम आलवेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश- कर्णप्रयाग रेल परियोजना, केदारनाथ एवं हेमकुंट साहिब रोपवे परियोजना, देहरादून-दिल्ली एलिवेटेड रोड जैसी बड़ी परियोजनाओं को उन्होंने स्वीकृति दी है। आज पीएमजीएसवाई के तहत दूरदराज ग्रामीण इलाकों में सड़कों के निर्माण के साथ ही हवाई और रेल सेवाओं का विस्तार हुआ है। रोप-वे परियोजनाओं पर तेजी से काम आगे बढ़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के उत्तराखंड दौरे को लेकर हमेशा ही लोगों में उत्साह और उत्सव का माहौल रहता है। हर बार अपने दौरे में प्रधानमंत्री उत्तराखंड को बड़ी सौगात देकर जाते हैं।

# यूपी कैबिनेट विस्तार की सुगबुगाहट तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**विधानसभा चुनाव 2027 से पहले नए चेहरों की एंट्री और संगठन में बदलाव की तैयारी**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने संगठन और सरकार-दोनों स्तर पर बड़ा रणनीतिक बदलाव करने की तैयारी शुरू कर दी है। जल्द होने वाले संभावित कैबिनेट विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है।

सूत्रों के मुताबिक इस विस्तार में नए चेहरों को मौका देने के साथ कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में भेजा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक संभावित विस्तार में जिन नेताओं के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं, उनमें भूपेंद्र सिंह चौधरी, मनोज पांडेय, पूजा पाल, अजीतपाल त्यागी और आकाश सक्सेना शामिल हैं। इसके अलावा अशोक कटारिया और अश्वनी त्यागी का नाम भी दावेदारों की सूची में मजबूत माना जा रहा है। पार्टी इन नामों के जरिए जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण बनाने की कोशिश में है। कैबिनेट विस्तार के साथ ही कुछ मौजूदा मंत्रियों को संगठन में जिम्मेदारी देने की भी चर्चा है। इनमें नरेंद्र कश्यप, दिनेश खिटक और सोमेंद्र तोमर के नाम प्रमुख हैं। पार्टी का मानना है कि इन नेताओं का संगठन में अनुभव चुनावी तैयारी को और मजबूत कर सकता है। सूत्रों के अनुसार भाजपा इस बार उत्तराखंड में अपनाए गए फॉर्मूले को उत्तर प्रदेश में भी लागू कर सकती है। इसके तहत बिना किसी मंत्री को हटाए भी नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। इससे असंतोष को कम रखते हुए संतुलन साधने की रणनीति अपनाई जा सकती है। भाजपा सूत्रों की मानें तो आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने पांच प्रमुख बिदुओं पर फोकस तय किया है जिसमे जातीय और क्षेत्रीय समीकरण साधना, सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय, डा. भीमराव आंबेडकर के जरिए दलित वोट बैंक पर फोकस, महिलाओं के लिए नई योजनाएं और प्रतिनिधित्व बढ़ाना और पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) नैरेटिव का काउंटर, राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और कानून-व्यवस्था पर जोर शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त कार्यशैली भी इस रणनीति का अहम हिस्सा मानी जा रही है।सरकार की ओर से भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस, माफिया पर बुलडोजर कार्रवाई और प्रशासनिक सख्ती को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। साथ ही जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की शिकायतों पर त्वरित सुनवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यह कैबिनेट विस्तार केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि पूरी तरह चुनावी रणनीति का हिस्सा है। जातीय, क्षेत्रीय और संगठनात्मक संतुलन बनाते हुए भाजपा 2027 के चुनाव में मजबूत बढ़त बनाने की तैयारी में है।

उत्तराखण्ड शासन


उत्तराखण्ड 25
गौरव, विकास और संकल्प का पर्व

देवभूमि उत्तराखण्ड

# आगमन पर प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी जी

## का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन



"21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री




"माननीय प्रधानमंत्री जी का उत्तराखंड से विशेष लगाव है। उनके मार्गदर्शन में राज्य में आधारभूत संरचना, कनेक्टिविटी, पर्यटन और रोजगार के क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हुई हैं। 'विकसित भारत @2047' के विजन को साकार करने में उत्तराखंड अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संकल्पबद्ध है।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## रूपये 11970 करोड़ की 210 किमी. लम्बी

# दिल्ली- देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर

## परियोजना का लोकार्पण प्रधानमंत्री

# श्री नरेन्द्र मोदी जी

## के कर कमलों द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**ले ज गुरमीत सिंह**
पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (से नि) राज्यपाल, उत्तराखण्ड

**नितिन गडकरी**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

**अजय टम्टा**
केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री

**श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह**
सांसद

**आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।**

### कार्यक्रम

दिनांक : 14 अप्रैल 2026

समय : प्रातः 10:00 बजे

स्थान:
जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड, गढ़ी कैंट देहरादून, उत्तराखण्ड

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी | www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# मांगों की अनदेखी कर रही सरकार

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने धरना-प्रदर्शन कर निकाला जुलूस, विधायक का मिला समर्थन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** मानदेय में वृद्धि समेत तमाम मांगों के निराकरण को लेकर आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन मुखर हो गया है। सोमवार को संगठन से जुड़ी कार्यकत्रियों ने नगर में सरकार के खिलाफ विरोध जुलूस निकाल जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेज जल्द मांगों का निराकरण की मांग उठाई। सोमवार को आंगनबाड़ी कर्मचारी संगठन के बैनर तले विभिन्न ब्लॉकों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगों के निराकरण को लेकर नगर के मालरोड होते हुए पूरे बाजार में विरोध जुलूस निकाला। गांधी पार्क में हुई सभा के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लंबे समय से समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रही है, लेकिन शासन प्रशासन लगातार उनकी मांगों को अनदेखा कर रहा है। कहा कि कार्यकत्री अपने परिवार को छोड़कर दिन-रात सरकार



की सेवा कर रही हैं। जो काम उन्हें सौंपा जाता है, उसे पूरी ईमानदारी से पूरा किया जाता है। इसके बाद भी उनके साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने 18 हजार मानदेय देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सेवा. निवृत्त होने पर 10 लाख की धनराशि दिए जाने, सेवानिवृत्ति की आयु 60 की जगह 62 साल किये जाने समेत तमाम मांगों को रखा। चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगों का निराकरण नहीं किया गया तो समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मानदेय में राज्य सरकार की ओर से 140 रुपए और केंद्र सरकार से 150 रुपए प्रतिदिन का प्रस्ताव पारित करने, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बिना किसी अर्हता पूरी किए बिना सेवा. निवृत्त होने पर दस लाख देने, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से नहीं जोड़ने समेत आदि मांगों को रखा। विरोध जुलूस के दौरान आंगनबाड़ी संगठन जिलाध्यक्ष रजनी बगड़वाल, गीता बिष्ट, दीप्ति मनराल, जानकी बिष्ट, गीता रावत, सीमा मेहरा, किरन कांडपाल, कमला भट्ट, गीता आर्या, अनीता आर्या, हेमा तिवारी, माया जोशी, लीला पांडे, कविता जोशी, बबीता बोरा, प्रेमा पेटशाली, मोहनी पांडे, लक्ष्मी पांडे, खष्टी रौतेला, सरस्वती रौतेला, सरस्वती बिष्ट, रोशनी समेत विभिन्न ब्लॉकों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही। वहीं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की मांगों को क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी ने भी अपना समर्थन दिया। उन्होंने धरना स्थल पर पहुंच आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संबो. धित करते हुए कहा कि उनकी मांगों को सदन में जोर सोर से उठाया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, राधा बिष्ट, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, शोभा जोशी आदि ने भी अपना समर्थन दिया।

## लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के लिए कार्यों में तेजी लाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का जायजा लेने पहुंचीं विश्व बैंक की कृषि विशेषज्ञ गायत्री आचार्य ने परियोजना के कार्यों को सराहनीय बताते हुए उन्हें और तेज गति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति के लिए कार्यों में तेजी लाना जरूरी है। जलागम प्रबंधन अल्मोड़ा प्रभाग के अंतर्गत चयनित गांवों के भ्रमण के दौरान कृषि विशेषज्ञ ने विकास खंड ताड़ीखेत के ग्राम टाना का दौरा किया। ग्रामीण महिलाओं ने उनका तिलक लगाकर एवं फूल-मालाओं से स्वागत किया। समीक्षा बैठक में उपनिदेशक भरत सिंह ने परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीणों को एलडीपीई टैंक, पॉलीहाउस और उन्नत कृषि बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। साथ ही जल संरक्षण के लिए चाल-खाल, खंतियां और चेकडैम का निर्माण ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया जा रहा है। कृषि विशेषज्ञ गायत्री आचार्य ने परियोजना से होने वाले लाभों पर ग्रामीणों के साथ विस्तृत चर्चा की और खेतों में जाकर कृषि प्रदर्शन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्यों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान भ्रमण टीम में भरत सिंह, धीरज सिंह, शशि वर्धन अधिकारी, गोपाल बिष्ट, ग्राम प्रधान जानकी देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## एक नजर

### अल्मोड़ा मालरोड में जाम से यात्री परेशान

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र में जाम की समस्या आम हो गई है। सोमवार दिन में अल्मोड़ा मालरोड के चौघानपाटा के पास लंबा जाम लग गया। जिसमे पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों की भारी परेशानी झेलनी पड़ी। करीब डेढ़ घंटे तक वाहन सड़क पर रेंगते रहे। बाद में बमुश्किल जाम खुलवाया गया। जाम खुलने से पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल, इन दिनों नगर के मालरोड में वाहनों का एकाएक दबाव बढ़ने लगा हैं। सोमवार को यूथ कांग्रेस और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के जुलूस के बीच मालरोड में एकाएक जाम लग गया। वहीं, रही बची कसर सड़क किनारे आढ़े तिरछे खड़े वाहनों ने पूरी कर दी। जिससे सड़क में भीषण जाम लग गया। जाम खुलवाने में पुलिस के भी पसीने छूट गए। जाम के चलते पर्यटकों और स्थानीय लोगों को कफी परेशारियों का सामना करना पड़ा। दिन में लगे जाम के झाम में देखते ही देखते एक के बाद एक वाहनों के पहिए थमने लगे। बाद में पुलिस ने बमुश्किल जाम खुलवाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### सीएम घोषणाओं के कार्यों की समीक्षा बैठक

**अल्मोड़ा।** जिले में मुख्यमंत्री घोषणाओं के संबंध में सोमवार को डीएम अंशुल सिंह ने समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को कार्यों में तेजी व गुणवत्ता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं और इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही और अनावश्यक विलंब कतई स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से पूर्ण किया जाए तथा प्रगति पर चल रहे कार्यों में तेजी लाई जाए। सभी परियोजनाओं की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। प्रत्येक विभाग अपनी योजनाओं एवं परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति समय-समय पर निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें, ताकि उच्च स्तर पर पारदर्शी एवं सटीक जानकारी उपलब्ध हो सके। बैठक में सीडीओ रामजी शरण शर्मा, जिला अर्थ एवं संख्याधिक. ारी रेणु भंडारी समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### खेत में लगी आग से लाखों रुपये की फसल राख

**काशीपुर।** तेज हवाओं के चलते आग लग जाने से गेहूं की पकी फसल जलकर खाक हो गई। इससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार कोतवाली आईटीआई अंतर्गत ग्राम कुआंखेड़ा में तेज हवाओं के चलते सरजीत सिंह के गेहूं के खेत में आग लग जाने से करीब चालीस एकड़ में पकी खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

### रा. मानवाधिकार आयोग के कार्रवाई के आदेश

**काशीपुर।** बहुचर्चित आई लव मौहम्मद मार्च प्रकरण के बाद काशीपुर के अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र में 20 हजार लोगों के अवैध उत्पीड़न एवं मानवाधिकार हनन तथा मूल अधिकार हनन की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कार्यवाही के आदेश दिये हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने शिकायत की प्रति उधमसिंह नगर जिले के डीएम व एसएसपी को भेजकर इस पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा कार्यवाही की रिपोर्ट 4 सप्ताह के भीतर आयोग को प्रस्तुत करने के आदेश दिये हैं। समा. जसेवी नदीम उद्दीन एडवोकेट ने अल्लीखां, थानासाबिक क्षेत्र के मानवा. धिकार हनन, अवैध उत्पीड़न व मूल अधिकार हनन की राष्ट्रीय मानवा. धिकार आयोग को ऑनलाइन शिकायत दर्ज करायी थी। इस पर कार्यवाही के सम्बन्ध में श्री नदीम को मैसेज व ई.मेल द्वारा सूचित किया गया है तथा डीएम व एसएसपी को भेजे मेल की प्रति उपलब्ध करायी गयी है।

### 454 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बागेश्वर।** पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बागेश्वर पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। सोमवार को एसओजी टीम ने चे. कंग अभियान के दौरान खाईबगड़ पुल तिराहे के पास एक अभियुक्त को 454 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान महिपाल सिंह पुत्र नन्दन सिंह, निवासी तोली थाना कपकोट, जनपद बागेश्वर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बरामद चरस की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ थाना कपकोट में मु. संख्या 22/2026 के तहत धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में एसओजी टीम के उपनिरीक्षक जीवन सिंह सामन्त, कांस्टेबल संतोष सिंह, रमेश सिंह, भुवन बोरा और राजेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### शामा में भूख हड़ताल 16 दिन बाद स्थगित

**बागेश्वर।** शामा में दस सूत्रीय मांगों को लेकर चल रही भूख हड़ताल को आंदोलनकारियों ने 16 दिनों के लिए स्थगित कर दिया है। यह निर्णय एसडीएम अनिल चिन्याल से मिले आश्वासन के बाद लिया गया। रविवार देर शाम एसडीएम शामा पहुंचे और आंदोलित लोगों से वार्ता की। सभी संबंधित विभागों की मौजूदगी में लिखित सहमति बनने के बाद आंदोलन को अस्थायी रूप से स्थगित किया गया।

## 40 कवयित्रियों को 'नारी रत्न सम्मान'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अरुणोदय धर्मशाला नवाबी रोड हल्द्वानी में विश्व हिंदी रचनाकार मंच द्वारा एक विशेष कार्यक्रम नारी रत्न सम्मान समारोह 2026 आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से आयीं 40 कवयित्रियों को 'नारी रत्न सम्मान' से विभूषित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि विश्व हिन्दी रचनाकार मंच के संस्थापक अध्यक्ष राघवेन्द्र ठाकुर, मंच की उत्तराखंड इकाई की अध्यक्ष डा. पुष्पलता जोशी पुष्पांजलि, हल्द्वानी इकाई की अध्यक्ष डा. बीना मथेला, प्रयागराज से पहुंचीं कवयित्री डा. पूर्णिमा पाण्डे, देहरादून से आईं कवयित्री डा. करुणा आर्थेय, मीडिया प्रभारी डा. आशा शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा मंच द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'भारत के महिला काव्य रत्न' का विमोचन किया। काव्य संध्या में सभी कवयित्रियों ने अपनी रचनाएं सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. आरती पुण्डीर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बाल कवयित्री दीक्षिता पन्त, डा. आशा शुक्ला, डा. पुष्पलता जोशी, डा. बीना मथेला, अरुणोदय संस्था के महामंत्री बिपिन चन्द्र पाण्डे का विशेष सहयोग रहा।



## विशाल कनवाल यूथ कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मनोनीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा यूथ कांग्रेस से विशाल कनवाल को विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। सोमवार को चौघानपाटा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मिष्ठान वितरण कर जमकर आतिशबाजी की। वहीं, खत्याड़ी में भी नव निर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने नगर के करबला से मालरोड होते हुए चौघानपाटा तक स्वागत रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इधर, पार्टी ने उन्हें यूथ कांग्रेस विस अध्यक्ष अध्यक्ष निर्वाचित करने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। यहां स्वागत कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, विधायक मनोज तिवारी, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुं. जवाल, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, प्रधान कमला कनवाल, हर्ष कनवाल, गंगा देवी, देव सिंह कनवाल, छात्रसंघ कोषाध्यक्ष विनय कनवाल, भूपेंद्र सिंह, नीमा बिष्ट, विक्रम बिष्ट, रोहन लटवाल, तारा चंद्र जोशी, निर्मल रावत, सूरज वाणी, गोपाल मोहन भट्ट, आनंद सिंह, उमेद सिंह, मनोज कनवाल, किरन, जानकी देवी, गोविंद सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## जिला मुख्यालय में अवैध खनन और हुड़दंग का आतंक

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय के चौरासी क्षेत्र में नेपाली मजदूरों की गतिविधियों से स्थानीय लोग खासे परेशान हैं। आरोप है कि दिन के समय सरयू नदी से अवैध रूप से रेता-बजरी का खनन और तस्करी की जा रही है, जबकि रात में शराब के नशे में हुड़दंग मचाकर क्षेत्र की शांति भंग की जा रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस स्थिति का सबसे अधिक असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। लगातार शोर-शराबे और अव्यवस्था के कारण छात्र पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा, एक ही कमरे में पांच से अधिक मजदूरों के रहने से गंदगी की समस्या भी बढ़ रही है। वे शौच करने के लिए नदी में जा रहे है। जिससे सरयू नदी में गंदगी फैल रही हैं।

## ई-रिक्शाओं के कारण लगने वाले जाम से लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर में ई-रिक्शा चालकों की मनमानी आम जनता के साथ ही पुलिस प्रशासन के लिए भी सिरदर्द बनती जा रही है। रूट व रेट तय न होने के कारण काशीपुर क्षेत्र में भारी संख्या में ई-रिक्शा मनमाने रास्तों पर दौड़ाकर ई-रिक्शा चालक सवारियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। इनकी मनमानी से शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सबसे बुरा हाल मुख्य बाजार और रतन रोड का है।

मुख्य बाजार में ई-रिक्शाओं की रेलमपेल से बद्री भवन मोड़ से पुरानी सब्जी मंडी तक हर दूसरे पल जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे ही स्थिति रतन रोड पर सुदामालाल स्कूल से सिंघान होली चौक तक लगभग रोजाना नजर आती है। इधर, ई-रिक्शाओं में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने के साथ-साथ भारी सामान ढोने का सिलसिला भी बेखौफ जारी है, जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। नियमों के अनुसार ई-रिक्शा में अधिकतम चार सवारियां बैठाने की अनुमति है, लेकिन हकीकत में कई ई-रिक्शा चालक इससे अधिक सवारियां बैठाते हैं। स्थिति यह है कि शहर की सड़कों पर खुलेआम नियमों की अनदेखी हो रही है। सवारियों से मनमाना किराया वसूल किया जा रहा है, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही।

## निशुल्क चिकित्सा शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** चैती मेला परिसर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय निशुल्क रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर के समापन अवसर पर आयोजित विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि दर्जा राज्य दर्जा मंत्री सीमा चौहान ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सोसाइटी सचिव अरुण पंत ने 21 दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर की आख्या प्रस्तुत की। काव्य सम्मेलन से पूर्व रेडक्रॉस सोसाइटी पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि सीमा चौहान समेत कवियों, शिविर में अनवरत रूप से चिकित्सा उपचार में लगे चिकित्सकों तथा सहयोगियों को पुष्प मालाओं, शाल और स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं प्रधान पंडा वंश गोपाल अग्निहोत्री व पंडा मनोज अग्निहोत्री परिवार की ओर से भी मुख्य अतिथि, कवियों तथा रेडक्रॉस पदाधिकारियों को मां बाल सुन्दरी देवी का चित्र भेंटकर सम्मानित किया। समाज सेवी अमित कुमार शर्मा अपने पिता की, स्मृति में कवियों तथा चिकित्सकों को स्मृति चिह्न और पटका पहनाकर सम्मानित किया। अंत में सोसाइटी चेयरमैन गुरनाम सिंह गामा ने अतिथियों तथा अनवरत रूप से चिकित्सा सेवा में लगे चिकित्सकों सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान संरक्षक जेपी अग्रवाल, बृजेश कुमार गुप्ता, कौशलेश गुप्ता, अरबिंद सक्सेना बंटी, सरोज ठाकुर, विमल गुड़िया, डॉ. योगेश चौहान, विकल्प गुड़िया, सुधा शर्मा समेत नारायण नगर पीएचसी चिकित्सक स्वास्थ्यकर्मी समेत श्रोता गण मौजूद रहे।



**सार्वजनिक सूचना**

पी.एफ. नंबर UP/13893-A/7383 में मेरा नाम त्रुटिवश 'साधु राम पुत्र स्व. रामेश्वर' दर्ज हो गया था, जो गलत है। एफिडेविट के अनुसार मेरा सही नाम छबीला भगत पुत्र स्वर्गीय रामेश्वर (जन्मतिथि 07/01/1961) है। मुझे आगे से इसी नाम से जाना जाए। छबीला भगत लालकुआं नैनीताल

**NAME CHANGE**

I, **INDERPAL SINGH DHILLON** have changed my name from **INDERPAL SINGH** to **INDERPAL SINGH DHILLON** hence forth I shall be known as INDERPAL SINGH DHILLON S/o KULDEEP SINGH R/o Chaiti Farm, Behind Fire, Tanda Ujjain, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

## निराधार साबित हुई अधिक मात्रा में सागौन की लकड़ी ले जाने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** अधिक मात्रा में सागौन की लकड़ी ले जाने की शिकायत से वन विभाग में हड़कंप मच गया। मामला रामनगर वन प्रभाग के कालाढूंगी रेंज के अंतर्गत बोर बीट क्षेत्र का है, जहां वार्ड नंबर-1 के एक किसान के घर से सागौन की लकड़ी निकासी को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत के बाद एसडीओ कामनी आर्या सोमवार को मौके पर पहुंचीं और ट्रैक्टर-ट्राली में लदी सागौन की लकड़ी (गिल्टों) की गिनती कराई। जांच के दौरान पाया गया कि किसान ने 10 पेड़ों के कटान की विधिवत अनुमति ली थी। 10 अप्रैल को जारी निकासी परमिट के अनुसार कुल 89 नग लकड़ी, लगभग 12 घन मीटर सागौन की अनुमति दी गई थी। मौके पर की गई गिनती में सभी नग परमिट के अनुरूप ही पाए गए, जिससे शिकायत निराधार साबित हुई। इस दौरान एसडीओ कामनी आर्या ने वन विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में लकड़ी की भराई के समय विभागीय कर्मचारी मौके पर मौजूद रहें और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाए, ताकि इस तरह की शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। जांच के समय वन विभाग के कई कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## 14 अधिवक्ताओं ने किया नामांकन

**बागेश्वर।** बार एसोसिएशन बागेश्वर के आगामी चुनाव को लेकर आज नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान कुल 14 अधिवक्ताओं ने विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। अध्यक्ष पद के लिए इस बार सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा, जिसमें गोविंद सिंह भंडारी और राजेश कुमार सिंह रौतेला ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किए हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए भी दो प्रत्याशी मैदान में हैं। इस पद पर चंदन सिंह ऐठानी और नरेंद्र कोरंगा ने नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। इसके अलावा अन्य पदों पर एक-एक प्रत्याशी द्वारा नामांकन किया गया, जिससे उन पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की संभावना जताई जा रही है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब अधिवक्ताओं के बीच चुनावी माहौल गरमाने लगा है।

## चुनाव लड़ेगी भीम आर्मी: कपिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल के प्रथम बार हल्द्वानी आगमन पर भीम आर्मी, आज़ाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से ज़ोरदार स्वागत किया। मुंशी हरिप्रसाद टम्टा पार्क में स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अमरीश कपिल ने कहा कि भीम आर्मी भारत एकता मिशन का संगठन 27 राज्यों मे मज़बूती और जिम्मेदारी से कार्य कर रहा है। भीम आर्मी के कार्यकर्ता संवैधानिक तरीके से शोषित वंचित समाज को इंसाफ दिलाने का कार्य कर रहे हैं।

नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद, विनय रतन सिंह तथा सतीश कुमार ने 21 जुलाई 2015 को सहारनपुर में भीम आर्मी संगठन की स्थापना की थी। संगठन का उद्देश्य दलितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा करना और शिक्षा का प्रसार करना है। भीम आर्मी और आज़ाद समाज पार्टी मिलकर मिशन 2027 के चुनावों में जहाँ जहाँ संगठन मज़बूत है वहां दमदार तरीके से उत्तराखंड मे भी चुनाव लड़ेगी। कार्यक्रम में नफीस अहमद खान, सिराज अहमद, सुल. ्मान मलिक, दीपक चनियाल, सखावत हुसैन, अनवर अंसारी, बीएल आर्य, जीतराम, रितिक कांत, महेश चंद्र आर्य, सुंदरलाल बौद्ध, जीआर आर्य, संजय टम्टा, आकाश भारती, आफताब आलम, बालकिशन राम, इरशाद हुसैन, मोहन लाल आर्य, पीआर टम्टा, पंकज अम्बेडकर, विकास चौहान आदि थे।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला सशक्तिकरण ऐतिहासिक कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा महिला मोर्चा ने सोमवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिला सशक्तिकरण को एतिहा. सिक कदम बताया। कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में 33 फीसदी आरक्षण हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया गया है। जिससे महिलाओं को नीति निर्धारण और नेतृत्व में सशक्त भागीदारी सुनिश्चित होगी। कहा कि भाजपा सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ कार्य करते हुए महिलाओं को समाज के हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज महिलाएं केवल योजनाओं की लाभार्थी नहीं, बल्कि देश के विकास की अग्रणी भागीदार बन चुकी हैं। यहां प्रेस वार्ता में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल, जिला महामंत्री कविता साह, नगर अध्यक्ष कमला तिवारी, नगर महामंत्री ममता साह आदि मौजूद रहे।




## किसानों को दी जानकारी

**बागेश्वर।** ग्रामीण महिलाओं के लिए कृषि उत्पादों के मार्केट लिंकज को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। भोर फाउंडेशन द्वारा, उत्तराखंड काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान खेती उत्पादों के मूल्य वर्धन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। मास्टर ट्रेनर सोनू नेगी ने बताया कि स्थानीय कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण एवं आकर्षक पैकेजिंग कर उन्हें अधिक मूल्यवान बनाया जा सकता है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि फल, सब्जियों एवं अनाज से जैम, अचार, जूस तथा अन्य उत्पाद तैयार कर आय में वृद्धि के साथ स्वरोजगार के अवसर भी सृजित किए जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान उत्पादों की ब्रांडिंग, बाजार तक पहुंच (मार्केट लिंकज) तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त करने जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## पौसारी में नहीं सुधरे हालात ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** कपकोट विकासखंड के ग्राम पौसारी से एक शिष्टमंडल गांव में आई आपदा के दौरान हुए नुकसान और वर्तमान समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। ग्रामीणों ने यहां सांकेतिक प्रदर्शन कर समस्याओं के समाधान की मांग की और डीएम आकांक्षा कोड़े को 8 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरीश राम के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे, ग्रामीणों ने बताया कि 28 अगस्त 2025 को गांव में बादल फटने की घटना हुई थी, जिसमें कई लोगों की जान गई और कई परिवार बेघर हो गए। उन्होंने कहा कि इतने समय बाद भी गांव आपदा की मार झेल रहा है और अब तक मूलभूत सुविधाएं बहाल नहीं हो पाई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पेयजल, सड़क, पैदल मार्ग, नालियां और सिंचाई नहर जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश या आंधी में भी ग्रामीणों के मन में डर बना रहता है। ग्रामीणों ने मांग की कि उनकी समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई कर राहत दी जाए। इस दौरान हरीश राम, गंगा राम, खड़क सिंह, मनोज राम, लाल सिंह, साधो सिंह, दर्शन सिंह, सचिन सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।



## पशु सखियों को मिले मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक में पशु सखियों को सरकार द्वारा मोबाइल फोन वितरित न किए जाने और आरईएपी कर्मचारियों पर अनियमितताओं के आरोप को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग पांडे ने भीमताल के मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे से मुलाकात कर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि आरईएपी कर्मचारी समूह की महिलाओं को गुमराह कर रहे हैं और सरकारी वाहनों का दुरुपयोग भी किया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ ने तत्काल खंड विकास अधिकारी डा॰श्वेता सैनी को फोन कर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सरकारी वाहनों को ब्लॉक कार्यालय में रखने और पशु सखियों को तुरंत मोबाइल उपलब्ध कराने को कहा। निर्देशों के बाद बीडीओ ने आरईएपी कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए सभी पशु सखियों को शीघ्र मोबाइल वितरण सुनिश्चित करने को कहा। इसके तहत जानकी खनायत, माया गोस्वामी, मीना बिष्ट और पार्वती गोस्वामी को उनके घर जाकर मोबाइल फोन उपलब्ध कराए गए। अनुराग पांडे ने यह भी आरोप लगाया कि आरईएपी कर्मचारी समूह बैठकों में गड़बड़ी कर रहे हैं और सीएलएफ कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते। इस पर सीडीओ ने मामले का संज्ञान लेते हुए एपीडी चंद्रा फर्त्याल को जांच अधिकारी नियुक्त कर जांच के आदेश दिए।



# सीएम के निर्देश पर डीएम का एक्शन

## जलभराव के स्थायी समाधान के लिए तीन दिन में बनेगी डीपीआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानसून से पूर्व जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गंभरता दिखाई है। उन्होने अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। साथ ही 3 दिन में डीपीआर तैयार करने को कहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विगत शनिवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में जनपद की समीक्षा बैठक के दौरान आगामी मानसून से पूर्व मैदानी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने सोमवार को कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि



मानसून से पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं।उन्होंने कहा जलभराव की निकासी के लिए सभी संवेदनशील क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल योजना तैयार कर शासन को भेजी जाए, ताकि स्थायी समाधान होने से आमजन को वर्षाकाल में जलभराव की परेशानी से निजात मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि हल्द्वानी नगर में 6 नालों के कारण वर्षाकाल में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है। इन नालों के साथ ही सभी छोटे-बड़े नालों की निकासी हेतु ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। नगर निगम के अंतर्गत आने वाले पुराने व नए वार्डों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने सिटी मजिस्ट्रेट, अधिशासी अभियंता सिंचाई तथा परियोजना प्रबंधक यूयूएसडीए को निर्देश दिए गए कि वे तीन दिन के भीतर हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े नए वार्डों तथा रामनगर क्षेत्र के सभी जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जलभराव की रोकथाम हेतु डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत करें। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागीय प्रगति की भी समीक्षा की। अधीक्षण अभियंता सिंचाई महेश खरे ने अवगत कराया कि रकसिया नाला बिरला स्कूल से आगे ओवरफ्लो हो जाता है, जिसके समाधान हेतु कार्य प्रगति पर है व डीपीआर तैयार की जा रही है। चौफुला चौराहे से पनियाली तक नहर कवरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है कलसिया नाले की सफाई व व्यवस्था मानसून से पूर्व कराने के निर्देश दिए गए ताकि गौला नदी में प्रवाह सुचारू रहे। काठगोदाम स्थित देवखड़ी नाले पर चल रहे कार्यों को मानसून से पूर्व पूर्ण करने को कहा गया। इसके साथ ही नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सभी छोटे नाले एवं गूलों की जल निकासी के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता सिंचाई, रामनगर खण्ड को निर्देश दिए गए कि रामनगर के चोरपानी, गौजानी, पदमपुरी, भरतपुरी, लखनपुरी व मालधनचौड़' क्षेत्रों में जलभराव के स्थायी समाधान हेतु स्थलीय निरीक्षण कर डीपीआर उपलब्ध कराएं। बताया गया कि चोरपानी व गौजानी क्षेत्र की समस्या का स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर समाधान कर लिया गया है। मालधनचौड़ में विभिन्न चरणों में होने वाले कार्यों से 7 गांवों को जलभराव से राहत मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में पानी निकासी की समस्या दूर हो और किसानों को किसी भी प्रकार का नुकसान न हो, इसके लिए मानसून से पूर्व सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। स्वीकृत कार्यों को समयबद्ध पूरा किया जाए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त परितोष वर्मा, अधीक्षण अभियंता सिंचाई महेश खरे, प्रोजेक्ट मैनेजर यूयूएसडीए कुलदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कालाढूंगी में कार दुर्घटना, पांच लोग घायल हुए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** नैनीताल से वापस लौट रहे पर्यटकों की कार के ब्रेक फेल हो जाने के कारण चालक ने सूझबूझ से पहाड़ी से टकरा कर एक बड़े हादसे को टाल दिया। सोमवार को मुरादाबाद आदर्श कालोनी निवासी शुभम सिंह (26 वर्ष), मानो देवी (70 वर्ष), प्रभा देवी (65 वर्ष), चंद्रा देवी (75 वर्ष), राजू चक्रवाती (62 वर्ष), उनकी पत्नी चंद्रा देवी (60 वर्ष) और चालक राकेश शर्मा (55 वर्ष) नैनीताल घूमने के लिए आर्टिका कार संख्या यूपी 21 सीएम 8306 से जा रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब ये पर्यटक कालाढूंगी के पास प्रिया बैंड के नीचे पहुंचे, तभी कार के ब्रेक फेल हो गए। चालक राकेश शर्मा ने तत्काल स्थिति को संभालते हुए कार को पहाड़ी से टकरा दिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इस दुर्घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। घटना में चालक की सूझबूझ और त्वरित प्रतिक्रिया ने कई जानें बचाई।

# कमरे में फांसी लगाकर छात्रा ने दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। आनन-फानन में परिजनों द्वारा अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया, साथ ही पुलिस ने मृतका छात्रा का मोबाइल भी कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हीरागढ़ दलीप सिंह चांदमारी काठगोदाम निवासी 24 वर्षीय दिया आर्य यहां अपनी मां व तीन बहनों के साथ रहती थी और एमबीजी कॉलेज में ग्रेजुएशन फाइनल ईयर की छात्रा थी। जबकि दिया के पिता का करीब एक साल पहले बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसके बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उसकी मां पर आ गई थी। छात्रा की मां चारों बेटियों के पालन-पोषण के लिए घरों में काम

- आत्मघाती कदम उठाने से पहले मृतका ने अपने दोस्त को किया था व्हाट्सएप मैसेज और मोबाइल का पिन कोड
- काठगोदाम घटना स्थल पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

कर घर का गुजर बसर करती थी। बताया जा रहा कि रविवार की रात दिया ने अपने परिवार के साथ खाना खाया और फिर कमरे में सोने चली गई।

सोमवार की सुबह जब परिजन उठे और कमरे में जाकर देखा तो दिया पंखे से लटकी हुई थी। जब मां ने बेटी की लाश लटकी देखी तो चिखपुकार मच गई। घर से निकली चिखपुकार सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए और आनन फानन में छात्रा दिया को फंदे से उतारकर बेस अस्पताल लाया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा कि छात्रा ने रात में अपने एक दोस्त को व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा और उसमें अपने मोबाइल फोन का पिन कोड साझा किया। यह मैसेज युवक को असामान्य लगा और उसे किसी अनहोनी की आशंका हुई। संदेह होने पर युवक ने तुरंत दिया को फोन करना शुरू किया, लेकिन काफी देर तक कॉल रिसीव नहीं हुआ। जब आज सुबह वह घर पहुंचा तो उसे पता चला कि दिया ने सुसाइड कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही काठगोदाम पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए।

सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि पिता के निधन के बाद से परिवार पहले ही आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों से गुजर रहा था। दिया पढ़ाई के साथ-साथ परिवार की जिम्मेदारियों को भी समझती थी, लेकिन उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह किसी की समझ से परे है। एसआई कुमकुम धानिक ने बताया कि युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है तथा उसमें मौजूद चैट, कॉल डिटेल और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। पुलिस आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी है और हर पहलू से मामले की पड़ताल की जा रही है।

## 'मासूम' पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने सार्वजनिक कार्यक्रम में अभद्र भाषा के प्रयोग को लेकर कड़ी नाराजगी जताते हुए हरियाणा के गायक मासूम शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने इस संबंध में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को मेल और व्हाट्सएप के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि 11 अप्रैल को डीएवी कॉलेज देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गायक ने सार्वजनिक मंच से अभद्र भाषा और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इस दौरान सुभाष मोंगा, राजेन्द्र फर्स्वाण, वीरेंद्र गुप्ता, देवेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पूरन लाल साह, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, कुंदन रावत मौजूद रहे।

## शराब व स्मैक तस्कर धरा

**हल्द्वानी।** ऑपरेशन प्रहार के तहत चोरगलिया व बनभूलपुरा पुलिस ने बीती रात्रि गश्त के दौरान अलग-अलग जगह से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीती रात्रि चोरगलिया कोतवाल हरपाल सिंह के नेतृत्व में टीम कुंवरपुर क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी पुलिस ने अमित सिंह पुत्र दलेर सिंह निवासी ढौराडाम नजीमाबाद किच्छा को 94 पाउच कच्ची शराब के साथ बरामद किया। वहीं दूसरी ओर बनभूलपुरा कोतवाल दिनेश सिंह फर्त्याल भी मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी गौलापार बाईपास के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी तलाशी के दौरान 7.44 ग्राम स्मैक बरामद की। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम अजीम पुत्र स्व. सलीम निवासी बनभूलपुरा बताया।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के भविष्य का 'सूर्योदय': भावना मेहरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को महिलाओं के सशक्त भविष्य का सूर्योदय बताया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक कानून भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम साबित होगा।



सोमवार को भाजपा कुमाऊं संभाग कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड राज्य आवास सलाहकार परिषद की उपाध्यक्ष भावना मेहरा ने कहा कि वर्तमान में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी लगभग 13.63 प्रतिशत है, जबकि इस अधिनियम के लागू होने के बाद लोकसभा व विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होगा। उन्होंने बताया कि 19 सितंबर 2023 को केंद्र सरकार ने विशेष संसदीय सत्र के दौरान इसे 128वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश किया था, जिसे लोकसभा व राज्यसभा में पारित होने के बाद राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही कानून का रूप दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह पहल महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि का उल्लेख करते हुए उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि इस अधिनियम को राजनीति से ऊपर उठकर समर्थन दें ताकि महिलाएं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। वार्ता के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती, जिला महामंत्री राशि जैन, आभा गोस्वामी, प्रदेश प्रवक्ता कल्पना बोरा, सह मीडिया प्रभारी भूमिका गोयल, दीप्ति चुफाल, अल्का जीना आदि मौजूद रहे।

# पदोन्नति पर स्थानांतरित हो रहे पुलिस अधिकारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सोमवार को कोतवाली स्थित मीटिंग हॉल में पदोन्नत होकर स्थानांतरित हो रहे पुलिस अधिकारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्ष एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी द्वारा की गई साथ ही एसएसपी ने अधिकारियों के उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी गई। समारोह के दौरान उपनिरीक्षक (एम) हेम चंद्र सती (प्रधान लिपिक) और निरीक्षक सशस्त्र पुलिस रमेश सिंह नेगी को उनके नवीन दायित्वों के लिए शुभकामनाएं



देते हुए सम्मानित किया गया। हेम चंद्र सती अब रेंज कार्यालय नैनीताल में अपनी सेवाएं देंगे, जबकि रमेश सिंह नेगी 31वीं वाहिनी पीएसी में स्थानांतरित हुए है। एसएसपी ने हेम चंद्र सती को जनपद पुलिस का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा, समयबद्ध कार्यशैली और सौम्य व्यवहार की विशेष सराहना की। वहीं रमेश सिंह नेगी द्वारा पुलिस लाइन में वीआईपी ड्यूटी, सलामी गार्द, एस्कॉर्ट और अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों के कुशल निर्वहन को भी सराहा गया। विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के अंत में एसएसपी ने कहा कि पदोन्नति केवल पद में वृद्धि नहीं बल्कि वर्षों की मेहनत, ईमानदारी और समर्पण का परिणाम होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों अधिकारी अपनी नई तैनाती में भी पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए विभाग का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्र, एसपी संचार रेवाधर मठपाल, सीओ अमित कुमार, सीओ भवाली अंजना नेगी, प्रतिसार निरीक्षक हरकेश सिंह, निरीक्षक राजकुमार बिष्ट, अमर चंद्र शर्मा सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## उदयपुर में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजस्थान के उदयपुर स्थित फील्ड क्लब में 9 से 12 अप्रैल तक आयोजित प्रोफेशनल प्रीमियर टेनिस लीग (पीपीटीएल) का समापन हो गया। प्रतियोगिता में देशभर से आए करीब 150 खिलाड़ियों की भागीदारी की। टीम चैम्पियनशिप में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। देहरादून की टीम टॉप स्पिन टाइटंस ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई, लेकिन खिताबी मुकाबले में जयपुर की टीए ऑल स्टार्स से 2-1 के अंतर से हारकर उपविजेता बनी। सेमीफाइनल में टाइटंस ने पिंक वॉरियर्स को 2-1 से हराया था। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने टॉप स्पिन टाइटंस के लिए अहम भूमिका निभाई। टीम में कप्तान प्रदीप पंत, संचित जैन और हल्द्वानी के हेम कुमार पांडेय शामिल



रहे। कप्तान प्रदीप पंत ने अपने अनुभव के दम पर टीम को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट जज उदयपुर बीएस पांड्डा ने विजेताओं को सम्मानित किया। चैंपियन टीम टीए ऑल स्टार्स को ट्रॉफी के साथ 50 हजार रुपये नकद पुरस्कार, जबकि उपविजेता टॉप स्पिन टाइटंस को 30 हजार रुपये प्रदान किए गए। आयोजकों के अनुसार पीपीटीएल सीजन-4 का आयोजन अगले वर्ष संभवत: गुवाहाटी में किया जाएगा।

## वेटेरन सिग्नलर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

**हल्द्वानी।** वेटेरन सिग्नलर्स वेलफेयर एसोसिएशन (वीएसडब्ल्यूए) ने प्रथम स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को इंटाउन लाउंज में आयोजन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन की बहुप्रतीक्षित ई-पुस्तक सिग्नल्स कनेक्ट का विधिवत लोकार्पण संगठन के राज्य अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल जगत सिंह जंतवाल ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वीएसडब्ल्यूए के सदस्य, पूर्व सैनिक एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। आयोजन के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने वीएसडब्ल्यूए के उद्देश्यों एवं उत्तराखंड राज्य के समग्र विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने की शपथ ली। सिग्नल्स कनेक्ट ई-पुस्तक को वीएसडब्ल्यूए की दूरदर्शी सोच, संगठनात्मक प्रतिबद्धता एवं भविष्य की कार्ययोजना का सशक्त दस्तावेज बताया गया। ई-पुस्तक में पूर्व सैनिकों के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार एवं कौशल विकास, सामाजिक उत्तरदायित्व, सशक्त समाज के निर्माण तथा पारदर्शी एवं विकासोन्मुख शासन में सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष बल दिया गया है। इस अवसर पर राज्य अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल जगत सिंह जंतवाल ने कहा कि यह ई-पुस्तक केवल विचारों का संकलन नहीं, बल्कि एक कार्य-आधारित दृष्टिकोण (एक्शन उन्मुख विजन) का प्रतीक है, जो उत्तराखंड को एक आदर्श, आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में मार्गदर्शक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में महेश भट्ट, राजेश महतोलिया एवं पुष्कर मेहरा को उनके उत्कृष्ट प्रयासों एवं समर्पण के लिए बधाई दी गई। इस मौके पर रणजीत मेहता, अर्जुन परिहार, एके पांडेय, अर्जुन सिंह भंडारी, डिगर सिंह, दीपक पंत, जितेन्द्र मेहरा, नवीन चंदोला, नारायण जोशी आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष बने संतोष नेगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल ने सोमवार को नई नियुक्ति की घोषणा की। राष्ट्रीय सचिव एवं



प्रदेश प्रभारी अतुल गुप्ता की संस्तुति पर संतोष नेगी को प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव जायसवाल व राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी अतुल गुप्ता ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष से आशा व्यक्त कि है वह संगठन को मजबूती के लिए कार्य करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का भी प्रयास करेंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संतोष नेगी ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई उसका वह निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करेंगे। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त संतोष जोशी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर अतुल गुप्ता, गोपाल भट्ट, गिरीश चंद्र पंत, राजेंद्र प्रसाद जायसवाल, राघवेंद्र चौहान, पंकज जोशी, तेजपाल भंडारी, अजय डंगवाल, कन्हैया लाल जायसवाल, रवि नेगी, चित्रेश जायसवाल, अमित जोशी, हिमांशु जोशी, भूपेंद्र सिंह राव, हरिश सिंह गैड़ा, आनंद सिंह बिष्ट सहित कई व्यापारी नेता मौजूद रहे।

# अनियमित गैस आपूर्ति पर सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** युवा कांग्रेस हल्द्वानी विधानसभा क्षेत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष इंजीनियर सुमित कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को एसडीएम को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। सोमवार को प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में शहर में हो रही गैस आपूर्ति व्यवस्था की अव्यवस्था को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में गैस की अनियमित आपूर्ति के कारण आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही गैस सिलेंडरों की बढ़ती कीमतों के चलते छोटे व्यापारियों एवं रेहड़ी-पटरी संचालकों (वेंडर्स) पर आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। युवा कांग्रेस ने



मांग की कि जब तक गैस संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हो जाता, तब तक प्रभावित छोटे व्यापारियों एवं वेंडर्स को सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्रदान किया जाए, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण सुचारू रूप से कर सकें। उन्होंने कहा गैस की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से सुचारू एवं नियमित किया जाए तथा कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में महासचिव मोहम्मद अनस, प्रदेश महासचिव स्वाति जोशी, प्रदेश उपाध्यक्ष जूही चौपाल, ब्लॉक अध्यक्ष नदीम सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष उमेश जोशी, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन टम्टा, आसिफ अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विकास के लिए मेयर से मिले पार्षद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर में विकास कार्यों को लेकर सोमवार को पार्षदों का एक प्रतिनिधिमंडल ने महापौर गजराज सिंह बिष्ट से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की मांग की।



मेयर को सौंपे गए ज्ञापन में पार्षद प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वार्ड में कूड़ा उठान व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक अतिरिक्त कूड़ा वाहन उपलब्ध कराया जाए, ताकि क्षेत्र के प्रत्येक घर से प्रतिदिन नियमित रूप से कूड़ा संग्रहण हो सके।

साथ ही सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने की भी मांग की गई। इसके साथ ही वार्ड में स्ट्रीट लाइट, पुलिया निर्माण, नाली निर्माण तथा आवश्यक स्थानों पर बिजली के पोल लगाए जाने की भी आवश्यकता है। पार्षदों की मांगपत्र पर मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही समस्याओं का समाधान करने की बात कहीं। पार्षद प्रतिनिधि मंडल में पार्षद मनोज जोशी, मुकुल बल्यूटिया, प्रमोद पंत, रईस अहमद गुड्डू, नवीन पांडे, विजय बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# मानदेय में वृद्धि समेत कई मांगों को लेकर आंगनबाड़ी वर्कर्स का प्रदर्शन

## तिकोनिया के बुद्ध पार्क में सरकार के खिलाफ दिया धरना, कई संगठनों का मिला समर्थन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानदेय वृद्धि समेत विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बुध पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद सड़कों पर उतरकर एसडीएम कोर्ट तक रैली निकाली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने न्यूनतम 24 हजार रुपये मासिक वेतन देने की सरकार से मांग की।

सोमवार को सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताएं बुध पार्क में एकजुट हुई। यहां उन्होंने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उपेक्षा का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि दिन-रात समर्पित होकर कार्य करने



वाली कार्यकर्ताओं का प्रदेशभर में शोषण हो रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों को राज्य आंदोलनकारी हरीश पनेरू समेत कई यूकेडी नेताओं ने समर्थन दिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने बुध पार्क से एसडीएम कोर्ट तक रैली निकाली। बाद में सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें मजदूरों से भी कम वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने 24 हजार रुपये मासिक मानदेय देने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार से 140 रुपये और केंद्र सरकार से 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय में वृद्धि करने की मांग उठाई गई। इसके अतिरिक्त कार्यकर्ताओं को बायोमेट्रिक मशीन से न जोड़े जाने की मांग भी की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनिशा, पूर्व जिलाध्यक्ष हेमा लोहनी, फाखिया, उषा भट्ट, पुष्प नेगी, हेमू पाठक, ज्योति, जानकी, मीना, चेतना, पुष्पा सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही।

## हेमंत साहू का स्वागत किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूथ कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू का राजपुरा स्थित उनके आवास कार्यालय में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर



और मिष्ठान खिलाकर खुशी जताई। वक्ताओं ने कहा कि हेमन्त साहू ने हमेशा समाजहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है और उनके नेतृत्व में हुए जन आंदोलनों ने आमजन की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। युवा नेता सचिन राठौर ने कहा कि हेमन्त साहू सामाजिक कार्यों में भी लगातार सक्रिय रहे है। जरूरतमंदों की मदद, युवाओं को संगठित करने और क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं, जिससे युवाओं और आम जनता में उनके प्रति विश्वास मजबूत हुआ है। वहीं राज्य आंदोलनकारी राजेन्द्र बिष्ट ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वर्ष 2027 में कांग्रेस बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इस दौरान जसविंदर भसीन, मेहुल साह, मयंक गोस्वामी, रेखा जाटव, मोनू चौहान, अनिता आर्या, शाहनवाज मलिक, सुशील मसीह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ट्रेन की चपेट में आकर अज्ञात अधेड़ की मौत

**समाजसेवी गाबा, रेलवे पुलिस व आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस पहुंची मौके पर**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महा नगर के वार्ड नंबर 33 सिंह कॉलोनी की गली नंबर 4 के समीप 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। स्थानीय निवासी चौधरी रविंद्र मलिक द्वारा हादसे की सूचना मिलते ही समाजसेवी सुशील गाबा, जीआरपी एवं आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस तथा भारत सेवा टीम मौके पर पहुंच गई। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हुई थी।

मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार प्रात: 10:00 बजे 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति किलोमीटर संख्या 42 / 10 के समीप काठगोदाम से दिल्ली जाने वाली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। दुर्घटना होते ही ट्रेन के चालक ने वही ब्रेक मार दिए और गार्ड ने नीचे उतरकर आकर देखा तो वह व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था। ट्रेन के गार्ड द्वारा तुरंत जीआरपी रुद्रपुर सिटी स्टेशन को जानकारी दी गई। जिस पर जीआरपी के उप निरीक्षक संतोष सिंह मीणा के साथ-साथ स्थानीय निवासी चौधरी रविंद्र मलिक की सूचना पर समाजसेवी सुशील गाबा भी मौके पर पहुंच गए। अधेड़ की तत्काल वहीं पर मौत हो चुकी थी।

जीआरपी पुलिस ने ट्रेन को रुद्रपुर स्टेशन की तरफ रवाना किया और आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस प्रशासन को भी सूचना दे दी। इधर समा. जसेवी सुशील गाबा ने दुखद सूचनाओं हेतु बनाए गए मोक्ष धाम ग्रुप में भी उक्त व्यक्ति की तस्वीर प्रसारित की। आदर्श कॉलोनी चौकी द्वारा ली गई जामा तलाशी में मृतक की जेब में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती में सुरेश प्रसाद द्वारा दिए गए 200 की चंदे की धनराशि की रसीद प्राप्त हुई, लेकिन कोई मोबाइल फोन अथवा परिचय पत्र, आधार कार्ड आदि प्राप्त न होने से मृतक की पहचान नहीं हो पाई।

भारत सेवा समिति द्वारा लाई गई एंबुलेंस में शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

# डेढ़ सौ ग्राम स्मैक के साथ सुरक्षा गार्ड दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर। पुलिस** और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक सुरक्षा गार्ड को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के पास से 150 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने नशीले पदार्थ और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार उपनिरीक्षक मनोज जलाल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। परशुराम चौक पर एएनटीएफ में नियुक्त हेड कांस्टेबल भुवन चन्द्र पाण्डे और कांस्टेबल विनोद खत्री भी पुलिस टीम के साथ शामिल हो गए। संयुक्त टीम सिडकुल ढाल रोड पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी कैंप ढाल की तरफ से एक मोटरसाइकिल सवार आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक काली पॉलिथीन में 150 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील कुमार पुत्र भीकम लाल मौर्या निवासी ग्राम कैमुआ, थाना भमौरा, बरेली बताया। अभियुक्त ने खुलासा किया कि वह मंगला ट्यूब कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है और कंपनी से खाना लेने के बहाने फूलसुंगी निवासी आशु ठाकुर से स्मैक लेने आया था। वह इस नशे को फुटकर में बेचने का काम करता है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से बरामद मोबा. इल और स्मैक को ड्रग डिटेक्शन किट से जांचने के बाद सील कर दिया। आरोपी के पास मौजूद मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीक्यू 1672 को भी सीज कर दिया गया है। कार्रवाई में कांस्टेबल संजय भट्ट, भुवन चन्द्र पाण्डे और विनोद खत्री शामिल रहे।

## एक नजर

# रेलवे क्रॉसिंग पर युवाओं ने चलाया जागरूकता अभियान, मिनटों में खुला जाम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पहचान यूथ क्लब की पहल से मरियमपुर क्रॉसिंग पर सुधरी यातायात व्यवस्था**

**बाजपुर।** रविवार को पहचान यूथ क्लब बाजपुर के युवाओं ने मरियमपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जागरूकता अभियान चलाकर यात्रियों और वाहन चालकों को नियमों के प्रति सचेत किया।

अभियान के दौरान युवाओं ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को रॉन्ग साइड वाहन खड़ा न करने और क्रॉसिंग के नीचे से पार न करने की अपील की। यह अभियान सुबह 11:42 बजे लाल कुआं से काशीपुर जाने वाली ट्रेन के समय चलाया गया। आमतौर पर ट्रेन गुजरने के बाद यहां 15 से 20 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रहती थी, लेकिन युवाओं की पहल से इस बार मात्र 3 से 4 मिनट में पूरा ट्रैफिक सुचारु हो गया। अभियान को आसपास के लोगों और यात्रियों ने सराहा और इसे एक सकारात्मक पहल बताया। अभियान में पहचान यूथ क्लब के करीब 10 युवा शामिल रहे। डिग्री कॉलेज बाजपुर के छात्र विशाल, जसविंदर, खुशी, नीतू, नाजिश सहित अन्य साथियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

# अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रतिमा की सफाई कर किया माल्यार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा नगर पालिका स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा को स्नान कराकर साफ-सफाई की और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस ने बाबा साहब के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाज के उत्थान के लिए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन के माध्यम से समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। कई पदाधिकारी रहे मौजूद। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष यशपाल राजहंस, जिला महामंत्री रामकिशन, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट सूरज सागर, युवा नेता रोहित कुमार वाल्मीकि सहित अरुण कुमार, शिव कुमार, रोहित कश्यप, विक्की राजहंस, अमन सागर, शंकर सागर, जयप्रकाश, रामेश्वर दयाल, अमन वर्मा, मुकेश कुमार, फूल सिंह और धीरज समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पत्रकार नदीम वारसी की माता का निधन, शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एनयूजे-आई, रामनगर के नगर संगठन मंत्री व दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता नदीम वारसी को हुए मातृ शोक पर स्थानीय पत्रकारों व राजनीतिज्ञों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



दिवंगत की आत्मा के लिए शोक व्यक्त करने वालों में एनयूजे-आई के कुमायूं मण्डल सचिव हरीश भट्ट, नगराध्यक्ष डा. जफर सैफी, नगर महामंत्री चंद्र शेखर जोशी, जिला उपाध्यक्ष गिरीश पांडे, जिला सचिव राजीव अग्रवाल मोनू, जिला सचिव नावेद सैफी, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नाजिम सलमान, चंद्रसेन कश्यप, महिला उपाध्यक्ष रुबीना सैफी, विमला अधिकारी, सचिव जुगेश अरोरा बंटी, रागिब खान, विक्की कश्यप, कोषाध्यक्ष मो कैफ खान, प्रचार मंत्री फरीद कुरैशी, सदस्य आसिफ इकबाल, अनिल पाठक, नोशाद सिद्दीकी, रोहित भट्ट सहित वरिष्ठ पत्रकार विनोद पपने, गणेश रावत, चंचल गोला, त्रिलोक रावत, अजीत प्रताप गोस्वामी, राजू वर्मा, सलीम मलिक, जीवन कुमार, रोहित गोस्वामी, कैलाश सुयाल, खुशाल रावत, गोविंद पाटनी, अमित बेल. बाल, दानिश खान, मौ. उस्मान, नसीम खान राजा, नवीन पोखरियाल, अरबाज खान, गणेश गगन, सिद्धार्थ पपनै, उधम सिंह राठौर, शब्बू खान, फरीद कुरैशी, असलम सिद्दीकी, रोशनी पांडे, मंयक मैनाली, कार्तिक बिष्ट आदि मीडियाकर्मियों सहित विधायक दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत, पालिकाध्यक्ष हाजी मो.अकरम, पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता इंदर रावत, भूपेंद्र सिंह खाती, जगमोहन बिष्ट, प्रकाश थापा, कांग्रेस नेता भुवन पांडे, अनिल अग्रवाल खुलासा, भुवन शर्मा आदि शामिल है।

# डिजिटल जनगणना के लिए महापौर ने स्वयं की स्व-गणना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महापौर विकास शर्मा ने जनगणना 2027 के अंतर्गत अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी करते हुए जनसामान्य से इस अभियान में डिजिटल माध्यम से जुड़ने का आह्वान किया है। महापौर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार पूरी तरह डिजिटल जनगणना की जा रही है, जो पारदर्शिता, सटीकता और व्यापक जनभागीदारी को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने इस पहल को डिजिटल युग में भारत का एक और मजबूत कदम बताया।



**नागरिकों से की डिजिटल जनगणना में भागीदारी की अपील**

महापौर ने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के पहले चरण में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना की जा रही है। इसके अंतर्गत आवासीय स्थिति, नागरिक सुविधाओं और घरेलू विवरणों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। इस बार सरकार ने स्व-गणना की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई है, जिसके माध्यम से नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल प्रक्रिया सरल और त्रुटिरहित होगी, बल्कि सरक. ारी मशीनरी और आम जनता के समय की भी बचत होगी।

# गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** गांव चलो बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत सोमवार को वार्ड नंबर 16 पकड़िया में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने भाजपा सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में आम जनमानस को जानकारी दी। तत्पश्चात सभासद पति विजय कुमार को नवीन दायित्व मिलने पर उनका स्वागत किया गया।

इस मौके पर नगर मंडल अध्यक्ष जीवन धामी, सभासद पति विजय कुमार, मुस्तफा अली, दीपक घटाल, कमला देवी, दयावती देवी, रजनी देवी, शाहिद सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती पर विशेष आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जेसीज पब्लिक स्कूल के विद्यालय परिसर में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना सभा में बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य एवं रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने नृत्य, गीत, नाटक एवं भाषण के माध्यम से दोनों पर्वों का महत्व प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने बैसाखी के सांस्कृतिक महत्व को दर्शाते हुए पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं अंबेडकर जयंती पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवनसंघर्ष, सामाजिक समरसता एवं उनके योगदान पर प्रभावशाली लघु नाटिका और भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए इन पर्वों के ऐतिहा. सिक एवं सामाजिक महत्व के बारे में महत्वपूर्ण एवं नई जानकारियाँ दीं। उन्होंने बच्चों को डॉ. अंबेडकर के आदर्शों पर चलने तथा शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही प्राइमरी विंग की हैडमिस्ट्रैस सिमरजीत कौर ने कक्षा पांच के नये विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें विद्यालय के परिवेश के अनुरूप स्वयं को ढालने एवं नियम तथा अनुशासन का पालन करने के लिए दिशा-निर्देश देने के साथ-साथ विद्यार्थियों को नई-नई गतिविधियों के माध्यम से सीखने और पढ़ाई में रुचि बढ़ाने के लिए भी उत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतीकरण हेतु सराहना की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय में उत्साह एवं आनंद का वातावरण बना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबन्धन समिति के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रा. ेवर तथा निदेशक सुधांशु पन्त ने सभी को बैसाखी एवं डा. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती की शुभकामनाएं दीं।

# सरस्वती एकेडमी में अंबेडकर जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़ी उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने की तथा संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रामयश के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक लैंप लाइटिंग के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं का ड्राइंग, स्पीच, क्विज तथा स्लोगन राइटिंग आदि का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष और उनके आदर्शों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

# 300 कुंतल लिमिट पर भड़के किसान

**भाकियू ने दी चेतावनी, सीमा नहीं बढ़ी, तो होगा बड़ा आंदोलन**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में आरएफसी (क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक) द्वारा गेहूं तौल केंद्र का शुभारंभ होते ही किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। तौल के लिए निर्धारित मात्र 300 कुंतल की सीमा से नाराज किसानों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के प्रदेश अध्यक्ष करम सिंह पड्डा के नेतृत्व में दर्जनों किसान मंडी परिसर में एकत्र हुए और इस व्यवस्था को किसानों के साथ अन्याय बताया। प्रदर्शन के दौरान करम सिंह पड्डा ने कहा कि सीजन की शुरुआत में ही 300 कुंतल की लिमिट तय करना किसानों के साथ "भद्दा मजाक" है। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी कम तौल क्षमता होने पर क्षेत्र के हजारों किसान अपना अनाज कहां बेचेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसान पहले ही मौसम और महंगे खाद-बीज की मार झेल रहा है, ऐसे में सरकार की यह नीति उसकी आजीविका पर संकट खड़ा कर रही है। किसानों ने साफ शब्दों में कहा कि यदि जल्द ही तौल सीमा नहीं बढ़ाई गई, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

उनका आरोप है कि सरकार समस्याओं का समाधान करने के बजाय उन्हें और उलझा रही है।

हंगामे की सूचना मिलते ही एसएमआई नलिकांत मौके पर पहुंचे और किसानों को शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने किसानों की मांग को उचित बताते हुए कहा कि तौल सीमा बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है और जल्द समाधान की उम्मीद है। प्रदर्शन में किसान नेता प्रताप सिंह संधू, अजीत प्रताप रंधावा, विजेंद्र सिंह डोगरा सहित बड़ी संख्या में किसान और यूनियन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चंद्रपाल बने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा के संगठनात्मक विस्तार और आगामी कार्यक्रम को गति देने के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई है। इसी क्रम में पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते हुए चंद्रपाल को अनुसूचित जाति मोर्चा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया।

पूर्व ग्राम प्रधान हल्दी, चंद्रपाल के नौसर ग्रामीण मंडल अनुसूचित जाति का अध्यक्ष बनाने की घोषणा होते ही स्थानीय कार्यकर्ताओं और समस्याओं ने फूल मालाओं और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया पार्टी के जिला और क्षेत्रीय पदाधिकारी ने विश्वास बताया है कि चंद्रपाल के दिन तक है।

संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। इस खुशी के मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने नवनियुक्त पदाधिकारी का कल महिलाएं पहनकर स्वागत किया।



इस दौरान मौके पर ग्राम प्रधान सोमनाथ मौर्य, बलराज सिंह, पूर्व प्रधान पति गुरप्रीत सिंह खिंडा, महिला मोर्चा अध्यक्ष कुल. विंदर कौर, देवेंद्र सिंह, रिंकू भुवाल मौर्य, जसविंदर सिंह जस्सी आदि मौजूद रहे।

# कॉलेज बने इवेंट्स का अड्डा?

भारत एक ऐसा देश है जिसकी संस्कृति,सभ्यता और सामाजिक मूल्यों को विश्व में सदैव मार्गदर्शक के रूप में देखा गया है। परंतु आज की स्थिति को देखकर यह प्रश्न उठता है कि क्या हम वास्तव में उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं?



आज हम देख रहे हैं कि हमारे विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा के स्थान पर विभिन्न प्रकार के इवेंट्स का आयोजन अधिक होने लगा है। स्थिति यहाँ तक पहुँच चुकी है कि विद्यालय इवेंट के अड्डे बनते जा रहे हैं, और साल में जितनी बार विद्यालयों में परीक्षाएं नहीं होतीं, उससे अधिक बार इवेंट आयोजित किए जाते हैं। इन इवेंट्स का न तो भारतीय संस्कृति से कोई विशेष संबंध होता है और न ही वे विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा देने में सहायक होते हैं। अक्सर इन कार्यक्रमों को बॉलीवुड से जोड़ दिया जाता है, जिसमें अनेक गायक और कलाकार बुलाए जाते हैं और मंच पर ऐसे गीत प्रस्तुत किए जाते हैं, जिनका शिक्षा से कोई संबंध नहीं होता। वह मंच, जहां से ज्ञान और संस्कारों का प्रसार होना चाहिए, आज केवल मनोरंजन का माध्यम बनता जा रहा है। जबकि यह सर्वविदित है कि भारत का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है। यदि हमें भारत को पुन: "विश्व गुरु" बनाना है, तो इसके लिए युवाओं का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है।

हमारे देश में स्वामी विवेकानन्द जैसे महान व्यक्तित्व हुए हैं, जिन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति और मूल्यों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनके आदर्श हमें यह सिखाते हैं कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम इस स्थिति पर गंभीरता से विचार करें। हमें यह तय करना होगा कि हमें कैसी शिक्षा चाहिए, मनोरंजन प्रधान या मूल्य आधारित? हमें स्वयं जागरूक होकर ऐसे अनावश्यक आयोजनों को नकारना चाहिए और उनकी जगह वैज्ञानिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों को बढ़ावा देना चाहिए। यही कार्यक्रम हमें मजबूत बनाएंगे, हमारे समाज को सशक्त करेंगे और हमारे देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

**अभिषेक भारत**
**प्रांत कार्यकारिणी सदस्य**
**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद**

# भीमोत्सव पर गूंजेगा जयभीम ऐतिहासिक होगी 135 वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती को लेकर सीमांत क्षेत्र खटीमा पूरी तरह तैयार है। 14 अप्रैल 2026 को निकलने वाली भव्य शोभायात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

**गाजे-बाजे और झांकियों के साथ निकलेगी भव्य शोभा यात्राा, उमड़ेगा 5000 अनुयायियों का सैलाब**

इस वर्ष भीम जन्मोत्सव की यह यात्रा न केवल धार्मिक और सामाजिक उल्लास का प्रतीक होगी, बल्कि खटीमा के इतिहास में अब तक की सबसे विशाल शोभायात्रा के रूप में दर्ज होगी। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. उत्तम कुमार ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शोभायात्रा में हजारों की संख्या में भीम अनुयायी शिरकत करेंगे।

खटीमा विधानसभा के समस्त गांवों के प्रबुद्ध जनों के नेतृत्व में निकलने वाली इस यात्रा में भारी जनसैलाब उमड़ने की उम्मीद है। डॉ. कुमार ने कहा, हम बाबा साहब के शशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करोश के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए इस उत्सव को संकल्प दिवस के रूप में मनाएंगे। शोभायात्रा का शुभारंभ अंबेडकर मिशन ज्ञानोदय बुद्ध विहार से होगा, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया जाएगा। मुख्य चौक होते हुए यह यात्रा ब्लाक परिसर पहुंचेगी। जहां सभी महान विभूतियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन होगा।

लगभग 5000 से अधिक लोगों की भागीदारी वाले इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यह केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि बाबा साहब के विचारों की मशाल है जो हर गांव और हर घर तक पहुंचेगी।

# 'नीति लाभार्थी' नहीं, अब नीति निर्माता बनेंगी महिलाएं: सीमा चौहान

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम को भाजपा नेताओं ने बताया महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम युग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान एवं महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्रीरश्मि रस्तोगी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को महिलाओं के राजनीतिक और सामाजिक उत्थान के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर करार दिया। नेताओं ने कहा कि यह कानून महिलाओं को समाज की मुख्यधारा में लाकर उन्हें शासन और नीति निर्धारण की शक्ति प्रदान करेगा।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दर्जा राज्य मंत्री सीमा चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 मात्र एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के प्रति सम्मान और विश्वास का प्रतीक है। इसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित होने से देश के लोकतंत्र की नींव और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने कहा कि अभी तक महिलाएं केवल सरकारी योजनाओं की 'लाभाथी' मानी जाती थीं, लेकिन अब वे सदन में बैठकर नीति निर्माता की भूमिका निभाएंगी। प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तोगी ने वैश्विक आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि जब महिलाएं नेतृत्व और



कार्यबल में सक्रिय होती हैं, तो राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में तेजी आती है और समाज में आय की समानता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और जन-धन योजना जैसी पहलों ने महिलाओं के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। उपस्थित पदाधिकारियों ने एक स्वर में केंद्र सरकार की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे नए भारत के निर्माण की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डा. नीता सक्सेना, जिला महामंत्री व प्रभारी तरुण दत्ता, जिला उपाध्यक्ष शालिनी बोरा तथा जिला महामंत्री प्रीति धीर, मोईनी पोखरियल सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई दिवस में 27 शिकायतें प्राप्त, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जनपद में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनसुनवाई दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं। अपर जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई के दौरान कुल 27 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें राजस्व, पेयजल, सड़क, विद्युत, शिक्षा, एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रकरण शामिल रहे। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के समाधान की गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को वास्तविक राहत मिल सके।

अपर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल संस्थान के अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर जांच करने, तथ्यों की पुष्टि करने तथा प्रभावित परिवारों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता वाली व्यवस्था है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है।

उन्होंने लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने, शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक प्रकरण की प्रगति की निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

# जनता से करें प्रेम से संवादः एसएसपी

- एसएसपी ने किया बाजपुर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण
- जनता दरबार में सुनीं समस्याएं
- उत्कृष्ट कार्य पर दो पुलिसकर्मी पुरस्कृत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ऊधमसिंह नगर, अजय गणपति ने सोमवार को कोतवाली बाजपुर का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली और संसाधनों को परखा, बल्कि जनता दरबार लगाकर स्थानीय लोगों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी किया। उत्कृष्ट वर्दी टर्नआउट और मालखाना रखरखाव के लिए दो पुलिसकर्मियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा। निरीक्षण की शुरुआत गार्द द्वारा दी गई सलामी से हुई। इसके बाद एसएसपी ने सीसीटीएनएस (ब्लॉक) कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी बैरक और भोजनालय का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्हें और अधिक अपडेट रखने के निर्देश दिए। पुलिस बल की आपातकालीन तैयारियों को परखने के लिए एसएसपी ने जवानों से शस्त्र हैंडलिंग, दंगा नियंत्रण ड्रिल और आपदा प्रबंधन उपकरणों का अभ्यास कराया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जीवन रक्षक और आपदा प्रबंधन उपकरण सदैव कार्यशील स्थिति में होने चाहिए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

कोतवाली परिसर में आयोजित 'जनता दरबार' के दौरान एसएसपी ने क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों और आमजन से संवाद किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस की प्राथमिकता निष्पक्ष और समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करना है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक फरियादी की बात को संवेदनशीलता से सुना जाए और लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

निरीक्षण के बाद एसएसपी ने कर्मचारी सम्मेलन (पुलिस सम्मेलन) को संबोधित किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत और विभागीय समस्याओं को सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। बेहतर टर्नआउट और मालखाने के उत्कृष्ट रखरखाव के लिए दो जवानों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। एसएसपी ने बीट प्रणाली, गश्त, पिकेट और चीता ड्यूटी को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। एसएसपी ने संदेश पुलिस का मुख्य उद्देश्य समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाना है। प्रत्येक कर्मी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ कार्य करे। अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और अपराधियों पर नकेल कसने के साथ-साथ आम जनता के प्रति मित्रवत व्यवहार रखा जाए।

## एक नजर

### तयशुदा मानक के अनुरूप कुष्ठ आश्रम को मार्ग देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कुष्ठ आश्रम सेवा समिति सचिव रमेश कुमार मैक्सी ने कुष्ठ आश्रम के लिए तयशुदा मार्ग देने की मांग की है। ज्ञापन में कुष्ठ आश्रम के मार्ग के लिए दी गई भूमि को खाली कराने की मांग की है।

एसडीएम तुषार सैनी को सौंपे ज्ञापन में कुष्ठ आश्रम सेवा समिति सचिव ने आश्रम की भूमि की अदला-बदली के समय आश्रम के लिए 30 फीट चौड़ा मार्ग तय किया गया था। इस स्थान पर अब पेट्रोल पंप निर्माण हेतु मार्ग को बंद कर दिया गया है। जिस कारण आश्रम में रहने वाले 76 लोग तथा आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कुष्ठ आश्रम को मार्ग निर्माण के लिए दी गई भूमि को खाली कराने की मांग की है। इस पर एसडीएम सैनी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### एडीएम ने जानी स्व-गणना की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने जनगणना 2027 के अन्तर्गत स्व-गणना के तहत निर्धारित पोर्टल पर मकान सूचीकरण का ऑनलाइन स्वयं अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की जानी है।



उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान है, जिसमे ऑनलाइन स्व-गणना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना 10 अप्रैल से प्रारम्भ हो गयी जो 24 अप्रैल तक की जा सकती है। उन्होंने सभी जन मानस से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित पोर्टल ञ्जिजचेरू//म.बमदेने. हवअ.पद पर स्व-गणना कर सकते है। उन्होंने कहा कि आप स्व-गणना के माध्यम से न केवल राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दे बल्कि जनगणना 2027 में भी भागीदार बनें। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे।

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का भाजपा जिला कार्यालय में जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक ढांचे को नई ऊर्जा और गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिला कार्यालय में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों का फूल-मालाओं से स्वागत अभिनंदन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल अपने निष्ठावान कार्यकर्ताओं के दम पर है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए आह्वान किया कि संगठन की मजबूती ही हमारी असली शक्ति है। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना ने नारी शक्ति की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज राजनीति के हर क्षेत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी संगठन को नई ऊंचाइयां दे रही है। यहां तरुण दत्ता, रश्मि रस्तोगी, सीमा चौहान, मोइनी पोखरिया, सुलोचना रावत, प्रीति धीर, प्रेमलता चौहान, नीलू गुप्ता, स्वाति शर्मा, रजनी रावत, दया डसीला, तारा बिष्ट, बीना साहू, संगीता शर्मा, निर्मला सिंह, रीना जग्गा, सुषमा अग्रवाल, पिंकी चतुर्वेदी, कविता मान, अंजली जोशी और रेणु यादव आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से हुए सम्मानित मुशाहिद अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** इस्लामनगर निवासी सीआरपीएफ जवान मुशाहिद अली पुत्र लियाकत अली को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी इस सफलता से समस्त क्षेत्रवासी बेहतर खुश हुए। मुशाहिद केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में वर्ष 2014 में दिल्ली से भर्ती हुए थे। इसके बाद उन्होंने देश के अलग-अलग स्थानों पर अपनी ड्यूटी की। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि जुलाई 2019 में उनकी टीम ने बिहार-औरंगाबाद बार्डर पर स्थित चकरबंदा नामक स्थान पर सर्च एंड डिस्ट्राय आपरेशन (शैडो) चलाया था, तब वे कोबरा कमांडो में तैनात थे। 25 जुलाई 2019 को उन्होंने चकरबंदा में तीन नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। इस बहादुरी के लिए उनका नाम राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार के लिए भेजा गया, जिसकी घोषणा 26 जनवरी 2025 को हुई थी। 9 अप्रैल 2026 को शौर्य दिवस पर दिल्ली में मुशाहिद को सीआरपीएफ के डीजी ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने यह पुरस्कार दिया। मुशाहिद समेत बल के सात जवानों को यह पुरस्कार मिला है। मुशाहिद को पुरस्कार मिलने पर उनके परिवार व मोहल्ले में खुशी का माहौल है।

### सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में समृद्ध और रक्षित ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** 'कार्बन लर्निंग हब' कोचिंग के दो मेधावी छात्रों ने सैनिक स्कूल घोड़ाखाल की प्रवेश परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। संस्थान के समृद्ध गिरी ने 265 अंक प्राप्त किए उनका चयन कक्षा 6 और रक्षित राणा ने 328 अंक प्राप्त कर कक्षा 9 के लिए उनका चयन हुआ है। दोनों छात्रों ने अपनी-अपनी श्रेणी में पूरे उत्तराखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर शिक्षक विपिन सेला और प्रभात सिंह ने खुशी जताते हुए दोनों छात्रों के मंगल और उज्वल भविष्य की कामना की। उनकी इस सफलता से अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

### चम्पावत में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का शक्ति प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> **सड़कों पर उतरी सैकड़ों महिलाएं, सरकार के खिलाफ बुलंद हुए स्वर**

**चम्पावत।** जिले भर से पहुंचीं सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों ने सोमवार को जिला मुख्यालय में जोरदार शक्ति प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। पिछले एक सप्ताह से आंदोलनरत कार्यकर्तियों ने आज सड़कों पर उतरकर अपना आक्रोश जाहिर किया और मुख्यमंत्री के मॉडल जिले में जमकर नारेबाजी की।

आंदोलन को उस समय और बल मिला जब कांग्रेस, यूकेडी और सपा के कार्यकर्ताओं ने भी खुलकर समर्थन दिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चिराग फर्त्याल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री निर्मला गहतोड़ी, यूकेडी के राजेंद्र पुनेठा और सपा के ललित मोहन भट्ट ने कार्यकर्तियों की मांगों को जायज बताते हुए कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, उनका संघर्ष जारी रहेगा और वे उनके साथ खड़े रहेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों का कहना है कि वे तीन प्रमुख मांगों घ24,000 मासिक मानदेय, बायोमेट्रिक सिस्टम से मुक्ति और सेवानिवृत्ति पर घ10 लाख की एकमुश्त राशि को लेकर आंदोलन कर रही हैं। उनका आरोप है कि सरकार उनकी मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है। गांधी चौक से जिला अध्यक्ष मीना बोहरा, बबीता जोशी, दमयंती वर्मा, दीपा पांडे, कविता पंत, नेतृत्व में निकला विशाल जुलूस मुख्य बाजार, भैरव चौराहा होते हुए टैक्सी स्टैंड तक पहुंचा, जहां महिलाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। महिलाओं के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। जुलूस के दौरान पुलिस का भारी बंदोबस्त किया गया। प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ना चाह रही थीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। हालांकि पूरे घटनाक्रम के दौरान माहौल तनावपूर्ण जरूर रहा, लेकिन प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। अब सभी की नजरें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इन मांगों पर निर्णय लिया जाएगा।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में 45 मरीजों को मिला लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए दयानंद इंटर कॉलेज, टनकपुर में निरंजना हेल्थ केयर, खटीमा द्वारा एक नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।



शिविर के दौरान कुल 45 मरीजों की आंखों की गहन जांच की गई। जरूरतमंद मरीजों को मौके पर ही नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए। इसके साथ ही शिविर में शुगर और ब्लड प्रेशर जैसी महत्वपूर्ण जांचें भी निशुल्क की गईं, जिससे लोगों को अपने स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी मिल सकी। इस सेवा कार्य में डॉ. निशा बाठला के नेतृत्व में उनकी टीम ने अहम भूमिका निभाई। टीम में ऑप्टोमेट्रिस्ट विशाल गंगवार, स्टाफ नर्स रेनू, धीरज कुमार, विपिन कुमार और राजेश ने पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं दीं। वहीं विद्यालय प्रबंधक डॉ. मनुश्रवा आर्य ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# आरएएन में करियर काउंसलिंग सत्र का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के मार्ग दर्शन हेतु एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल सुभाषस हगल (सेवानिवृत्त) एवं कर्नल एचएस बचाल (सेवा. निवृत्त) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एचके राय (सेवानिवृत्त) ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या मुक्ता शर्मा ने सभी अतिथियो का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों कोसंबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है।







मुख्य अतिथि कर्नल सुभाष सहगल, जोकि कैंपस स्कूल पंतनगर के पूर्व छात्र रहे हैं, जून 1987 में आर्टिलरी रेजिमेंट में कमीशंड हुए। अपने गौरव पूर्ण सैन्य करियर के दौरान उन्होंने बर्फीली ऊंचाइयों से लेकर रेगिस्तानी इलाकों तक विभिन्न चुनौतीपूर्ण स्थानों पर सेवाएं दीं तथा अनेक अभियानों में भाग लिया। संसाधन व्यक्ति कर्नल एचए. बचाल ने 1982 में भारतीय सैन्य अकादमी में प्रवेश लिया और बाद में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं मैकेनिकल इंजीनियर्स कोर में अपनी सेवाएं दीं। अपने सैन्य जीवन में उन्होंने जम्मू-कश्मीर से लेकर वेलिंगटन, गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक देश के विभिन्न भागों में सेवाएं दीं। वे एक उत्कृष्ट खिलाड़ी भी रहे हैं।

सेवा निवृत्ति से पूर्व उन्होंने 32 एनसीसी बटालियन में कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों को रक्षा सेवाओं में जाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्ग दर्शन का अमूल्य बताया।

# जेके पब्लिक स्कूल में बैसाखी पर्व की धूम सांस्कृतिक कार्यक्रम में थिरके विद्यार्थी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जेके पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आज बैसाखी पर्व का त्यौहार बड़े ही हरसोलश और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारे फूलों और पंजाब की संस्कृति को दर्शाती कलाकृतियों से सजाया गया।

समारोह की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा के साथ हुई जिसमें छात्र छात्राओं ने बैसाखी के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला इसके बाद रंगारंग कार्यक्रम का सिलसिला शुरू हुआ। रंग बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे कक्षा 6 और 12 वीं के छात्र छात्राओं ढोल की थाप पर शानदार भांगड़ा और गिद्दा प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने पंजाबी लोकगीतों पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। छात्रों में एक लघु नाटिका के माध्यम से किसानों के जीवन और फसल कटाई के महत्व को बखूबी दर्शाया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजय मौर्या ने छात्र-छात्राओं ने अपने संबोधन में बताया बैसाखी पर्व से ही सिख धर्म का का नववर्ष प्रारंभ होता है। साथ ही प्रबंधक ने छात्राओं को पाव की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मो. हनीफ, अजय कुशवाहा, अजय, नंदलाल, संदीप, भरत नाथ गोस्वामी, आफताब, राजकुमार, निशा, अल शिफा, मनप्रीत, सोनम, आरती, ज्योति, सुमन आदि मौजूद रहे।

# बैसाखी पर्व पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 12 यूनिट रक्त संग्रह




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सोमवार को बैसाखी के पावन अवसर पर सेवा चैरिटेबल ब्लड बैंक में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरदार कर्म सिंह पड्डा एवं गेस्ट ऑफ ऑनर सरदार अजीत प्रताप सिंह रंधावा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्य एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

प्रमुख रूप से विजेंद्र सिंह डोगरा, प्रताप सिंह संधू, सतीश गर्ग, सतीश गोयल, गौरव तिवारी, आयुष गर्ग, डॉ. सौरभ परमार, आलोक अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य बिल्लू, गुरजीत सिंह प्रेमलता, विशेष शर्मा, लव,कुश श्रीवास्तव, सलमान खान सहित अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। इस दौरान कुल 12 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। डॉ. एस. दीक्षित एवं उनकी टीम ने सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित रक्त संग्रह सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एस. दीक्षित द्वारा सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगियों को सम्मानित भी किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि "रक्तदान महादान है" और यह किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की।

# 24 घंटे बाद भी नहीं सुलझी नाले की समस्या

- प्रशासनिक निर्देशों के बावजूद हालात जस के तस तहसीलदार मोहिउद्दीन बोले-सिंचाई विभाग को दिए गए निर्देश, अब अमल का इंतजार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** मनिहारगोठ क्षेत्र में बीते 24 घंटे से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद संबंधित नाले की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों और किसानों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। लगातार शिकायतों और प्रशासनिक स्तर पर संज्ञान लेने के बाद भी मौके पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से हालात जस के तस बने हुए हैं।

बताया जा रहा है कि नाले के जाम होने और पानी की निकासी बाधित होने के कारण आसपास के खेतों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग और प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका। इस संबंध में तहसीलदार मोहिउद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि सिंचाई विभाग को नाले की सफाई और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही विभागीय टीम मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करेगी। हालांकि, स्थानीय लोगों का कहना है कि केवल निर्देश जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो फसलों का और अधिक नुकसान होने की आशंका है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ेगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासनिक निर्देशों के बाद सिंचाई विभाग कब तक सक्रियता दिखाते हुए समस्या का स्थायी समाधान कर पाता है। फिलहाल, क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

# 15 अप्रैल को सहायक महाप्रबंधक कार्यालय पर होगा धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

> **कर्मचारियों में रोष, एकजुट होकर संघर्ष का आह्वान**

**टनकपुर ।** सहायक महाप्रबंधक स्तर पर प्रस्तावित वार्ता नहीं होने से कर्मचारियों में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। सोमवार को वार्ता के लिए कोई पहल नहीं किए जाने पर कर्मचारियों और संगठन से जुड़े साथियों ने इसे गंभीरता से लेते हुए अब आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है।

रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा मंत्री पंकज पंत ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 को प्रात: 11:00 बजे सहायक महाप्रबंधक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। संगठन की ओर से सभी कर्मचारियों एवं साथियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं और आंदोलन को सफल बनाएं। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि लंबे समय से लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर प्रशासन की उदासीनता के चलते अब यह कदम उठाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी जायज मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाएगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। आह्वान करते हुए कहा गया कि कर्मचारियों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी एकजुटता के बल पर वे अपने अधिकारों की लड़ाई को मजबूती से रखने की अपील की है।

# होली चाइल्ड स्कूल ने मयंक मिश्रा को किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल के विशाल सभागार में प्रसिद्ध क्रिकेटर मयंक मिश्रा को समस्त छात्र- छात्राओं एवं गुरुजनों के समक्ष पुष्प गुच्छ, शॉल, मोमेंटो एवं उपहार स्वरूप भेंट देखकर प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। मयंक मिश्रा एक प्रतिभाशाली बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिन गेंदबाज हैं, जिन्होंने वर्ष 2018 में अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जोकि आज उत्तराखंड क्रिकेट का एक अहम नाम बन चुके हैं। उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद गठित राज्य की क्रिकेट टीम में यह लगातार हिस्सा रहे हैं।

मयंक मिश्रा ने विजय हजारे ट्रॉफी (50 ओवरों का एकदिवसीय टूर्नामेंट) में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी, जो कि घरेलू टी20 प्रतियोगिता है, में भी अपना डेब्यू किया और बेहतरीन प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिनमें कई बार एक पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। मयंक मिश्रा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और लगन के साथ हमेशा अपने खेल को दिन प्रतिदिन निखारना चाहिए और मेहनत से कभी भी पीछे नहीं हटना चाहिए तभी अपने लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे ने अपने सम्बोधन में कहा कि मयंक मिश्रा ने न केवल अपनी गेंदबाजी से टीम को मजबूती प्रदान की है बल्कि उत्तराखंड क्रिकेट को नई पहचान भी दिला रहे हैं। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, उप-प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप-प्रधानाचार्य (अकादमिक) मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह, क्रिकेट कोच पलाश भारद्वाज तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने मयंक शर्मा की उपलब्धियों पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# उधार के रुपये मांगने पर दुकानदार को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और वे सरेआम वारदातों को अंजाम देकर दहशत फैला रहे हैं। ताजा मामला रविवार की देर रात भवानीगंज क्षेत्र से सामने आया है, जहां उधार के पैसे मांगने पर एक दर्जन से अधिक युवकों ने एक दुकानदार के साथ जमकर मारपीट की। हमले की यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

मोनू पाल ने बताया कि भवानीगंज केला गोदाम के समीप उसकी पाल बेकरी के नाम से दुकान है। उसने कुछ दिन पूर्व एक युवक को पेटीज बेचने के लिए ठेला और सामान दिया था, लेकिन युवक ने कई दिन बीतने के बाद भी भुगतान नहीं किया। आरोप है कि जब उसने अपने उधार के पैसे मांगे तो युवक गाली गलौज करने लगा। रविवार रात मोनू अपनी दुकान पर अकेला था, तभी आरोपियों ने साथियों के साथ दुकान में घुसकर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी।घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पीड़ित ने आरोपियों से अपनी जान माल का खतरा जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए चार संदिग्धों को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है और किसी को भी कानून हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शहर का माहौल खराब करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी और संबंधित दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र नफीस अहमद प्रार्थी का कहना नहीं मानता है, घर में कलेश करता रहता है, इसलिए मैं अपने पुत्र नफीस अहमद से अपने हर प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद करता हूं। भविष्य में मेरा पुत्र नफीस अहमद का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से किसी प्रकार का कोई रिश्ता या सम्बन्ध नहीं होगा। वह स्वयं अपने हर प्रकार के अच्छे बुरे कार्यो तथा हर प्रकार के लेन-देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा पुत्र नफीस अहमद के द्वारा किये गये लेन-देन, केस-मुकदमा या किसी प्रकार से मेरा या मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेन-देन नहीं होगा। यदि कोई व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था नफीस अहमद से किसी प्रकार का लेन-देन करेगा या पूर्व में किया होगा, तो वह स्वयं ही उसके जिम्मेदार है।

**हफीज अहमद पुत्र मजीद
निवासी-वार्ड नं.-25, प्रीत विहार, फाजलपुर महरौला, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड**

# आज यातायात डायवर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर मंगलवार को शहर में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने विस्तृत ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था शोभा यात्रा प्रारंभ होने से उसके समापन तक प्रभावी रहेगी। शोभा यात्रा मंगलपड़ाव से शुरू होकर सिंधी चौराहा, कालाढूंगी चौराहा, रोडवेज, एसडीएम कोर्ट तिराहा, त्रिलोक पेट्रोल पंप, प्रेम टॉकीज, रेलवे क्रॉसिंग, राजपुरा, तिकोनिया, डिग्री कॉलेज तिराहा, कुल्यालपुरा, दोनह. रिया, पंचक्की होते हुए अंबेडकर पार्क दमुवाढूंगा तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान रोडवेज बसों के संचालन में बदलाव किया गया है। रामपुर रोड से आने वाली बसों को टीपी नगर और आईटीआई तिराहा होकर भेजा जाएगा, जबकि बरेली रोड से आने वाली बसें तीनपानी फ्लाईओवर व गौला पुल मार्ग से संचालित होंगी। कालाढूंगी रोड की बसों को लालडांठ और मुखानी होकर डायवर्ट किया जाएगा। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाली बसें नरीमन तिराहा व तिकोनिया मार्ग से रोडवेज पहुंचेंगी। हल्के वाहनों के लिए भी अलग व्यवस्था की गई है। बरेली और रामपुर रोड से पर्वतीय क्षेत्रों की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी फ्लाईओवर व गौलापार रोड से होकर जाएंगे, जबकि अन्य वाहनों को आईटीआई व मुखानी मार्ग से डायवर्ट किया जाएगा। कालाढूंगी रोड से आने वाले वाहनों को ऊंच. ापुल, कुसुमखेड़ा व लालडांठ होते हुए निकाला जाएगा। शोभा यात्रा के विभिन्न चरणों में कई मार्गों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। रोडवेज से प्रेम टॉकीज, राजपुरा व तिकोनिया के बीच वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इसी तरह डिग्री कॉलेज से कुल्यालपुरा, दोनहरिया व पंचक्की क्षेत्र में भी यातायात प्रतिबंधित रहेगा और वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि निर्धारित डायवर्जन प्लान का पालन करें।

# धर्म के मार्ग का अनुसरण करने से अहंकार का होता है नाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बिठौरिया नम्बर-1 स्थित शिवकाली धाम मन्दिर में श्रीमद् देवी भागवत ज्ञान कथा के छठे दिन ब्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री ने देवी के विभिन्न रुपों एवं शुम्भ निशुम्भ के वध का वर्णन किया। ब्यास जी ने कहा कि धर्म के मार्ग का अनुसरण करने से अंहकार का नाश होता है। इस बीच सैकड़ों श्रोताओं से भरे पंडाल में देवी की महिमा का गुणगान करते हुए गाए गए भजनो की संगीतमय धुन में दर्जनों भक्त भावविभोर होकर नृत्य करते नजर आए।



पंडाल में कठघरिया निवासी राहुल अधिकारी के हनुमान जी की वेशभूषा में आने पर हुई हनुमान जी की बन्दना के बीच एक महिला में देवी अवतरित हो गई जिसे देखकर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और मॉ के जयकारे से गूंज उठा। इससे पूर्व सोमवार की सुबह आचार्य हरि ओम जोशी,दीप चन्द्र जोशी एवं धीरज पाण्डे ने मन्त्रोचारण के साथ मंडप प्रवेश, गणेश पूजन एवं नित्य पूजन कराया। मुख्य यजमान सुरेन्द्र सिंह बिष्ट सह यजमान गौरव बिष्ट थे। संगीत मण्डली में मोहित, दीपक, नीरज एव रमेश थे। इस अवसर पर मन्दिर समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, सचिव दीपक बिष्ट, कोषाध्यक्ष केसी त्रिपाठी, देवक. ाबिहार विकास समिति के अध्यक्ष रमेश चन्द्र पाण्डे, हिम्मत सिंह बिष्ट, गोपाल सिंह डसीला, प्रकाश चन्द्र काण्डपाल, ललित तिवारी, रमेश तिवारी, कानू बिष्ट, कुसुम त्रिपाठी, दीपा डसीला, रेनू बिष्ट, दलीप सिंह अधिकारी,मन्जू बिष्ट आदि थे।

## लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम

**नैनीताल।** हिम शिखर लोकोत्सव सेंट्रल नोडल एजेंसी उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज तथा सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आरोह सांस्कृतिक कला समिति नैनीताल द्वारा सोमवार को देवभूमि उत्तराखण्ड की लोक संस्कृति के आधार पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। बता दें यह कार्यक्रम आरोह सांस्कृतिक कला समिति की अध्यक्ष रीना आर्या के द्वारा कराये गये। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में मौजूद श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह, कुविवि के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष व श्री राम सेवक सभा के वरिष्ठ सदस्य व मीडिया प्रभारी प्रो. ललित तिवारी समेत विमल चौधरी तथा शोभा चारक केंद्रीय संचार बयूरो नैनीताल ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कलाकारों मे दीपा, अजय, शुभम, मोनिका, पवन, महेश, हेम, पीयूष, सुमित, माही, पीहू तथा गायक मो. निका, अजय कुमार ढोलक,संजू, तथा शुभम ने वंदना समेत कई लोक गीतों की भव्य व दिव्य प्रस्तुति दी।

## शासनादेश जारी न होने पर होगा आंदोलन

**नैनीताल।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजी. नियर महासंघ ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार की ओर से उनकी 27 मांगों को लेकर जल्द ही शासनादेश जारी नहीं किया तो महासंघ फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के शाखा अध्यक्ष दीप चौधरी ने बताया कि डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता हुई है जिसमें मुख्यमंत्री ने डिप्लोमा इंजीनियरों की मांगें पूरी करने का आश्वासन दिया है जिस पर प्रांतीय अध्यक्ष के कहने पर आंदोलन को स्थगित किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही हमारी मांगें पूरी करने के लिए जियो लागू नहीं किया गया तो पुनः आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

## एक नजर

### घटगढ़ में शराब की दुकान का पुरजोर विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग में घटगढ़ में चल रहा शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन अब धीरे धीरे जोर पकड़ रहा है। समस्त ग्रामीण एक सुर में शराब की दुकान खोले जाने को लेकर पिछले 4 दिनों से दिन-रात धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन और सरकार से निवेदन है कि वे क्षेत्र में विकास कार्यों को कराये नाकि हमारे बच्चों को शराब के नशे में डुबोने का कार्य करे। आक्रोशित महिलाओं का कहना है कि वैसे ही ग्रामीण क्षेत्र में हम सभी शराब के वजह से परेशान हैं हम नहीं चाहते हैं कि हमारे बच्चे भी अपने बड़ों की तरह शराब की लत में डूबकर अपना भविष्य बर्बाद करें। अगर सरकार समय रहते शराब की दुकान को क्षेत्र में खोलने के अपने निर्णय को परिवर्तित नहीं करती है तो हम सामा. जिक आत्मदाह करने को तैयार हैं पर अपने बच्चों के भविष्य को अंधकार में और नशे में डूबते हुए हम नहीं देख सकते। हमें यकीन है कि धामी सरकार हमारे दर्द को समझेगी और शराब की दुकान को ग्रामीण क्षेत्र में नहीं खोलेगी। इस दौरान धरने में महिलाएं व स्कूली बच्चे और ग्रामीण मौजूद रहे।

### वन विभाग ने ताकुला क्षेत्र में फायर ड्रिल की

**नैनीताल।** तेज हवा के साथ पिरूल गिरने और धूप से जगंलों में आग लगने का खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर वन विभाग ने सडक् पर गिरे पिरूल हटाकर फायर ड्रिल शुरू कर दी है। हल्द्वानी रोड को वन विभाग अति संवे. दनशील क्षेत्र मानकर लगातार नजर बनाए हुए है। यहां लगातार गश्त और कंट्रोल बर्निंग की जा रही है। बीते दिनों बारिश और तेज हवा से भारी मात्रा में पिरूल गिरा है। अब गर्मी बढ़ने के कारण आग का खतरा बढ़ गया है। इसको देखते हुए वन विभाग सड़क किनारे से पत्तों व पिरूल व घास को सड़क से हटा रहा है। सोमवार को ताकुला क्षेत्र में फायर ड्रिल की गई। टीम ने सूखे पत्तों व पिरूल को एकत्र कर जलाया। लोगों आग न लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि क्षेत्र में लगातार नजर रखी जा रही है। सड़क किनारे गिरे सूखे पत्तों को जलाकर कंट्रोल बर्निंग की जा रही है। ताकि जंगलों को आग से बचाया जा सके।

### जिला अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ी

**नैनीताल।** गर्मी व रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में मरीजों की लंबी कतारें लगी रहीं। सुबह से ही अस्पताल में पर्ची काउंटर और ओपीडी कक्षों के बाहर मरीजों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई जिससे व्यवस्थाएं कुछ समय के लिए दबाव में नजर आईं। रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को बीडी पांडे अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी दिखी। दूर दराज क्षेत्रों से आए मरीजों को भी इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। अस्पताल में भीड़ बढ़ने से पंजीकरण काउंटर, दवा वितरण केंद्र और जांच इकाइयों पर भी दबाव बना रहा। हालांकि अस्पताल प्रशासन ने स्थिति को संभालते हुए मरीजों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का प्रयास किया। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में बदलाव के चलते भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है, ऐसे में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। प्रभारी प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि सोमवार को अस्पताल में कुल 149 मरीजों की ओपीडी दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि मरीजों की बढ़ी संख्या को देखते हुए चिकित्सकों और स्टाफ को अतिरिक्त सतर्कता के साथ कार्य किया और सभी मरीजों को उपचार मिल सका।

### युवक ने नैनी झील में लगाई छलांग, बचाया

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल स्थित माल रोड क्षेत्र में एक युवक ने अवसाद में नैनी झील में छलांग लगा दी। समय रहते नाव चालकों ने युवक को डूबने से बचा लिया। वहीं पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद युवक को परिजनों को सुपुर्द कर दिया। तल्लीताल कोतवाली से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार की देर शाम एक युवक ने तल्लीताल मालरोड में नैनी झील में छलांग लगा दी। युवक को झील में कूदता देख वहां मौजूद नाव चालकों ने सक्रियता दिखाई और युवक को बचाने के लिए झील में छलांग लगा दी। कफी मशक्कत के बाद नाव चालकों ने युवक को झील से निकाल लिया और पुलिस को सूचित कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई। मामले में एसआई बबिता ने बताया कि मुखानी हल्द्वानी निवासी नीरज अवसाद के चलते नैनी झील में कूद गया था। पूछताछ व इलाज के दस्तावेज देखने के बाद पुलिस ने काउंसिलिंग के बाद युवक को उसके परिजन को सौंप दिया है।

### गैस सिलिंडर के लिए उमड़ी भीड़

**नैनीताल।** नैनीताल में सोमवार को विभिन्न स्थानों पर गैस सिलेंडर वितरण के दौरान उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रिफिल बुकिंग के आधार पर सिलिंडर दिए गए जिससे कई जगहों पर लंबी कतारें लगी रहीं। बता दें सोमवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घरेलू गैस सिलेंडरों का वितरण किया गया जहां उपभोक्ताओं को रिफिल बुकिंग की प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर मुहैया कराए गए। वितरण के दौरान कई स्थानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। कई लोग छाते ओढ़े नजर आए। पर्वत गैस एजेंसी की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को बीडी पांडे क्षेत्र में 60 जबकि धर्मशाला में 50 वहीं स्टोनले कंपाउंड में 56 जबकि स्टाफ हाउस (हनुमान मंदिर) क्षेत्र में 56 और जज की कोठी क्षेत्र में 40 सिलिंडरों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि एजेंसी की ओर से सभी उपभोक्ताओं के लिए डीएसी अनिवार्य रखा गया है, बिना डीएसी के किसी को भी सिलेंडर नहीं दिया गया।

# 'सामाजिक न्याय सोच और व्यवहार में बदलाव से भी जुड़ा है'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर हम भारत के लोग अम्बेडकर के अधिकार और सामाजिक न्याय की अवधारणा विषय पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय गणाई गंगोली पिथौरागढ़ तथा श्रीराम सिंह धौनी राजकीय महाविद्यालय जैती अल्मोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान में निहित समानता, न्याय और गरिमा के मूल्यों के संदर्भ में डा. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को समझना और वर्तमान समाज में उनकी प्रासंगि. कता पर चर्चा करना था। मुख्य वक्ता के रूप में उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता डा. योगेश मीना ने सामा. जिक न्याय और अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय केवल संविधान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज की सोच और व्यवहार में बदलाव से भी जुड़ा है। उन्होंने हम भारत के लोग की अवधारणा को एक जीवंत संकल्प बताते हुए कहा कि यह प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक रहने के लिए प्रेरित करता है। वेबिनार के दौरान प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों से जुड़े कई प्रश्न पूछे। मुख्य वक्ता ने सभी प्रश्नों के विस्तृत उत्तर देकर प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम का आयोजन सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी और उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. विश्वनाथ खाली के मार्गदर्शन में किया गया। वेबिनार में संयोजक शीतल आर्या, सह-संयोजक डा. घनश्याम जोशी, आयोजन सचिव डा. लता जोशी सहित शोधार्थी शामिल हुए।

# भाजपा महिला मोर्चा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसमें महिलाओं ने जिला अस्पताल बीडी पांडे नैनीताल और नगरपालिका परिषद नर्सरी स्कूल में जनसंपर्क किया। इस दौरान महिला मोर्चा अध्यक्ष अमिता साह, महामंत्री मीरा बिष्ट, महामंत्री हेमलता पांडे, सोशल मीडिया प्रभारी रेखा जोशी, उपाध्यक्ष रश्मि सिराला, उपाध्यक्ष आद्या जायसवाल, रेनू सिराला, मालती देवी, गीता, कमला, सुनीता आदि मौजूद रहे।

# रोमांचक मैचः एमएससी ने एमबी क्लब को हराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** रविवार को दे रात्रि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में आयोजित दो दिवसीय स्वर्गीय धीरज वर्मा मेमो. रियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हो गया है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में एमएससी क्लब ने एमबी क्लब को कड़े संघर्ष में 3-2 से हराकर ट्राफी अपने नाम कर ली। फाइनल मैच में दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली। एमएससी क्लब ने 22-25, 25-23 और 25-13 के सेटों में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। टूर्नामेंट में उत्कर्ष को बेस्ट स्पाइकर, लकी कोरंगा को बेस्ट लिबेरो, यीशु कोरंगा को बेस्ट स्मैशर और विनीत राणा को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शुक्ला और कांग्रेसी नेता नारायण सिंह बिष्ट ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। जबकि आंखों देखा हाल नेशनल कामेंटेटर लक्की चुफाल व लालमन वर्मा ने सुनाया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, लालमन शर्मा, राजेंद्र पटवाल, मोहन कोरंगा (लक्खा), पंकज कोरंगा, सोनू कार्की सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने की बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति की सफाई



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को पहले दिन अंबेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा की साफ सफाई कर परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया तथा उनके विचारों को स्मरण करते हुए स्वच्छता, समानता एवं सामा. जिक समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर का जीवन समाज में समानता, शिक्षा और स्वाभिमान के लिए संघर्ष की प्रेरणा देता है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से उनके आदर्शों को व्यवहार में उतारने का प्रयास किया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संयोजक ज्योति ढोंढियाल, सह संयोजक प्रदीप कुमार, सह संयोजक संतोष कुमार समेत आशीष बजाज, भरत मेहरा, दीपिका बिनवाल, कविता गंगोला, अमिता साह, रश्मि सिराला, रेखा जोशी, रेनू सिराला, मयंक पंत, कमल जोशी, अरुण कुमार, युवराज करायत, करण साह व आद्या जायसवाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सड़क पर फैल रही गंदगी

**नैनीताल।** कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे पालिका के वाहनों से लगातार सड़क पर कचरा फैल रहा है। सड़कों पर फैले कूड़े व दुर्गंध से लोग परेशान हो रहे हैं। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि नैनीताल से कूड़ा लेकर हल्द्वानी जा रहे वाहनों को सही से पैक कर भेजने की व्यवस्था बनाने के लिए पालिका को निर्देशित किया जाएगा।


## सफाई कर्मचारी संघ ने दिया नगर पालिका में धरना

**नैनीताल।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नगर पालि. का परिषद कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया और अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से किरायेदारी, प्रतीक्षा सूची तथा एसीपी लाभ सहित अन्य सेवा संबंधी मांगों को लेकर प्रशासन से वार्ता कर रहे हैं लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

# धूमधाम से मनाया सरस्वती शिशु मंदिर मौना का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के सरस्वती शिशु मंदिर मौना का वार्षिकोत्सव एवं आशीर्वाद समारोह सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सरिता आर्या, विशिष्ट अतिथि भीम सिंह बिष्ट (खंड कार्यवाह आरएसएस) तथा समारोह के अध्यक्ष गोपाल सिंह नयाल व्यस्थापक रहे। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में नन्हे मुन्ने भैया बहिनों द्वारा गीता शर्मा के निर्देशन में विभिन्न सांस्कृतिक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। संचालन सोनम शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि




विधायक सरिता आर्या द्वारा भैया बहिनों की प्रस्तुति पर शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही उन्होंने विद्यालय भवन निर्माण हेतु 5 लाख रुपए विधायक निधि से देने की घोषणा की। साथ ही आश्वस्त किया कि वह सांसद अजय भट्ट द्वारा भी भवन निर्माण हेतु 5 लाख की राशि की सहायता कराएंगी। इससे पूर्व प्रधानाचार्य भाष्कर महतोलिया द्वारा अतिथियों समेत सभी का स्कूल परिवार की ओर से स्वागत किया गया व वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।समारोह में आनंद सिंह नेगी, राकेश कपिल, दीपक रैक्वाल, कुंदन चिलवाल, राकेश राणा, निर्मला जीना, रेखा बिष्ट समेत विभिन्न क्षेत्रों के ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र एवं आंतरिक शिकायत समिति कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा सोमवार को कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के संरक्षण में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में यह सर्वसममति से अनुशंसा की गई कि यह अधिनियम एक ऐतिहासिक निर्णय सिद्ध होगा। इस अधिनियम को यथाशीघ्र प्रभाव से लागू किया जाना चाहिए। कार्यशाला में प्रो. नीता बोरा शर्मा ने अधिनियम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत किया जबकि मुख्य वक्ता डा. पंकज सिंह नेगी के द्वारा अधिनियम का इतिहास बताते हुए उसकी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया। कार्यशाला में डा. मनोज सिंह बिष्ट तथा डा. रंजन के द्वारा भी संबोधित किया गया। अंत में आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष प्रो. चंद्रकला रावत के द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए इस अधिनियम को शीघ्र लागू किए जाने पर जोर दिया जबकि डा. किरन तिवारी ने संचालन किया।




# सिंचाई गूल ने खड़ा किया संकट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के बेतालघाट ब्लॉक के ओड़ा बांसकोट गांव में करीब दो दशक पहले क्षतिग्रस्त व बंद हुई सिंचाई गूल आज भी मरम्मत का इंतजार कर रही है। हालत यह है कि सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से गांव की करीब 80 प्रतिशत खेती प्रभावित हो चुकी है और किसान परेशान हैं। ग्राम प्रधान मीनाक्षी आर्य ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व रिखोली मोटर मार्ग निर्माण के दौरान गांव की सिंचाई गूल दब और क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद विभाग व पूर्व प्रधान द्वारा पाइप लाइन के जरिए अस्थायी व्यवस्था की गई लेकिन वह लंबे समय तक टिक नहीं सकी। वर्तमान में गांव में सिंचाई के लिए कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। गांव के करीब 120 परिवार सीधे तौर पर खेती पर निर्भर




हैं लेकिन पानी की कमी के चलते उनकी आजीविका संकट में है। ग्रामीणों का कहना है कि बेतालघाट ब्लाक मुख्यालय से मात्र 13 किलोमीटर दूर होने के बावजूद उनकी समस्या पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। महेश चंद्र, किशोर कुमार, बाबू लाल, जगदीश चंद, भरत राज और भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य डा. भुवन चंद्र आर्य समेत अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन और संबंधित विभागों पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए रोष जताया। उन्होंने जल्द से जल्द सिंचाई गूल की मरम्मत कर स्थायी समाधान की मांग की है। दूसरी ओर मामले में श्री कैंची धाम तहसील की उपजिला. धिकारी मोनिका आर्या के मुताबिक मामले में संबंधित विभाग से जानक. ारी ली जाएगी। अगर विभाग की ओर से समस्या है तो समाधान के लिए कार्य किया जाएगा।

# शिल्पकार सभा ने कराई चित्र व भाषण प्रतियोगिता

## सभा के संस्थापक एडवोकेट नंद प्रसाद की स्मृति में अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के मद्देजनर सोमवार से दो दिनी कार्यक्रमों का आयोजन शुरु कर दिया गया है। सभा के डा. अंबेडकर भवन में पहले दिन सभा के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष रहे स्वर्गीय एडवोकेट नंद प्रसाद की स्मृति में स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष डा. रमेश चन्द्रा तथा संचालन महामंत्री राजेश लाल एवं महेश चंद्र ने किया जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सभा के पूर्व संरक्षक गिरीश चंद्र आर्य व विशेष आमंत्रित अतिथि के रुप में नगर की वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष



कविता गंगोला उपस्थित रही।

बता दें चित्रकला प्रतियोगिता के तहत सब जूनियर वर्ग हेतु प्राकृतिक चित्रण, जूनियर वर्ग हेतु स्वच्छ नैनीताल-स्वस्थ नैनीताल तथा सीनियर वर्ग हेतु पर्यावरण विषय निर्धारित किया गया जबकिभाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग का विषय सावित्रीबाई फुले तथा सीनियर वर्ग का विषय महिला सशक्तिकरण में बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर का योगदान था।

सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में चित्रकला प्रतियोगिता में रोहित वर्मा, शबनम और लक्ष्मी बिष्ट तथा भाषण प्रतियोगिता में दीपा आर्य, देवेंद्र प्रकाश एवं चंद्र प्रकाश शामिल रहे। चित्रकला प्रतियोगिता के सब जूनियर वर्ग में प्रथम, चित्रांशी मठपाल (लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल), द्वितीय साजिया व तृतीय रुकप्या (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय), सांत्वना अभिता वर्मा रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम संस्कृति मौलखी (सेंट मैरी कॉन्वेंट), द्वितीय रितिका बिष्ट, तृतीय लक्षिता बिष्ट व सांत्वना लवण्या बिष्ट रही वहीं सीनियर वर्ग मेंप्रथम वैभवी मेहरा (सेंट मैरी कॉन्वेंट), द्वितीय कामक्षी (मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर), तृतीय पलक बिष्ट (राजकीय बालिका इंटर कालेज खुर्पाताल) जबकि सांत्वना आहाना कनौजिया (सेंट मैरी कॉन्वेंट) रही। भाषण प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग मेंप्रथम शिवम तिवारी (लॉन्ग व्यू पब्लिक स्कूल), द्वितीय नव्या कनौजिया (सेंट मैरी कॉन्वेंट), तृतीय रचना (राधा चिल्ड्रन एकेडमी) व सांत्वना दिव्यांशी बिष्ट (मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर) रही जबकि सीनियर वर्ग में प्रथम सचिन कुमार (राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्या निशांत स्कूल), द्वितीय संस्कृति पांडे (सेंट मैरी कॉन्वेंट), तृतीय वर्णित पांडे (मोहनलाल साह बाल विद्या मंदिर) व सात्वना नमन पांडे लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल रहे। सभी विज. ेताओं को पुरस्कार मंगलवार (आज) को डा. अंबेडकर भवन तल्लीताल में आयोजित जयंती समारोह में वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम की सफलता में कैलाश आगरकोटी, अनिल गोरखा, संजय कुमार, राजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, सुरेश चंद्र, अजय कुमार, इंदर कुमार, प्रदीप त्यागी, चंद्र प्रकाश, महेश चंद्र व राजेश लाल आदि रहे।

# विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन, पूर्व प्रधान विजयपाल ने जताई दावेदारी

**सेलाकुई।** हरिपुर खेड़ा मंदिर सेलाकुई में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व पूर्व प्रधान विजयपाल सिंह बर्तवाल ने किया, जिसमें क्षेत्रवासियों के साथ विस्तृत वार्तालाप कर उनकी राय जानी गई। इस दौरान विजयपाल सिंह बर्तवाल ने कहा मैं भाजपा का सिपाही हूं यदि पार्टी मुझे टिकट देती है तो वह पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे, अन्यथा वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता पार्टी की विचारधारा के साथ रहकर चुनाव लड़ने की है और टिकट मिलने पर वे पूरी मजबूती से अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

**कार्यालय नगर निगम, श्रीनगर गढ़वाल**

पत्रांक: 701(i)/09-मु0स्वा0नि0(सार्व0सू0बो0)/2026-27 दिनांक- 13 अप्रैल, 2026

**सार्वजनिक नीलामी / बोली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम श्रीनगर, कार्यालय के विभिन्न कमरों एवं कार्यालय / कार्यस्थलों में लंबे समय से पड़ी हुई निष्प्रोजित सामग्री (जैसे- पुराना लोहा, कबाड़, खराब फर्नीचर, अनुपयोगी मशीनरी/वाहन के पुर्जे आदि) की नीलमी हेतु नगर आयुक्त महोदय गठित समिति द्वारा सामग्री का निरीक्षण एवं आंकलन जिलाधिकारी महोदया निर्धारित दरों के अनुरूप किया गया, इत्यादि सामग्री की नीलामी / विक्रय किये जाने हेतु दिनांक 20.04.2026 का समय पूर्वान्ह 11.00 बजे, खुली बोली के आधार/ माध्यम से कराया जाना निश्चित हुआ है। बोली से सम्बन्धित शर्तें, नियम एवं अन्य जानकारी निगम कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक देखी जा सकती है।

अतः इच्छुक बोलीदाता दिनांक 20.04.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे निगम कार्यालय में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते हैं।

**सहायक नगर आयुक्त,**
**नगर निगम,**
**श्रीनगर गढ़वाल।**

# SRH ने RR को 217 का टारगेट दिया

### ईशान किशन की फिफ्टी, क्लासन ने 40 बनाए, आर्चर को 2 विकेट

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के 19वें सीजन के 21वें मैच में राजस्थान रायल्स को 217 रन का टारगेट दिया है। हैदराबाद के होम ग्राउंड राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में राजस्थान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। हैदराबाद ने 20 ओवर में 216 विकेट पर 170 रन बनाए। टीम ने पहली बाल पर अभिषेक शर्मा का विकेट गंवा दिया था।

यहां से ईशान किशन ने 44 बाल पर 91 रन की पारी खेलकर टीम को 100 पार पहुंचाया। उनकी पारी में 4 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। हेनरिक क्लासन ने 40 रन का योगदान दिया। राजस्थान की ओर से जोफा आर्चर ने दो विकेट झटके। संदीप शर्मा, तुषार देशपांडे और रियान



पराग को एक-एक विकेट मिला। मैच का स्कोरबोर्ड हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस सीजन यह पहला मुकाबला है। दोनों टीमों का आज 5वां मैच है। त्त अब तक एक भी मैच नहीं हारी है और 4 जीत के साथ पाइंट्स टेबल टॉप पर है। दूसरी ओरैत्भ4 में से केवल 1 मैच जीती है और 3 हार चुकी है। 18वें ओवर में हैदराबाद ने 5वां विकेट गंवाया। यहां पर नीतीश कुमार रेड्डी (2) रनत्र को जोफा आर्चर ने कैच आउट कराया। उन्होंने मैच की पहली बाल पर अभिषेक शर्मा (जीरो) को भी आउट किया। 17वें ओवर में नांद्रे बर्गर ने लगातार 4 यार्कर बाल डाली। उनके इस ओवर से महज 7 रन आए। तीसरी बाल पर सलिल अरोरा ने चौका लगाया। 15वें ओवर में हैदराबाद ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया। हेनरिक क्लासन ने नांद्रे बर्गर की 5वीं बाल पर छक्का लगाकर टीम स्कोर 150 पार पहुंचाया। 14वें ओवर में हैदराबाद ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर ईशान किशन 44 बाल पर 91 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें संदीप शर्मा ने अपनी ही बाल पर कैच किया। वे कैच लेने के प्रयास में विकेटकीपर धरुव जुरेल से टकरा गए, लेकिन कैच नहीं छोड़ा। यहां पर फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। 11वें ओवर में तुषार देशपांडे ने 21 रन खर्च कर दिए। उनकी ओवर में ईशान किशन ने 3 चौके और एक छक्का लगाया। ईशान ने ओवर की तीसरी बाल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचा दिया। ओवर की आखिरी बाल पर ईशान ने चौका लगाकर क्लासन के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी की। 10वें ओवर में ईशान किशन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 30 बाल पर अर्धाशतक लगाया। ईशान ने रवि बिश्नोई की चौथी बाल पर डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया और हाफ सेंचुरी पूरी की। इस ओवर में क्लासन ने भी छक्का मारा। 7वें ओवर की 5वीं बाल पर हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां पर ट्रैविस हेड 18 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कप्तान रियान पराग ने डोनोवन फरेरा के हाथों कैच कराया। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। जीरो पर पहला विकेट गंवाने के बाद हैदराबाद ने पावरप्ले में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रैविस हेड और ईशान किशन ने फिफ्टी पार्टनरशिप करके टीम की वापसी कराई। 6 ओवर के बाद सनराइजर्स का स्कोर 51ध1 है। अभिषेक जीरो पर आउट हुए। 5वां ओवर डाल रहे संदीप शर्मा के ओवर से 12 रन आए। उनकी चौथी बाल पर ईशान किशन ने स्ट्रेट पर छक्का लगाया। तीसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर की शार्ट लेंथ बाल पर ईशान ने डीप मिडविकेट की दिशा में 88 मीटर का छक्का लगाया।

# सांसद खेल महोत्सव-2026 का आगाज, राजनाथ ने किया शुभारंभ

**लखनऊ, वार्ता।** राजधानी लखनऊ में सांसद खेल महोत्सव-2026 का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस खेल आयोजन का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। प्रतियोगिता 13 से 15 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है। महोत्सव में लखनऊ की पांच विधानसभा क्षेत्रों लखनऊ मध्य, पश्चिमी, उत्तरी, पूर्वी और कैंट के खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री, जनप्रतिनिधि, खेल अधिकारी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को मोमेंटो, अंगवस्त्र और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा पांच प्रशिक्षकों, दो पत्रकारों तथा पांच



उत्कृष्ट कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में कुश्ती, क्रिकेट, पैरा बैडमिंटन, बास्केटबॉल, हॉकी, सॉफ्ट टेनिस और हैंडबॉल से जुड़े खिलाड़ी शामिल रहे। समारोह में खेलों के विकास और युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन समिति के अनुसार सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देना और फिटनेस संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के पहले दिन ताइक्वांडो समेत विभिन्न स्पर्धाओं के मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को आगामी चरणों में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, खेल विभाग के अधिकारियों और खिलाड़ियों ने महोत्सव को युवाओं के लिए प्रेरणादायक पहल बताया।

## खेल विशेष

### आईएलटी20 का पांचवां सीजन 22 नवम्बर से होगा शुरू

**दुबई, वार्ता।** अरब अमीरात (यूएई) की आईएलटी 20 लीग का पांचवां सीजन इस वर्ष 22 नवम्बर से शुरू होकर 20 दिसम्बर तक चलेगा। आईएलटी 20 के इस सीजन में कुल 34 मैच होंगे और लीग चरण के 30 मैचों के अलावा चार प्लेऑफ मैच भी खेले जाएंगे। ए मैच दुबई, अबू धाबी और शारजाह में , जबकि खिताबी मुकाबला दुबई में होगा। आईएलटी 20 के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट ने सोमवार को एक बयान में कहा, ष्हम सीजन 4 की सफलता से बहुत खुश हैं। ब्रॉडकास्ट आंकड़े, दर्शकों की दिलचस्पी और बड़े टी-20 सितारों की भागीदारी ने इस टूर्नामेंट को बेहद सफल बनाया है और लीग की गुणवत्ता और बेहतर हुई है। डीपी वर्ल्ड आईएचटी 20 लगातार आगे बढ़ रही है और सऊदी अरब क्रिकेट फेडरेशन व कुवैत क्रिकेट के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारियां पहले ही बड़ा असर डाल रही हैं।

### खालसा, किरोड़ीमल, गार्गी और स्टनर्स सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली, वार्ता।** मेजबान श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज और किरोड़ीमल कॉलेज ने पुरुषों के वर्ग के अपने मैच जीते और 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल (पुरुष और महिला) टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। महिलाओं के वर्ग में गार्गी कॉलेज और स्टनर्स एकेडमी सेमीफाइनल में पहुंचे। पुरुषों के वर्ग के मैचों में, खालसा कॉलेज ने खालसा एलुमनी को 74-66 से हराया। दूसरे मैच में, किरोड़ी मल कॉलेज ने स्टनर्स एकेडमी को 100-99 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार किरोड़ी मल कॉलेज के दक्ष को दिया गया। महिलाओं के वर्ग में, स्टनर्स एकेडमी ने मिरांडा हाउस को 66-56 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार स्टनर्स एकेडमी की गुलफशा को दिया गया। दूसरे मैच में, गार्गी कॉलेज ने रामजस कॉलेज को 40-39 से हराया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार गार्गी कॉलेज की पी- सैनी को दिया गया।

### क्रिकेट आईपीएल हार्दिक जुर्माना हार्दिक पंड्या पर धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि हार्दिक पांड्या पर धीमी ओवर गति के लिए यह जुर्माना लगाया गया है यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत इस सीजन में उनकी टीम का यह पहला अपराध था, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। उल्लेखनीय है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) से यह मुकाबला 18 रनों से जीत लिया था।

# आईपीएल 2026: बेहतरीन प्रदर्शन से पर्पल कैप पर प्रसिद्ध कृष्णा का कब्जा

**लखनऊ, वार्ता।** गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजी प्रसिद्ध कृष्णा ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में बेहतरीन गें. दबाजी प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटक कर पर्पल कैप पर कब्जा जमा लिया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को खेले गए इस मुकाबले में प्रसिद्ध



कृष्णा चार विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में चार मैचों में कुल 10 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए है। इस सूची में दूसरे स्थान पर राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के रवि बिश्नोई (नौ विकेट) के साथ दूसरे तथा चेन्नई सुपर किग्स के गेंदबाज अंशुल कंबोज तीसरे स्थान पर है। चौथे स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव और रॉयल चैलेंजसै बेंगलुरु के जैकब डफी हैं, जिनके नाम छह-छह विकेट हैं।

# जीत के जोश से लबरेज CSK, जीत के इंतजार में KKR

**चेन्नई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की अंक तालिका में सबसे नीचे की टीमों के बीच का मंगलवार को होने वाले मुकाबले में पांच बार की विजेता चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके), जो लगातार तीन हार के बाद जीत की राह पर लौट आई है वहीं टूर्नामेंट में संघर्ष कर रही पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत का खाता खुलने का इंतजार हैं।

आंकड़ों की अगर बात की जाए तो घरेलू मैदान के फायदे और 'एलो ब्रिगेड' (सीएसके के फैन्स) के जबरदस्त समर्थन के दम पर, सीएसके का पलड़ा अजिक्य रहाणे की अगुवाई वाली केकेआर पर भारी है। केकेआर अपने पहले चार मैचों में से तीन हारने के 'बदकिस्मती' को तोड़ना चाहती है, इस सीजन में ईडन




गार्डन्स में पंजाब किग्स के खिलाफ बारिश की वजह से रद्द हुए मैच में उसे एक अंक मिला था, जो उसकी पहली 'जीत' जैसा था दोनों टीमों के बीच अब तक हुए 31 मुकाबलों में 20 में सीएसके को जबकि 11 में केकेआर को जीत मिली है। वहीं चेपॉक पर भी हुए 12 मुकाबलों में सीएसके की टीम 8-4 से आगे है। हालांकि 2022 से हुए छह मुक. ाबलों में दोनों टीमें 3-3 से बराबरी पर हैं। केकेआर की तरह, घरेलू टीम की शुरुआत भी बेहद खराब रही थी और उसे अपने पहले तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा था- भले ही उसने दो बार 200 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया था। लेकिन दो दिन पहले इसी मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 23 रन की शानदार जीत के साथ उसे अपनी पहली जीत का स्वाद चखने को मिला। इस जीत का श्रेय ओपनर संजू सैमसन को जाता है, जिन्होंने पिछले मैचों में कम स्कोर बनाने के बाद, सही समय पर अपनी फॉर्म में वापसी करते हुए एक बेहतरीन शतक जड़ा, साथ ही युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे ने भी उतना ही शानदार अर्धशतक बनाया, जो इस सीजन में उनका दूसरा अर्धशतक था। इस जीत की बदौलत सीएसके अंक तालिका में एक पायदान ऊपर चढ़कर 10वें से 9वें स्थान पर पहुंच गई,

जबकि केकेआर अभी भी सबसे निचले स्थान पर बनी हुई है। सीएसके को संजू सैमसन और म्हात्रे से उम्मीद है कि वे अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेंगे, जबकि कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को पारी की शुरुआत में बड़ी पारी खेलनी होगी। उन्होंने पिछले कुछ मैचों में 6, 28, 7 और 15 जैसे कम स्कोर बनाए हैं, इसलिए उन्हें अपनी लय वापस पाने की जरूरत है। मिडिल ऑर्डर में टैलेंट तो है, लेकिन अभी तक वे एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। सरफराज खान ने अपनी जोरदार हिटिंग की झलक दिखाई, वहीं साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी डेवाल्ड ब्रेविस की वापसी से टीम को और मजबूती मिली है, वे पिडली की चोट से उबरने के बाद लौटे हैं और पहले तीन मैच नहीं खेल पाए थे।

# अल्काराज को हराकर सिनर ने जीता मोंटे कार्लो मास्टर्स का खिताब

**मोनाको, वार्ता।** जैनिक सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में डिफेंडिग चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज को हराकर नवम्बर की शुरुआत के बाद पहली बार दुनिया के शीर्ष स्थान पर वापसी की।

मोनाको में खेले गए निर्णायक मुकाबले में सिनर ने अल्काराज को 7-6 (7-5), 6-3 से हराकर मोंटे कार्लो टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। दुनिया के शीर्ष दो खिलाड़ियों के बीच नवम्बर में एटीपी चैंपियनशिप के फाइनल में सिनर की सीधे सेटों में जीत के बाद पहली भिड़ंत थी। बड़े-बड़े शॉट्स से भरे इस तनावपूर्ण और कड़े मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों को तेज हवाओं का सामना करना पड़ा। इन हवाओं ने मैच में अनिश्चितता का एक तत्व जोड़ दिया, जिसके चलते दोनों



खिलाड़ियों से कुल मिलाकर 83 गलतियां हुईं।

इस जीत के साथ 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने इस साल का अपना तीसरा मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है, इससे पहले वे इंडियन वेल्स और मियामी में भी जीत हासिल कर चुके हैं और मास्टर्स सीरीज के स्पर्धाओं में उनकी जीत का सिलसिला अब 22 मैचों तक पहुंच गया है। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा कि क्ले कोर्ट पर फिर से खेलना सीखने के प्रयास में यह सप्ताह बेहद दिलचस्प रहा। मैं यहां ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने की कोशिश में आया था, और इस सतह पर एक बड़ा टूर्नामेंट जीतकर मैं बहुत खुश हूं। यह ट्रॉफी जीतना और फिर से नंबर एक पर पहुंचना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

# पीजीडीएवी ब्लू ने डे-नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच जीता

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीजीडीएवी ब्लू टीम ने सोमवार को यहां दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीसरे स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाइट टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज पर 32 रनों से जीत हासिल की। टूर्नामेंट का उद्घाटन दिल्ली विश्व. विद्यालय के कॉलेजों के डीन प्रो- बलराम पाणि ने किया। उन्होंने विभिन्न कॉलेजों के छात्रों को खेल अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य में भी सुधार करता है और आपको दोनों तरह से फिट रहना होगा, जीवन में केवल तभी आप सफलता प्राप्त कर सकते हैं जब आप केंद्रित रहें। प्रो- पाणि ने पीजीडीएवी कॉलेज के प्राचार्य प्रो- दरविदर कुमार और शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान विभाग के डा. पवन डबास तथा डा. मुकेश कुमार को छात्रों को अच्छी खेल सुविधाएं प्रदान करने के उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। इस अवसर पर पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व छात्र प्रमोद जैन, डीडीसीए के सदस्य, और जगदीश मल्होत्रा, दिल्ली सॉकर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष को भी सम्मानित किया गया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप खण्ड बाजपुर जनपद उधम सिंह नगर।**
Email Id:- twdbazpur@gmail.com

पत्रांकः 427/न0ख0बा0/ई-टेण्डर **-: शुद्धि पत्र :-** दिनांकः 13/04/2026

इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना संख्या- 01/अ0अ0/2026-27 दिनांक 01.04.2026 प्रकाशित हुई निविदा के जॉब संख्या-01 में कार्य के विवरण में Supply of PVC pipe 200mm. dia एवं जॉब संख्या-02 के कार्य के विवरण में Supply of PVC pipe 160 mm. dia त्रुटिवश अंकित हो गया है, जिसके स्थान पर जॉब सं0 01 के कार्य विवरण में Supply of PVC pipe 160 mm. dia एवं जॉब संख्या- 02 के कार्य के विवरण में Supply of PVC pipe 200 mm. dia पढ़ा व समझा जाये तथा शेष निविदा की शर्ते एवं समय सारणी पूर्ववत रहेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप खण्ड, बाजपुर।**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय नलकूप खण्ड टनकपुर**

पत्रांक : 28 /सहा0 अभि0 द्वि0/निविदा/ दिनांक : 13/04/2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या -01/सहा0 अभि0 द्वि0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो की मुहरबन्द निविदाये दिनांक तक वर्णित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 28.04.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक निविदा टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 03.00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा सहायक अभियन्ता द्वितीय, नलकूप उपखण्ड चम्पावत के कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27.04.2026 तक किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित मूल्य (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) जमा कर, कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, नलकूप उपखण्ड चम्पावत से प्राप्त की जा सकती है। निविदा दो बिड प्रणाली में होगी। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0, टी0डी0आर0 एवं सी0डी0आर0 के रूप में, जो कि अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड, टनकपुर के नाम बन्धक होगी। धरोहर अथवा जमानत राशि के रूप में बैंक गारण्टी स्वीकार नही की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये तथा सशर्त निविदायें अमान्य होंगी। अधोहस्ताक्षरी के पास सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। बिड के साथ रू0 100.00 का नॉनज्यूडिशियल स्टाम्प जिस पर रू0 1.00 का रेवेन्यू स्टाम्प लगा हो, पर दरों की वैधता 3 माह तक अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा। निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो जाने की स्थिति में अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जायेगी।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित मात्रा | धरोहर राशि (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 अतिरिक्त (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि/दिवस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुरक्षण मद के अन्तर्गत जनपद चम्पावत के विभिन्न लि0सि0यों0 में अर्द्ध कुशल श्रमिकों एवं कार्यालय सहायक अभियन्ता नलकूप उपखण्ड चम्पावत में चौकीदार उपलब्ध कराये जाने का कार्य। | 1 जॉब | 26000.00 | 1000.000+ जी0एस0टी018% | 06 माह |

नोट-अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता द्वितीय, नलकूप उपखण्ड चम्पावत में देखी जा सकती है।

**सहायक अभियन्ता द्वितीय**
**नलकूप खण्ड टनकपुर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चम्पावत**
गोरलचौड रोड, निकट गोरल मंदिर-चम्पावत
E-mail:- eo2014champawat@gmail.com
स्वच्छ चम्पावत सुंदर चम्पावत

पत्रांक : 36/गोल्ज्यू महोत्सव/2026-27 दिनांक : 10/01/2026

**श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव 2026**
**ई-निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त निर्माता फर्मो/कम्पनी/उद्योग/अधिकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों अनुभवी व्यक्तियों/संस्थाओं/सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, चम्पावत द्वारा आयोजित किये जाने वाले श्री गोरल/गोल्ज्यू महोत्सव-2026 के सफल आयोजन हेतु निम्नलिखित तालिका में वर्णित समस्त व्यवस्थाओं/कार्यो को करवाये जाने/संपादित किये जाने हेतु https://www.uktenders.gov.in पोर्टल पर दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 02:00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 23.04.2026 को अपराह्न 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत शर्ते/जानकारी https://www.uktenders.gov.in अथवा किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्रम सं0 | कार्य एवं स्थल का विवरण | अनुमानित निविदा मूल्य | निविदा प्रतिभूति | निविदा प्रपत्र मूल्य + 18% GST | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री गोल्ज्यू महोत्सव-2026 मेले के सफल संचालन की समस्त व्यवस्थाये यथा महोत्सव परिसर में 15×15 वर्ग फीट की 5 वाटरप्रुफ Pagoda कैनोपी, वाटरप्रुफ पण्डाल निर्माण, वाटरप्रुफ स्टेज निर्माण, पण्डाल में बैठने की समस्त व्यवस्था, मेला परिसर की साज-सज्जा व पण्डाल परिसर में एल0ई0डी0 स्क्रीन की स्थापना, मेला परिसर में निर्बाध विद्युत व्यवस्था हेतु विद्युत संयोजन तथा जनेरेटर की व्यवस्था, मेला परिसर एवं चयनित स्थलों में स्वागत द्वारों का निर्माण, नगर क्षेत्र में चयनित स्थल एवं श्री गोरल/गोल्ज्यू मंदिर परिसर, पालिका कार्यालय, महोत्सव से संबंधित सम्पर्क मार्गो में प्रकाश व्यवस्था, साज-सज्जा, मेला परिसर हेतु पुलिस बूथ कन्ट्रोल रूम निर्माण, मेला परिसर हेतु 20 अस्थाई शौचालय निर्माण मेला परिसर एवं चयनित स्थलो में सी०सी०टी०वी० कैमरों की स्थापना, सम्पूर्ण मेला कार्यक्रम हेतु का एल0ई0डी0 स्क्रीन में सजीव प्रसारण एवं कवरेज करने हेतु फोटो एवं विडियोग्राफी प्रतिदिन एवं मेले में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु लाईट एण्ड साउण्ड व्यवस्था व मेले हेतु आने वाले समस्त सांस्कृतिक दलों व अन्य की समस्त व्यवस्थायें किये जाने का कार्य। | 15,00,000.00 | 45,000.00 | 1500 + 270.00 GST 18% | 30 दिन |

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद, चम्पावत।

# प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर उत्साह व उत्सव का माहौल, मिलेंगी कई सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को महत्वाकांक्षी परियोजना दिल्ली देहरादून इकोना. मिक कॉरिडोर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही यह एक्सप्रेसवे आम लोगों के लिए विधिवत रूप से खुल जाएगा और उत्तर भारत की कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी। देहराद. ूनवासी भी इस परियोजना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस परियोजना के पूरे होने से देहरादून स्थित डाट काली मंदिर आने वाले यूपी के श्रद्धालुओं को 1 से डेढ़ घंटे का समय लगेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर शासन-प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों का कई बार मौके पर जाकर निरीक्षण किया है। प्रधानमंत्री मोदी के 14 अप्रैल को आगमन के दौरान 12 से 14 किमी का रोड शो भी होगा, जिसे भव्य और ऐतिहासिक बनाने की पूरी तैयारी की गई है।



■ प्रधानमंत्री मोदी के आगमन को लेकर बेसब्री से इंतजार

**देहरादून से दिल्ली का सफर के दौरान मिलेगी जाम से मुक्ति**

उत्तराखंड की राजधानी देहराद. ून से दिल्ली का सफर अब रुकावट, जाम और ज्यादा समय लेने वाले सफर से मुक्त होने जा रहा है। यह सफर देहरादून की हरी भरी वादियों के बीच बने डाट काली मंदिर के पास बनी टनल से शुरू होता है। यह सिर्फ एक राज्य से दूसरे राज्य तक जाने की यात्रा नहीं, बल्कि बदलते भारत की रफ्तार को करीब से देखने का मौका है। पीएम मोदी 14 अप्रैल को इस एक्सप्रेसवे का विधिवत रूप से उद्घाटन करने वाले हैं.

देहरादून डाट काली मंदिर के पास स्थित टनल से एक्सप्रेव की शुरुआत होती है। इस टनल के भीतर आधुनिक लाइटिंग वेंटिलेशन और मजबूत कंक्रीट की दीवारें एहसास कराती हैं कि अब मानों पहाड़ों को चीरकर विकास ने अपना रास्ता बना लिया हो. टनल से बाहर निकलते ही सीधी चौड़ी और चमचमाती सड़क नजर आती है।

## डाट काली मंदिर में पूजा करेंगे पीएम मोदी

14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देहरादून दौरा केवल एक सरक. ारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि बहुस्तरीय राजनीतिक, धार्मिक और प्रतीकात्मक संदेशों से भरा हुआ माना जा रहा है। एक ओर जहां यह दौरा उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के रूप में देखा जा रहा है।

**उत्तर भारत के सफर की बदल जाएगी परिभाषा**

दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का सफर उत्तर भारत के सफर की परिभाषा बदलने वाला है। करीब 210 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेसवे सिर्फ दूरी को कम नहीं करता है, बल्कि समय को भी समिति करता है. पहले देहरादून से दिल्ली पहुंचने में 5 से 7 घंटे का समय लगता था। खासकर रुड़की और मुजफ्फरनगर जैसे इलाकों में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता था. लेकिन अब यह सफर महज ढाई से तीन घंटे में पूरा होगा. यह बदलाव सिर्फ यात्रियों के लिए राहत ही नहीं, बल्कि यह व्यापार, आपातक. ालीन सेवाओं और रोजमर्रा की आवाजाही के लिए भी एक बड़ी क्रांति साबित होगा।

**एक्सप्रेस वे को माना जा रहा उत्तर भारत का गेम चेंजर**

एक्सप्रेस वे के खुलने से जो दूरी पहले पूरे एक दिन का प्लान मांगती थी, अब वही सफर सुबह निकलकर दोपहर से पहले पूरा किया जा सकता है। यही वजह है कि इस एक्सप्रेसवे को उत्तर भारत का गेम चेंजर कहा जा रहा है। देहरादून से दिल्ली एयरपोर्ट जाने वाले लोग या दिल्ली से देहरादून, मसूरी जाने वाले लोग सभी के लिए ये समय बचाने और सुरक्षित सफर का एक शानदार हाईवे बन सकेगा।

करीब 12 हजार करोड़ रुपए की लागत से तैयार एक्सप्रेस दिल्ली के अक्षरधाम से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के बागपत, शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर जैसे चार अहम जिलों को जोड़ते हुए सीधे देहरादून पहुंच रहा है।

## सीएम ने जसवंत ग्राउंड पहुंचकर किया तैयारियों का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14 अप्रैल को देहरादून में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर गढ़ी कैंट स्थित जसवंत ग्राउंड पहुंचकर तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर व्यवस्थाओं की स्थिति का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग सुविधाएं, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था और स्वच्छता सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन में आने वाले लोगों की सुविधा सर्वोपरि रहे और इसके लिए सभी इंतजाम निर्धारित समयसीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। मुख्यमंत्री ने सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने पर बल देते हुए विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वित कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु आवश्यक सेवाओं को तत्पर रखने की आवश्यकता भी जताई। जसवंत ग्राउंड में मंच, दर्शक दीर्घा एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानक. ारी लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की गरिमा को ध्यान में रखते हुए सभी तैयारियां सुनियोजित और व्यवस्थित रूप से सुनिश्चित की जाएं। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छता और सौंदर्यीकरण कार्यों को भी प्राथमिकता देने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है और इसकी सफलता सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की साझा जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय, आईजी राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा: आर्य

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभी में उत्साह का माहौल है और उनके स्वागत की भव्य तैयारियां की जा रही हैं। मंत्री ने कहा कि देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेसवे राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इससे यात्रा का समय कम होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार व रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही राज्य की राजधानी से देश की राजधानी तक कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत होगी।

# आज घोषित होगी मद्महेश्वर व तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर एवं तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि तथा चल विग्रह उत्सव डोलियों के शीतक. ालीन गद्दी स्थलों से धाम प्रस्थान का शुभ मुहूर्त आज वैसाखी पर्व के पावन अवसर पर घोषित किया जाएगा।



धार्मिक परंपराओं के अनुसार प्रत्येक वर्ष वैसाखी के दिन विद्वान आचार्यों एवं तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति में पंचांग का गहन अध्ययन कर कपाट उद्घाटन की तिथियां निर्धारित की जाती हैं। इस अवसर पर दोनों शीतकालीन गद्दी स्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के प्रभारी अधिकारी डीएस भुजवाण ने जानकारी देते हुए बताया कि द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट खुलने की तिथि एवं चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दी स्थल ओंकारेश्वर मंदिर, ऊखीमठ से धाम के लिए प्रस्थान का शुभ मुहूर्त वैसाखी पर्व पर पंचांग गणना के आधार पर घोषित किया जाएगा। यह घोषणा मंदिर समिति के पदाधिकारियों, विद्वान आचार्यों एवं हक-हकूकधारियों की उपस्थिति में की जाएगी। उन्होंने बताया कि तिथि घोषणा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

वहीं, तुंगनाथ धाम के प्रबंधक बलवीर सिंह नेगी ने बताया कि तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि एवं चल विग्रह उत्सव डोली के शीतकालीन गद्दी स्थल मक्कूमठ से धाम के लिए प्रस्थान का मुहूर्त भी वैसाखी पर्व पर ही पंचांग गणना के अनुसार घोषित किया जाएगा। इस दौरान विद्वान आचार्यों एवं हक-हकूकधारियों की मौजूदगी रहेगी।

### विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट एवं बागेश्वर से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा

# लंबित घोषणाओं पर 20 दिनों में शासनादेश करें जारी: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट एवं बागेश्वर से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं पर अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उनके संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित घोषणाओं पर अधिकतम 20 दिनों के भीतर शासनादेश जारी कर दिए जाएं, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न हो।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार के मूल मंत्र "सरल. ीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि" के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाए। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं का संबंधित क्षेत्र के विधायकगणों के साथ समन्वय स्थापित कर उनका प्रभावी समाधान निकाला जाए, ताकि विकास कार्यों की गति बनी रहे।



■ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य सरकार के मूल मंत्र "सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि" के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए

### पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित सड़कों के रख-रखाव के लिए संबंधित विभागों की समन्वय समिति की जाए गठित

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत निर्मित सड़कों के रख-रखाव के लिए संबंधित विभागों की एक समन्वय समिति गठित की जाए। उन्होंने कहा कि इस समिति द्वारा सड़कों के मेंटिनेंस कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम और सुरक्षित बना रहे। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सड़कों के पैच वर्क का कार्य वर्षाकाल से पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लिया जाए। मुख्यमंत्री ने खेल अवसंरचना के विकास पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर खेल मैदानों के लिए भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां 15 दिनों के भीतर आवश्यक धनराशि जारी की जाए, ताकि निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सके और युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वन भूमि स्थानांतरण से जुड़े मामलों की जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए।

उन्होंने कहा कि वन भूमि से संबंधित प्रक्रियाओं में तेजी लाकर विकास कार्यों में बाधा को दूर किया जाए।

बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, विधायक कपकोट सुरेश गड़िया, विधायक बागेश्वर पार्वती दास, वर्चुअल माध्यम से विधायक गंगोलीहाट फकीर राम, मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगौली, एस.एन.पाण्डेय, संबंधित विभागीय सचिव, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ आशीष भटगाई, जिलाधिकारी बागेश्वर आकांक्षा कोण्डे मौजूद थे।

# सीएम ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए दी 118 करोड़ की धनराशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की सड़कों, पुलों विभिन्न जनपदों में कार्यालय एवं आवासीय भवनों के निर्माण, सीवर लाईनों के सुदृढ़ीकरण के साथ ही कुंभ मेले से संबंधित अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 118 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया है।

■ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विकास कार्यों को मिलेगी रफ्तार

मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद नैनीताल के विधानसमा क्षेत्र भीमताल में तल्ला रामगढ़ रातीघाट (श्री अरविन्दों सारणी) मोटर मार्ग के कि०मी० 1 से 8 के मध्य विकास एवं मरम्मत कार्य के लिए 5.29 करोड़ तथा मुख्यमंत्री घोषणा के तहत

जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र रानीखेत व सल्ट के अन्तर्गत खैरना-रानीखेत रामनगर राज्य मार्ग सं0-14 के मो. हान से गनियाद्योली प्रभाग को 1.50 लेन में परिवर्तित कर सुधारीकरण एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग कार्य के लिए 5.75 करोड़, जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग सं० 87 (109) के काठगोदाम से रानीबाग खंड पर 75 मीटर स्पान वाले स्टील ट्रस ब्रिज का निर्माण कार्य के लिए 11.78 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल के मुख्यालय स्थित तहस. ीलदार एवं नायब तहसीलदार आवासीय भवन टाईप-03 (04 यूनिट) व टाईप-4 (01 यूनिट) के निर्माण कार्य के लिए 1.66 करोड़, राज्य सम्पत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन ओल्ड ऑफिसर्स कॉलोनी रेसकोर्स, देहरादून में अवस्थित गिरासू भवनों के ध्वस्तीकरण के उपरान्त रिक्त भूमि पर श्रेणी-02 स्तर के कुल 31 आवासएवं श्रेणी-04 स्तर के कुल 10 आवास के निर्माण कार्य के लिए 21.29 करोड़ के साथ जनपद चम्पावत के अन्तर्गत तहसील पूर्णागिरी (टनकपुर) में जिलाधिकारी चम्पावत के कैम्प कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण कार्य के लिए 4.78 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम की आमवाला, देहरादून जलोत्सारण योजना के लिए 18 करोड़, रिस्पना ट्रंक सीवर के सुदृढीकरण कार्य की जलोत्सारण योजना के लिए 2.67 करोड़ तथा रिंग फैसिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद देहरादून की देहरादून शाखा के अन्तर्गत शक्ति विहार, निरंजनपुर क्षेत्र में सीवर नेटवर्क बिछाने की योजना के लिए 2.47 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ मेला-2027 के प्रस्तावित विभिन्न विभागों के 32 कार्यों के लिए 44.15 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

### डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के अनुकरण से सशक्त बनेगा नया भारत : धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए डॉ. अम्बेडकर का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने देश की एकता, अखण्डता और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने वाला संविधान देश को प्रदान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर के आदर्शों के अनुकरण से हमारा देश सशक्त बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने दलित एवं वंचित वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ ही उन्हें समाज में समान अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबा साहेब ने भारतीय संविधान की संरचना में उल्लेखनीय योगदान देते हुए दलितों व कमजोर वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाने में प्रभावी पहल की और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की।

# मुख्यमंत्री ने किया बाबा नीम करौली महाराज पर आधारित फिल्म के प्रोमो व पोस्टर का लोकार्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में श्री बाबा नीम करौली महाराज पर आधारित फिल्म के प्रोमो और पोस्टर का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं है, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि बाबा नीब करौरी महाराज का दिव्य जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी शिक्षाएँ सरलता, करुणा, सेवा और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश देती हैं, जो वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रयास भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण एवं प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी और नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने फिल्म से जुड़े सभी कलाकारों, निर्देशक एवं निर्माता दल को इस सराहनीय एवं आध्यात्मिक प्रयास के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव एवं स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, फिल्म निर्देशक शरद सिंह ठाकुर एवं अन्य कलाकार मौजूद थे।




■ कहा, श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास

# चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत सुरक्षा कवच तैयार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** हिमालय की गोद में बसने वाली चारधाम यात्रा केवल श्रद्धा का प्रवाह नहीं, बल्कि जीवन और प्रकृति के बीच संतुलन की एक कठिन परीक्षा भी है। हर साल लाखों श्रद्धालु कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए बाबा केदार और बद्री. विशाल के दर्शन के लिए निकलते हैं, लेकिन इस बार यात्रा केवल आस्था तक सीमित नहीं रहेगीख्रयह सुरक्षा और सुदृढ़ स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का भी नया उदाहरण पेश करेगी। पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा 2026 को "सुरक्षित, सुव्यवस्थित और संवे. दनशील" बनाने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का ऐसा खाका तैयार किया है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिला।



■ हर पड़ाव और हर मोड़ पर इलाज सुनिश्चित, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अभूतपूर्व मॉडल बनाया

■ चारधाम यात्रा मार्ग पर 25 विशेषज्ञ डॉक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल स्टाफ तैनात

धामी सरकार ने इस बार चारधाम यात्रा को केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक संवे. दनशील और उच्च जोखिम वाला मिशन मानते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता के केंद्र में रखा है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग पर किसी भी श्रद्धालु को इलाज के अभाव में परेशानी न हो। इसी दृष्टिकोण के तहत चारधाम जिलोंख्ररुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशीख्रमें पहले से मौजूद 47 स्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक सक्षम बनाया गया है, जबकि 25 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। सरकार का लक्ष्य है कि पहाड़ की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य सेवाएं श्रद्धालुओं के एकदम करीब रहें। यही कारण है कि हर पड़ाव, हर मोड़ और हर महत्वपूर्ण स्थान पर चिकित्सा सहायता की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

**स्क्रीनिंग से ही सुरक्षा की शुरुआत:** चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए इस बार यात्रा की शुरुआत से पहले ही सतर्कता बरती जा रही है। देहरादून, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी में 57 स्क्रीनिंग कियोस्क स्थापित किए गए हैं, जहां यात्रियों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

इन कियोस्क के माध्यम से हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, शुगर और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त यात्रियों की पहचान कर उन्हें समय रहते सलाह और सहायता दी जा रही है। यह व्यवस्था न केवल संभावित हादसों को रोकने में मदद करेगी, बल्कि यात्रा को सुरक्षित बनाने में एक मजबूत शुरुआती कदम साबित हो रही है।

**केदारनाथ और बद्रीनाथ में मजबूत स्वास्थ्य ढांचा:** चारधाम यात्रा के सबसे चुनौतीपूर्ण पड़ाव-केदारनाथ और बद्रीनाथख्रमें स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर इस बार विशेष ध्यान दिया गया है। केदारनाथ में 17 बेड का अस्पताल पहले ही संचालित हो चुका है, जहां आधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित डॉक्टरों की तैनाती की गई है। वहीं बद्रीनाथ में 50 बेड का अत्याधुनिक अस्पताल जून तक शुरू होने जा रहा है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में यह सुविधा किसी वरदान से कम नहीं होगी, क्योंकि अब गंभीर मरीजों को लंबी दूरी तय कर नीचे लाने की जरूरत कम पड़ेगी। स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिलने से जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाएगी।

### हर मोर्चे पर प्रशिक्षित टीम तैनात

चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं का सबसे बड़ा आधार मानव संसाधन होता है, और इस बार सरकार ने इस मोर्चे पर कोई कमी नहीं छोड़ी है। विशेषज्ञ डॉक्टरों से लेकर पैरामेडिकल स्टाफ तक, हर स्तर पर मजबूत टीम तैयार की गई है। 25 विशेषज्ञ डॉक्टर, 178 मेडिकल अधिकारी और 414 पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा रोस्टर के आधार पर अतिरिक्त मेडिकल अधिकारियों और स्टाफ को भी लगातार जोड़ा जाएगा, ताकि किसी भी स्थिति में सेवाओं में बाधा न आए। विशेषज्ञ डॉक्टरों में फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, एनेस्थेटिस्ट और गायनेकोलॉजिस्ट शामिल हैं, जो हर तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेंगे।

# पीएम के आगमन को लेकर जोशी ने किया पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज गढ़ी कैंट स्थित मेजर शहीद दुर्गा मल्ल पार्क में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कल 14 अप्रैल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखण्ड दौरे की तैयारियों बैठक की।



बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस अवसर पर आयोजित जनसभा को ऐतिहासिक बनाया जाना चाहिए। मंत्री जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि जनसभा में आम जनता की व्यापक उपस्थिति दर्ज हो सके। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ जुटें और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री नेहा जोशी, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, विष्णु गुप्ता, समीर डोभाल, किरन, संध्या थापा, निर्मला थापा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 14 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नहीं थम रहीं धमकियां


अभी शांति वार्ता को जोकि रविवार को इस्लामाबाद में समाप्त हुई, एक दिन भी नहीं गुजरा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के बंदरगाहों के नाकेबंदी की बात कर डाली। जिसके चलते ईरान का निर्यात विशेष रूप से तेल बाहर नहीं जा सकेगा। जाहिर है अमेरिका अपने इस फैसले से ईरान को आर्थिक रूप से कमजोर करना चाहता है। ट्रम्प तो यह भी कह रहे हैं कि उनके इस फैसले में उनके सहयोगी भी साथ हैं। हालांकि फ्रांस, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया ने ट्रम्प के इस बयान के बाद साफ कर दिया कि वह ट्रम्प की इस योजना का हिस्सा नहीं बनने जा रहे हैं और ईरान की नाकेबंदी से उनका कोई लेना-देना नहीं है। यूं भी नाटो देशों ने ईरान के साथ संघर्ष में अब तक दूरी बनाई हुई है और ब्रिटेन और फ्रांस के नेता तो बराबर ईरान के नेताओं के टच में भी हैं। जाहिर है ट्रम्प की इस नई पहल से खाड़ी में फिर से तनाव बढ़ गया है और जो ट्रम्प की तरफ से ही दो हफ्ते का सीजफायर हुआ था, वह भी खतरे में पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसा लगता है कि ट्रम्प व नेतन्याहू को दुनिया की कोई चिंता नहीं रह गई है। इस युद्ध से लोगों को हो रहे नुकसान से उनका कोई लेना-देना नहीं है। भले ही वह बयान कुछ भी देते रहे हों और लोगों की चिंता की बात करते रहें। होना तो यह चाहिए था कि इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होने के बाद फिर से नए सिरे से बातचीत की कोशिश होनी चाहिए थी। अभी कोई बहुत ज्यादा समय नहीं गुजरा है। पहले से ही काफी नुकसान हो चुका है और बहुत नुकसान को बचाया जा सकता है, लेकिन यह तभी संभव होगा, जब संघर्षरत लोगों को सद्‌बुद्धि आएगी, जोकि दुर्भाग्य से आती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान ने भी साफ कर दिया है कि यदि अमेरिका की तरफ से कोई भड़काऊ कार्रवाई होती है तो वह चुप नहीं रहेगा और जवाबी कार्रवाई में देर नहीं लगाएगा। ईरान की संसद के स्पीकर कालिबफ ने अमेरिका को चेताया है कि वह ईरान की नाकेबंदी करने का प्रयास न करें। सवाल तो यह भी है कि जहां अमेरिका यह दावा कर रहा है कि होर्मुज को बंद करने से दुनिया को काफी नुकसान हो रहा है और ईरान को ऐसा नहीं करना चाहिए, तो अब सवाल उठता है कि खुद अमेरिका इस संबंध में क्या कर रहा है। वह भी नाकेबंदी करके दुनिया को संकट में डाल रहा है। ईरान और अमेरिका दोनों को ही समझना होगा, भले ही संघर्ष उनके बीच हो, लेकिन इसका प्रभाव पूरी दुनिया पर सीधे पड़ रहा है। इस समय यह भी देखना बेहद डरावना लग रहा है कि जहां 40 दिन के युद्ध के बाद दोनों पक्षों के रुख में कुछ नर्मी आनी चाहिए थी, वहीं और उग्रता दिखाई दे रही है और अब तो रूस और चीन की एंट्री भी इसमें होती दिखाई दे रही है, क्योंकि ट्रम्प ने चीन को सीधे चेतावनी दे डाली है कि अगर वह ईरान को हथियार देता है, तो उस पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाएगा और अन्य विकल्पों पर भी विचार करने की बात वह कर रहे हैं। चीन ने यह कहकर पलटवार किया है कि होर्मुज तो पहले से ही खुला हुआ था, अमेरिका ने बिना वजह हमला करके इसे बंद कराया है। अभी भी समय है कि परिस्थितियों को और बिगड़ने से बचाया जाए।

## अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही



मौजूदा समय में असली चिंता महिला आरक्षण नहीं, बल्कि प्रस्तावित परिसीमन है, संसद के विशेष सत्र में जिस तरह परिसीमन का मुद्दा सामने आ रहा है, वह लोकतांत्रिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है, सरकार जल्दबाजी में इस विषय को आगे बढ़ा रही है, जिसके पीछे राजनीतिक लाभ लेने की मंशा हो सकती है, विपक्ष से समर्थन, तो मांगा जा रहा है, लेकिन इस अहम मुद्दे पर पारदर्शिता नहीं बरती जा रही, विपक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक की मांग को लगातार नजरअंदाज किया गया है, 2023 में संसद द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है, हालांकि, इसके क्रियान्वयन के लिए जनगणना और परिसीमन जरूरी है। **-सोनिया गांधी, अध्यक्ष, कांग्रेस संसदीय दल**

# आखिरकार सुनी गई आधी आबादी की आवाज



भारत की महिलाएं सदैव महान कार्यों में सक्षम रही हैं। वैदिक काल में गार्गी और मैत्रेई ने बड़े-बड़े दार्शनिकों को निरुत्तर कर दिया था। पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर ने जिस न्यायपूर्ण तरीके से अपने राज्य का शासन चलाया, उसकी बराबरी उनके समकालीन शासक नहीं कर सके। रानी लक्ष्मीबाई साहस की एक अमर मिसाल बन गईं। फिर भी, स्वतंत्र भारत जो समानता के सिद्धांत पर आधारित एक संवैधानिक गणराज्य है ने इन महान महिलाओं की उत्तराधिकारियों को अपनी विधायिकाओं में शायद ही कोई जगह दी। पहली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मात्र 4.4 प्रतिशत थी। सात दशक बाद, 17वीं लोकसभा में भी यह आंकड़ा बढ़कर केवल 14।4 प्रतिशत तक ही पहुंच पाया। व्यक्तिगत प्रतिभा ने तो अपनी जगह बना ली थी, लेकिन व्यवस्थागत बदलाव अभी भी नहीं आया था। असल में, महिलाएं अपने ही लोकतंत्र में एक तरह से मेहमान बनकर ही रह गईं।

हमारे संविधान ने पहले ही दिन से यह स्वीकार किया था कि जब सदियों से ढांचागत विसंगतियां जड़ जमाए बैठी हों, तो केवल औपचारिक समानता पर्याप्त नहीं होती। संरक्षणात्मक भेदभाव के सिद्धांत के तहत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और बाद में पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित की गईं। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि पंचायतों में आरक्षण की व्यवस्था सफल रही है 24 मार्च 2026 तक, निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों में से लगभग 49.75 प्रतिशत महिलाएं हैं। जिन जगहों पर महिलाएं शासन करती हैं, वहां पानी की आपूर्ति सुचारू होती है, साफ-सफाई की स्थिति बेहतर होती है और लड़कियां स्कूल जाना जारी रखती हैं। इसके बावजूद, संसद में भी इसी सिद्धांत को लागू करने के उद्देश्य से जो विधेयक पेश किए गए थे, वे राजनीतिक इच्छाशक्ति के अभाव में दशकों तक बार-बार निष्प्रभावी होते रहे।

**वह क्षण जिसने सब कुछ बदल दिया**

वह अधूरी कड़ी 19 सितंबर 2023 को पूरी हुई। भारत के नए संसद भवन में आयोजित कामकाज के पहले ही सत्र में, श्नारी शक्ति वंदन अधिनियमश को संसद के दोनों सदनों में, प्रत्एक राजनीतिक दल के सर्वसम्मत समर्थन से पारित किया गया। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधेयक पेश करते हुए दोनों सदनों को बतायारू ष्यह कानून केवल एक कानून नहीं है, बल्कि यह प्रत्एक भारतीय महिला की शक्ति, त्याग और सामर्थ्य के प्रति एक श्रद्धांजलि है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जिसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए उप-कोटा भी शामिल है। नए संसद भवन का यह पहला अधिनियम होना अपने आप में एक घोषणा थीरू अमृत काल के लोकतंत्र की संरचना पूरे भारत के लिए और सभी की भागीदारी के साथ निर्मित की जाएगी। इस अधिनियम में बदलाव लाने की अपार क्षमता है, क्योंकि इसके लागू होने से संसद में महिला सदस्यों की संख्या में भारी वृद्धि होगी। महिला विधायक निरंतर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और सुरक्षा को प्राथमिकता देती हैंकृए वही क्षेत्र हैं, जहां भारत में लैंगिक असमानता सबसे अधिक है। एक ऐसी संसद, जिसमें एक-तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी, वह अलग तरह के प्रश्न पूछेगी और अलग तरह के विचार सुनेगी। इससे भारतीय लोकतंत्र की गुणवत्ता में सुधार होगा, न कि केवल उसकी बाहरी छवि में।

**गरिमा से लोकतंत्र तक की यात्रा**

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा यह समझा है कि जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के बिना राजनीतिक सशक्तिकरण खोखला होता है। उनके द्वारा शुरू की गई यह यात्रा अत्यंत बुनियादी गरिमा से लेकर सर्वोच्च लोकतांत्रिक भागीदारी तक एक सुविचारित पथ पर आगे बढ़ती है। इसकी शुरुआत एक शौचालय से हुई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाए गए 10 करोड़ घरेलू शौचालयों ने उन महिलाओं को सुरक्षा और आत्म-सम्मान लौटाया, जिन्हें लंबे समय से इन दोनों से वंचित रखा गया था। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों तक नल का पानी पहुंचाया। महिलाओं को मीलों पैदल चलकर पानी ढो कर लाने से मुक्ति मिली जिससे उनका सुबह का कीमती समय जाया हो जाता था। पीएम उज्ज्वला योजना के 10.56 करोड़ एलपीजी कनेक्शनों ने महिलाओं को धुएं से भरी रसोई से मुक्ति दिलाई। पीएम आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर घर बनाए गए। 55 प्रतिशत से अधिक महिलाओं के स्वामित्व वाले जन धन खातों ने उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की। श्मुद्राश योजना के ऋण, स्वयं सहायता समूह, लखपति दीदी, सखी, वन स्टॉप सेंटर और तीन तलाक का उन्मूलनरू प्रत्एक योजना उसी सीढ़ी का अगला पायदान थी, जो उन्हें केवल गुजारा करने की स्थिति से गरिमा की ओर, गरिमा से सामर्थ्य की ओर, और सामर्थ्य से नेतृत्व की ओर निरंतर बढ़ाती गई।

**आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**

भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं।

> **आधुनिक भारत के लिए एक दृष्टिकोण**
> भारत को नारी शक्ति वंदन अधिनियम को तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। यह हमारे दौर के सबसे अधिक परिवर्तनकारी संभावित सुधारों में से एक है। महिलाओं के विधाई प्रतिनिधित्व को बढ़ाकर, यह हर स्तर पर नीति-निर्माण में उनकी भागीदारी को बढ़ाएगा चाहे वे बजट हों जो मातृ स्वास्थ्य के लिए धन उपलब्ध कराते हैं, वे कानून हों जो पीड़ितों की रक्षा करते हैं, या वे नीतियां हों जो लड़कियों को स्कूल में बनाए रखती हैं और उनकी शिक्षा को बढ़ावा देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत 2047 तक एक विकसित भारत का दृष्टिकोण इस दृढ़ विश्वास पर आधारित है कि कोई भी राष्ट्र अपनी पूरी क्षमता तक तब तक नहीं पहुंच सकता, जब तक उसके आधे नागरिक उन जगहों से बाहर रहें जहां सत्ता का संचालन होता है। जैसा कि उन्होंने हमेशा कहा है भारत तभी एक विकसित राष्ट्र बनेगा जब इसकी महिलाएं न केवल अपने घरों में, बल्कि अपनी संसद में भी पूरी तरह सशक्त होंगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय महिलाओं के लिए कुछ नया सृजन नहीं करता है।

**आर. विमला, आईएएस**
**( लेखिका महाराष्ट्र सरकार में रेजिडेंट कमिश्नर एवं सचिव पद पर कार्यरत हैं और आईआईटी बॉम्बे से पीएचडी कर रही हैं )**

# आंबेडकर को मात्र प्रतीक मत बनाइए

> **दरअसल यह दलितों को उठाने की नहीं बल्कि गिराने की एक कुटिल चाल है। जो दलित सत्ता के पिछलग्गू बन राजनेताओं की इस चाल का हिस्सा बन जाते हैं उनका स्वाभिमान अभिमान में बदल जाता है और दूसरे दलितों के प्रति उनका व्यवहार भी शोषणकारी हो जाता है। जबकि आम दलित का स्वाभिमान अपने पुराने स्तर से भी नीचे गिर जाता है। इन नारों एवं अभियानों मे एक आम दलित के हाथ कुछ नहीं लगता। आंबेडकर ने दलितों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए शुरू में मात्र दस वर्षों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की थी।**



**रोहित कौशिक**

इस दौर में सभी राजनीतिक दल आंबेडकर पर अपना अधिकार जताने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि सभी राजनीतिक दल महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात् न करके उन्हें मात्र प्रतीक के तौर पर इस्तेमाल कर वोट बैंक की राजनीति करने लगते हैं। विडम्बना यह है कि इस दौर में जिस तरह से प्रतीकों की राजनीति हो रही है, उसने महापुरुषों को मात्र मूर्तियों तक ही सीमित कर दिया है। इस नए माहौल में न ही तो राजनीतिक दलों को महापुरुषों के आदर्शों की चिंता है और न ही इन दलों के पीछे चलने वाली भीड़ में महापुरुषों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने की हिम्मत है। विडम्बना तो यह है कि जिस दलित वर्ग के उत्थान के लिए आंबेडकर ने अपना सारा जीवन लगा दिया, वह दलित वर्ग भी केवल आंबेडकर की पूजा तक ही सीमित रह गया। न तो दलित नेताओं ने आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर दलितों में वैज्ञानिक चेतना पैदा करने की कोशिश की और न ही स्वयं दलित वर्ग आंबेडकर की मूल चेतना को पकड़ पाया। यही कारण है कि वह धर्म की रूढ़ियों मे फंसकर रह गया। दरअसल डॉ. आंबेडकर ने इस सत्य को बहुत पहले ही समझ लिया था कि जब तक दलित वर्ग अपनी शक्ति को पहचान कर सत्ता का भागीदार नहीं बनेगा, उसकी उपेक्षा होती रहेगी। यही कारण था कि उन्होंने दलितों के आरक्षण की वकालत की। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस दौर में सत्ता का भागीदार बने दलित नेताओं को वास्तव में आंबेडकर के विचारों एवं आदर्शों की चिंता है? आज हर राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रहा है। यही कारण है कि आज भी आम दलित को शोषण का शिकार बनाया जा रहा है। यह विड़म्बना ही है कि आज राजनीतिक दल आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल अपने उत्थान के लिए कर रहे हैं, न कि दलितोत्थान के लिए। सवाल यह है कि आजादी के बाद राजनेताओं ने आंबेडकर-आंबेडकर चिल्लाने और आंबेडकर के नाम पर विभिन्न परियोजनाओं का नामकरण करने के अलावा किया ही क्या है? क्या आजादी के बाद हमारे राजनेता आंबेडकर के आदर्शों को आत्मसात् कर पाएं हैं? क्या केवल आंबेडकर के नाम पर पार्क बना देने, उनकी मूर्तियां स्थापित कर देने और उनके विचारों को विचार-गोष्ठियों में दोहरा देने मात्र से ही हम इस दौर में आंबेडकर को प्रासंगिक बना सकते हैं? शायद नहीं। बड़ी-बड़ी रैलियां आयोजित कर पानी की तरह पैसा बहा देना आंबेडकर का सपना नहीं था। करोड़ों रुपए का हार पहनकर भव्य पंडाल में दलितों और अपने अनुयायियों लिए महाभोज आयोजित करना भी बाबा साहब की प्राथमिकताओं में नहीं था। क्या ऐसे आयोजनों से वास्तव में दलितों का स्वाभिमान जाग सकता है? शायद स्वादिष्ट भोज का आनंद लेते हुए कुछ समय के लिए उनका स्वाभिमान जाग जाए लेकिन गांव में बैठे हुए उस दलित के स्वाभिमान का क्या होगा जिसे एक जून की रोटी भी नसीब नहीं है। हमारे राजनेता कुछ हजार या लाख लोगों को भव्य भोज देने की अपेक्षा गांव के आखिरी आदमी को दो जून की रोटी देने के बारे में कब सोचेंगे ? आंबेडकर ने दलितों के जिस स्वाभिमान की बात की थी वह वोट बैंक की राजनीति से प्रेरित नहीं था। इस दौर में सबसे दुखद यही है कि वोट बैंक की राजनीति के तहत दलितों के स्वाभिमान को जगाने की बात हो रही है।

आज के राजनेता जब दलितों के साथ खाना खाते हैं और दलितों के घर में ही रात गुजारते हैं तो दलितों का स्वाभिमान जागने लगता है। लेकिन जैसे ही राजनेता अपने महलों में वापस लौटते हैं, दलितों की जिंदगी पुराने ढर्रे पर लौटने लगती है। अनेक आश्वासनों के बाद जब दोबारा दलितों को पुरानी समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है तो उन्हें स्वयं महसूस होने लगता है कि यह वोट बैंक का छलावा है। राजनेताओं द्वारा दलितों का स्वाभिमान जगाने की इस खोखली प्रक्रिया से दलित अपना पुराना स्वाभिमान भी खो देते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जनसेवा की नई मिसाल देता नेपाल का युवा मंत्रिमंडल



**विनीत नारायण**

नेपाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक बदलाव आया जब 27 मार्च 2026 को राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नेतृत्व में बालेन शाह बलेंद्र शाह ने 36 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली और 15 सदस्ईय कैबिनेट का गठन किया। यह मंत्रिमंडल न सिर्फ नेपाल का सबसे युवा कैबिनेट है, बल्कि दक्षिण एशिया में अपनी उच्च शैक्षणिक योग्यता के लिए वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय बन रहा है। इस मंत्रिमंडल के सदस्यों की औसत आयु मात्र 38.21 वर्ष है, दस मंत्री 40 वर्ष से कम उम्र के, पांच महिला मंत्री और 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के पास स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री। यह आंकड़े नेपाल की राजनीति के पारंपरिक चेहरे को पूरी तरह बदल रहे हैं।

यह कैबिनेट जेन-जी आंदोलन के परिणामस्वरूप सत्ता में आई है। भ्रष्टाचार, पुरानी पार्टियों की नाकामी और युवाओं की मांगों को लेकर हुए आंदोलन ने आरएसपी को भारी बहुमत दिलाया। अब यह युवा टीम न सिर्फ नेपाल में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में दुनिया का सबसे युवा कैबिनेट और सबसे शिक्षित मंत्रिमंडल के रूप में प्रसिद्ध हो रही है। कई भारतीय अखबारों ने इसे जनरेशनल शिफ्ट करार दिया है। विश्व स्तर पर इसकी सराहना हो रही है, क्योंकि यह पारंपरिक राजनीति से हटकर योग्यता, तकनीकी विशेषज्ञता और समावेशिता पर आधारित है। यह दक्षिण एशिया का चमकता उदाहरण है, जहां भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों के कैबिनेट अक्सर वरिष्ठ नेताओं पर निर्भर रहते हैं।

इस कैबिनेट की सबसे बड़ी ताकत इसकी शैक्षणिक पृष्ठभूमि है। प्रधानमंत्री बालेन शाह स्वयं सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक पूर्वांचल विश्वविद्यालय और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में एम.टेक (निट्टे मीनाक्षी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, बेंगलुरु, भारत) हैं। वे काठमांडू के पूर्व मेयर और लोकप्रिय रैपर भी हैं। उनकी टीम में दो डॉक्टरेट धारक और दस स्नातकोत्तर सदस्य हैं। वित्त मंत्री डॉ. स्वर्णिम वाग्ले (41 वर्ष, कैबिनेट के सबसे वरिष्ठ) अर्थशास्त्र में पीएचडी (ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी), हार्वर्ड से एमपीए/आईडी और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से स्नातक हैं। वे पूर्व में यूएनडीपी के एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक सलाहकार और नेपाल की राष्ट्रीय योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी विशेषज्ञता आर्थिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और सतत विकास में है। विदेश मंत्री शिशिर खनाल (47 वर्ष) अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मैडिसन से पब्लिक पॉलिसी में मास्टर्स और यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिजपोर्ट से पॉलिटिकल इकोनॉमी में स्नातक हैं। वे टीच फॉर नेपाल के सह-संस्थापक हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा सुधार का प्रमुख अभियान है।

शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा युवा एवं खेल मंत्री सस्मित पोखरेल (29 वर्ष) कैबिनेट के सबसे युवा सदस्य हैं। वे काठमांडू विश्वविद्यालय से बिजनेस मैनेजमेंट एवं कानून में स्नातक हैं और पॉलिसी, गवर्नेंस एवं भ्रष्टाचार-निरोध पर मास्टर्स कर रहे हैं। वे बालेन के मेयर काल में शहरी नियोजन सलाहकार रह चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता (38 वर्ष) भारत के ग्वालियर से नर्सिंग में मास्टर्स और दिल्ली के एम्स से प्रशिक्षित हैं। सामान्य प्रशासन मंत्री प्रतिभा रावल (32 वर्ष) एशियन कॉलेज ऑफ जर्नलिज्म (चेन्नई) से पत्रकारिता में पीजी डिप्लोमा रखती हैं। श्रम मंत्री दीपक कुमार साह (34 वर्ष) लंदन स्कूल ऑफ हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन से पीएचडी स्कॉलर, एलएसई से हेल्थ पॉलिसी में मास्टर्स और आईओएम से पब्लिक हेल्थ में मास्टर्स रखते हैं।

महिला, बाल-बालिका एवं ज्एष्ठ नागरिक मंत्री सीता बादी (30 वर्ष) राजनीति विज्ञान में मास्टर्स हैं और बादी समुदाय की प्रतिनिधि के रूप में समावेशिता का प्रतीक हैं। कानून मंत्री सोबिता गौतम (30 वर्ष) राष्ट्रीय विधि महाविद्यालय से बीए एलएलबी हैं और संसदीय समितियों में सक्रिय रहीं हैं। भौतिक पूर्वाधार मंत्री सुनील लाम्सल (35 वर्ष) भी भारत से एमटेक (स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग) हैं।

गौरतलब है कि यह योग्यताएं महज डिग्रियां नहीं, बल्कि व्यावहारिक अनुभव से जुड़ी हैं। यूएनडीपी, टीच फॉर नेपाल, आपदा राहत संगठन श्हामी नेपालश और शहरी नियोजन जैसे क्षेत्रों में इन सभी की अहम भूमिका रही है। पांच महिला मंत्रियों का प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी जैसे सीता बादी समावेशिता को मजबूत करती है। देखा जाए तो नेपाल का यह कैबिनेट अपने पड़ोसियों से अलग दिखता है। भारत के वर्तमान केंद्रीय मंत्रिमंडल में 71 सदस्य है, जिसमें 57 सदस्य स्नातक या उससे ऊपर हैं, लेकिन 11 सदस्य मात्र 12वीं पास हैं। कई मंत्री राजनीतिक अनुभव पर निर्भर हैं, जबकि युवा चेहरे कम हैं। वहीं चीन का मंत्रिमंडल अत्यधिक शिक्षित तकनीकी विशेषज्ञों इंजीनियरिंग, अर्थशास्त्र से भरा है, लेकिन उनकी औसत आयु 55-60 वर्ष के आसपास है और निर्णय प्रक्रिया केंद्रीकृत पार्टी संरचना पर आधारित है। बांग्लादेश के हालिया कैबिनेट में 46/50 सदस्य उच्च शिक्षा वाले हैं तीन पीएचडी, लेकिन वहां भी वरिष्ठता और राजनीतिक वफादारी प्रमुख है।

नेपाल का कैबिनेट इन सभी से युवा, अधिक समावेशी और योग्यता-आधारित है। भारत और चीन की तुलना में यहां भ्रष्टाचार-विरोधी (डिलीवरी बेस्ड गवर्नेंस) पर जोर है, जो पड़ोसियों में अक्सर कम देखा जाता है। हालांकि,कुछ विश्लेषक चेताते हैं कि इस मंत्रिमंडल के पास अनुभव की कमी एक चुनौती है। भारत की तरह बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था या चीन की तरह दीर्घकालिक नियोजन यहां अभी संभव नहीं, लेकिन पारदर्शिता और तेज निर्णय लेने की क्षमता नेपाल को लाभ दे सकती है। केवल दो सप्ताह पुरानी यह सरकार पहले ही 100 सूत्री शासन सुधार एजेंडा लागू कर चुकी है। पहली कैबिनेट बैठक में मंत्रालयों का पुनर्गठन, दक्षिण एशिया संघर्ष के प्रभाव से नेपाली प्रवासियों की सुरक्षा, 'कार्की आयोग' रिपोर्ट पर कार्रवाई और संविधान संशोधन पर चर्चा पत्र तैयार करने जैसे कदम उठाए गए। शिक्षा मंत्री सस्मित पोखरेल ने पार्टी-आधारित छात्र संगठनों को समाप्त करने और स्वास्थ्य मंत्री निशा मेहता ने निजी अस्पतालों में 10 प्रतिशत मुफ्त बेड सुनिश्चित करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले आर्थिक स्थिरता, पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे पर ध्यान दे रहे हैं। श्रम और स्वास्थ्य मंत्रियों की स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञता गरीबी उन्मूलन और रोजगार सृजन में मदद करेगी। विदेश मंत्री शिशिर खनाल की पॉलिसी विशेषज्ञता नेपाल की कूटनीति को मजबूत करेगी।युवा बेरोजगारी घटाने, शिक्षा गुणवत्ता सुधारने, स्वास्थ्य पहुंच बढ़ाने और भ्रष्टाचार रोकने के प्रयास पहले ही दिख रहे हैं। दैनिक प्रगति निगरानी प्रणाली लागू कर सरकार जवाबदेही सुनिश्चित कर रही है। हालांकि, चुनौतियां यहां भी हैं, जैसे कि पहाड़ी इलाकों में पहुंच, संसाधन सीमाएं और पुरानी पार्टियों का विरोध। फिर भी, यह कैबिनेट जनता की उम्मीदें पूरी करने की राह पर है।

कुल मिलाकर देखा जाए तो नेपाल का यह 'जेन-जी' कैबिनेट न सिर्फ दक्षिण एशिया के लिए मिसाल है, बल्कि विकासशील देशों को सिखाता है कि योग्यता और युवा ऊर्जा राजनीति को बदल सकती है। यदि यह टीम अपने100 सूत्री एजेंडा को ईमानदारी से लागू कर पाई, तो नेपाल आर्थिक समृद्धि, सामाजिक न्याय और सुशासन का नया मॉडल बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ब्रिटेन होर्मुज की नाकाबंदी में शामिल नहीं होगा

## ब्रिटेन के पीएम स्टार्मर ने कहा: ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी कार्रवाई को समर्थन नहीं देंगे

**लंदन/अंकारा/कैनबरा।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी नौसैनिक नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन को ईरान के साथ युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए पूरी तरह खुला रखना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं और लोगों के लिए बिजली-गैस के बिल बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें नहीं फंसेंगे। इसी तरह, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी कहा कि उन्हें अमेरिका से नाकेबंदी में शामिल होने का कोई अनुरोध नहीं मिला है और वे अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के सम्मान के पक्ष में हैं।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कहा है कि अमेरिका ने होर्मुज़ जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए कोई अनुरोध नहीं किया है और यह घोषणा एकतरफा तरीके से की गई है। उन्होंने कहा हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए खुला रहना चाहिए और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अल्बानीज़ ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया वैश्विक ईंधन आपूर्ति बनाए रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्रीय तनाव के समाधान के लिए वार्ता फिर से शुरू होनी चाहिए। यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिकी केन्द्रीय कमान ने घोषणा की है कि वह ईरानी बंदरगाहों में आने-जाने वाले समुद्री यातायात की नाकेबंदी शुरू करेगा। अल्बानीज़ ने कहा कि हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो। हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं।

हम चाहते हैं कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य सभी के लिए खुला रहे। हम यह भी चाहते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता बनी रहे।ष ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री 14 से 17 अप्रैल के बीच ब्रुनेई और मलेशिया की यात्रा करेंगे, जहां ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर चर्चा होगी। यह यात्रा ऊर्जा, उर्वरक और अन्य ज़रूरी सामानों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय साझेदारों के साथ सहयोग करने के ऑस्ट्रेलिया के चल रहे प्रयासों का एक हिस्सा है। अल्बानीज़ ब्रुनेई में सुल्तान हाजी हसनल बोल्कियाह से मिलकर ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और ज़रूरी चीज़ों के व्यापार पर चर्चा करेंगे। ब्रुनेई ऑस्ट्रेलिया के डीज़ल आयात का नौ प्रतिशत और फर्टिलाइज़र-ग्रेड यूरिया का 11 प्रतिशत हिस्सा देता है, जबकि ऑस्ट्रेलिया ब्रुनेई को खाद्य और कृषि उत्पादों का एक अहम सप्लायर बना हुआ है। वह मलेशिया में ईंधन की आपूर्ति और अन्य ज़रूरी सामानों पर चर्चा करने के लिए दातो सेरी अनवर बिन इब्राहिम से मुलाक़ात करेंगे। मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया के लिए रिफाइंड ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत है और उर्वरक-ग्रेड यूरिया के आयात का 10 प्रतिशत हिस्सा यहीं से आता है। विदेश मंत्री, सीनेटर पेनी वोंग, इन यात्राओं के दौरान अल्बानीज़ के साथ रहेंगी। इस बीच, ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर ग़ालिबाफ़ ने नाकेबंदी की चेतावनी को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिकी जल्द ही मौजूदा ईंधन कीमतों को याद करेंगे।



- अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी में सहयोग के लिए अनुरोध नहीं किया: आस्ट्रेलिया
- हम चाहते हैं कि बातचीत जारी रहे और फिर से शुरू हो हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं: अल्बानीज

### रणनीतिक जल क्षेत्र या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसके बंदरगाहों की सुरक्षा को खतरा पैदा हुआ, तो क्षेत्र का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा। ईरान ने अमेरिकी नाकेबंदी को 'समुद्री डकैती' करार देते हुए कहा कि ए रणनीतिक जल क्षेत्र 'या तो सबके लिए सुरक्षित होंगे या किसी के लिए भी नहीं।' इस बीच, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान ने उम्मीद जताई कि होर्मुज जलडमरूमध्य का मुद्दा निकट भविष्य में कूटनीतिक रास्तों से सुलझा लिया जाएगा। उन्होंने संकेत दिया कि इसके विनियमन (रेगुलेशन) में कुछ बदलाव संभव हैं। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए मौजूदा युद्धविराम को 45 से 60 दिनों के लिए बढ़ाने का सुझाव भी दिया।

### जापान ने होर्मुज में माइनस्वीपर तैनाती का फैसला टाला

**टोक्यो।** समुद्र के नीचे बिछे बारूद को साफ कराने के लिए तत्पर दिख रही जापान सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। जापान ने माइनस्वीपर भेजने का फैसला फिलहाल टाल दिया है। चीफ कैबिनेट सेक्रेटरी मिनोरू किहारा ने कहा कि जापान ने अभी तक होर्मुज स्ट्रेट में माइन-स्वीपिंग अभियान के लिए अपने समुद्री आत्मरक्षा बल (मेरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स, यानी जेएमएसडीएफ) को तैनात करने को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। हालात पर नजर बनाए हुएं है और आगे का फैसला स्थिति के अनुसार लिया जाएगा। किहारा ने मीडिया को बताया कि जापान दोनों पक्षों के बीच एक पूरी समझ की दिशा में आगे बढ़ने की अपील कर रहा है।

# रूस ले जाएगा ईरान का यूरेनियम!



- होर्मुज तनाव के बीच पुतिन का बड़ा दांव शांतिवार्ता के लिए पेश की ये योजना

**मास्को।** ईरान और अमेरिका के बीच शांति वार्ता विफल होने के बाद पश्चिम एशिया में तनाव काफी बढ़ गया है। इस बीच रूस ने भविष्य में होने वाली शांति वार्ता के लिए एक नया प्रस्ताव पेश किया है। क्रेमलिन ने सोमवार को जानकारी दी कि रूस अमेरिका के साथ किसी भी संभावित शांति समझौते के तहत ईरान का संवर्धित यूरेनियम (**enriched uranium**) अपने पास रखने के लिए तैयार है।

बता दें कि ईरान और अमेरिका के बीच पिछले हफ्ते हुई बातचीत नाकाम रही। इससे युद्ध को तुरंत खत्म करने की उम्मीदें टूट गई हैं। फरवरी के आखिर में शुरू हुए इस युद्ध में अब तक हजारों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था भी संकट में है। रूस के पास दुनिया में परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार है। उसने शांति समझौते के लिए कई बार ईरान का यूरेनियम अपने यहां रखने की पेशकश की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यह प्रस्ताव अमेरिका और क्षेत्र के अन्य देशों के सामने रखा था। उन्होंने साफ किया कि यह प्रस्ताव आज भी लागू है, लेकिन अब तक किसी ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया है। इसी बातचीत के दौरान क्रेमलिन ने डोनाल्ड ट्रम्प की उस धमकी की कड़ी आलोचना की है, जिसमें उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी करने की बात कही थी। यह जलमार्ग व्यापार के लिए बहुत जरूरी है। फरवरी के आखिर में अमेरिका और इजरायल ने जब से ईरान पर हमले शुरू किए हैं, तब से यह रास्ता पूरी तरह ठप पड़ा है।

# ईरान को नई शर्तों व प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा



- सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया: अराघची

**नई दिल्ली।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस्लामाबाद वार्ता की विफलता के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि 'बदलती शर्तों और प्रतिबंधों' को हमारे सामने रखा गया।

अराघची ने सोमवार को 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में कहा कि वार्ता के दौरान सहमति के बहुत करीब होने के बावजूद बदलती शर्तों और प्रतिबंधों को हमारे समक्ष लाया गया। अराघची ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि कोई सबक नहीं सीखा गया। सद्भावना से सद्भावना पैदा होती है और शत्रुता से शत्रुता। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि 47 वर्षों में उच्चतम स्तर की गंभीर वार्ता में, ईरान ने युद्ध को समाप्त करने के लिए नेक नीयत के साथ अमेरिका के साथ बातचीत की थी। उन्होंने कहा कि लेकिन जब हम 'इस्लामाबाद सहमति पत्र' से केवल कुछ ही दूर थे, तो हमें बदलती शर्तों और प्रतिबंधों सामना करना पड़ा।

### ईरान में अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना: ट्रम्प ने पोप पर साधा निशाना

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पोप लियो चौदहवें पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उन्हें ऐसे धर्मगुरु की आवश्यकता नहीं है जो उनकी नीतियों का विरोध करते हों। पोप ने ईरान में अमेरिका के कदमों की आलोचना की है। विशेष रूप से, उन्होंने ईरानी लोगों के विरुद्ध अमेरिकी धमकियों को अस्वीकार्य बताया। अप्रैल की शुरुआत में अमेरिकी युद्ध सचिव पीट हेगसेथ ने सैन्य कर्मियों के लिए प्रार्थना के आह्वान किया था, जिसके बाद पोप ने एक प्रवचन में कहा था कि प्रभुत्व जमाने की इच्छा ईसा मसीह के मार्ग के अनुरूप नहीं है। अमेरिकी नेता ने 'ट्रुथ सोशल' पर कहा कि मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे लगता हो कि ईरान के पास परमाणु हथियार होना ठीक है। मुझे ऐसा पोप नहीं चाहिए जिसे अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला करना भयानक लगता हो।

# हिजबुल्लाह लेबनान-इजरायल के बीच वार्ता का विरोधी

## लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं: कीमती

**बेरुत।** हिजबुल्ला की राजनीतिक परिषद के उपाध्यक्ष महमूद कोमती ने कहा कि हिजबुल्लाह लेबनान और इजरायल के बीच सीधी बातचीत का विरोध करता है और उसे इनसे किसी सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी 'स्पुतनिक' से कहा कि लेबनान में संघर्षविराम ईरान की वजह से हुआ है।

हमें लेबनान के संबंध में वार्ता से सकारात्मक परिणामों की उम्मीद नहीं है। हम लेबनान और इजरायली दुश्मन के बीच सीधी बातचीत को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं और इसे बिल्कुल भी स्वीकार नहीं करते हैं। हिजबुल्लाह के नेतृत्व के अनुसार, ईरान के कड़े रुख ने ही अमेरिका और इजरायल को लेबनान में संघर्षविराम वार्ता के लिए सहमत होने पर मजबूर किया। इस बीच, अमेरिका और इजरायल की स्थिति को इस तरह पेश करने की कोशिश कर रहे हैं जैसे कि वे इन वार्ताओं के सूत्रधार हों। कोमती ने बताया कि इस दिशा में दबाव इस तथ्य से उपजा है कि इजरायल न तो लेबनान और न ही लेबनानी देश को मान्यता देता है और अचानक आज, इजरायल लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत हो गया। यह ईरान की बदौलत हुआ है, जो ईरान की इजरायल और अमेरिका पर जीत का परिणाम है। इसी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को लेबनानी राज्य में अधिकार बहाल करने के लिए प्रेरित किया ताकि लेबनान में संघर्षविराम ईरानी प्रयासों का परिणाम न लगे। सऊदी प्रसारक 'अल हदथ' ने एक आधिकारिक लेबनानी स्रोत के हवाले से खबर दी है कि लेबनान-इजरायल वार्ता मंगलवार को होगी। अमेरिका ने लेबनान को गारंटी दी है कि बातचीत शुरू होने से पहले इजरायल बेरुत पर बमबारी नहीं करेगा। महमूद कोमती ने यह भी कहा कि लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है और देश को अराजकता में धकेल सकता है। कोमती ने रूसी समाचार एजेंसी स्पुतनिक को बताया कि इजरायल के खिलाफ लड़ाई में समूह का समर्थन करने वाली जनता के दबाव से सरकार भी बदल सकती है। उन्होंने कहा कि आज हम स्वतःस्फूर्त विरोध प्रदर्शन देख रहे हैं जो जनमत को व्यक्त करते हैं। हम हर स्थिति के लिए तैयार हैं। हमें उम्मीद है कि सरकार अपनी नीतियों और अपने रुख के कारण खुद को एक गंभीर मुश्किल में धकेल देगी, जिससे उसका पतन हो जाएगा। जब कोमती से पूछा गया कि क्या जनता का आक्रोश लेबनान में सरकार बदलने के उद्देश्य से व्यापक विरोध प्रदर्शनों का रूप ले सकता है, तो उन्होंने उल्लेख किया कि 'सभी विकल्प संभव हैं।' प्रवक्ता के अनुसार, समस्या यह है कि सरकार हिजबुल्ला और प्रतिरोध का सम्मान नहीं कर रही है।



- कहा: लेबनान सरकार का हिजबुल्ला के खिलाफ रुख देश में आंतरिक विभाजन पैदा कर सकता है

### हिज्बुल्लाह को मध्य पूर्व संघर्ष के समाधान में रूस की भूमिका की है उम्मीद

**बेरुत।** हिज्बुल्लाह के राजनीतिक परिषद के उप प्रमुख महमूद कोमाती ने बताया कि हिज्बुल्लाह को उम्मीद है कि रूस, जिसके ईरान सहित मध्य पूर्वी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं, इस क्षेत्र में संघर्ष के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कोमाती ने कहा कि आज, रूस, ईरान के साथ अपने संबंधों और क्षेत्रीय स्तर पर कई अरब देशों और लेबनान के साथ अपने निष्ठापूर्ण संबंधों के कारण, एक भूमिका निभा सकता है और हम इसकी उम्मीद करते हैं। लेकिन, दुर्भाग्य से, संयुक्त राज्य अमेरिका रूस की किसी भी भूमिका में बाधाएं और रुकावटें पैदा कर रहा है। इस बीच, आज अमेरिका और विशेष रूप से (राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रम्प, ईरान को प्रभावित करने और युद्धविराम हासिल करने के लिए रूस की ओर रुख कर रहे हैं।



मिर्जापुर। दिवंगत दिग्गज पार्श्व गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करती छात्राएं।

### अमेरिका में यू वीजा के लिए धोखाधड़ी के आरोप में 10 भारतीय नागरिक दोषी

**बोस्टन।** अमेरिका के बोस्टन में एक संघीय ग्रैंड जूरी ने 10 भारतीय नागरिकों को सुविधा स्टोरों में फर्जी सशस्त्र डकैती के मामले में दोषी ठहराया है। इन डकैतियों का मकसद स्टोर क्लर्कों को आव्रजन आवेदनों में पीड़ित के रूप में फर्जी दावा करने की अनुमति दिलाना था। आरोपियों पर मार्च 2026 में आरोप लगाए गए थे। अभियोग पत्र में प्रत्येक प्रतिवादी पर वीजा धोखाधड़ी करने की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है जिसके लिए अधिकतम पांच साल की जेल, तीन साल की निगरानी में रिहाई और 250000 डॉलर का जुर्माना हो सकता है। मैसाचुसेट्स स्थित अटॉर्नी कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, सजा पूरी होने के बाद सभी को देश से निकाला जा सकता है।

### सुरक्षा परिषद में रूस व चीन के प्रस्ताव पर जमीनी स्थिति के अनुसार चर्चा होगी: रूस

**मास्को।** पश्चिम एशिया में तनाव कम करने के लिए रूस और चीन की ओर से प्रस्तावित संकल्प पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में मतदान की तारीख वहां की जमीनी स्थिति के आधार पर तय की जाएगी। रूस के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले, रूस और चीन ने प्रस्ताव दिया था कि सुरक्षा परिषद पश्चिमी एशिया की वर्तमान स्थिति पर एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव पर विचार करे, जिसमें समुद्री सुरक्षा के पहलुओं को भी शामिल किया जाए। रूस के विदेश मंत्रालय के अंतर्राष्ट्रीय संगठन विभाग के निदेशक किरिल लोग्विनोव ने स्पूतनिक से कहा कि बैठक में हमने अपने चीन के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में एक वैकल्पिक मसौदा प्रस्ताव की घोषणा की है। इस पर मतदान की तिथि जमीनी हालात को देखते हुए निर्धारित की जाएगी।

# रूस ने की ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की आलोचना

## पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

**मॉस्को।** रूस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी के फैसले की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे वैश्विक बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों को प्रभावित करती रहेगी और इसके आर्थिक परिणाम दीर्घकालिक हो सकते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। पेस्कोव ने बताया कि ईरान के यूरेनियम को अपने पास रखने के रूस के प्रस्ताव अब भी जारी हैं और मॉस्को इस दिशा में सहयोग के लिए तैयार है। इसके अलावा, मीडिया रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि रूस, ईरान को अमेरिकी सेना की तैनाती से जुड़ी खुफिया जानकारी देने के साथ-साथ यूक्रेन में अपने संघर्ष से हासिल की गई ड्रोन से जुड़ी उन्नत रणनीतियां भी साझा कर रहा है। इन दावों की आधिकारिक तौर पर अभी तक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ये दावे पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच सामने आए हैं। इस बीच, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने क्षेत्रीय नेताओं से बातचीत कर कूटनीतिक समाधान की संभावनाओं पर जोर दिया है। राष्ट्रपति के सहयोगी निकोलाई पत्रुशेव ने नाटो पर 'सी शील्ड 2026' अभ्यास के जरिए काला सागर क्षेत्र में सैन्य ढांचे का विस्तार करने का आरोप लगाया है। पत्रुशेव ने कहा कि रूस का मुकाबला करने के उद्देश्य से किए जा रहे इन युद्धाभ्यासों के लिए रोमानिया को मुख्य आधार के तौर पर चुना गया है जो नाटो की क्षेत्रीय स्थिति को लेकर रूस की बढ़ती चिंता का संकेत है। पुतिन ने मॉस्को में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बातचीत के दौरान, विश्वास व्यक्त किया कि हालिया उतार-चढ़ावों के बावजूद दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को स्थिर करने और उसका विस्तार करने में सक्षम होंगे। वहीं, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ बैठक में पुतिन ने ऊर्जा, अंतरिक्ष, कृषि और फार्मा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की बात कही।




- पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर है और संकट पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है

# पाकिस्तान को 46500 करोड़ की मदद देंगे सऊदी-कतर

## इससे यूएई का 29000 करोड़ कर्ज चुकाएगा, पैसे लौटाने के लिए सिर्फ 11 दिन बाकी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को सऊदी अरब और कतर से 5 अरब डालर (लगभग 46500 करोड़ रुपये) की वित्तीय मदद मिलेगी। यह मदद ऐसे समय में आ रही है, जब देश को इस महीने के अंत तक यूएई को 3.5 अरब डालर (लगभग 29000 करोड़ रुपये) चुकाने हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है।

यूएई ने हाल ही में कर्ज रोलओवर की नीति में बदलाव किए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने अप्रैल तक यूएई का 3.5 अरब डालर का कर्ज चुकाने का फैसला किया। तय शेडयूल के मुताबिक 23 अप्रैल तक पाकिस्तान को इस कर्ज की आखरी किस्त देनी है। इसका मतलब कर्ज चुकाने के लिए सिर्फ 11 दिन का समय बाकी है। इसके अलावा, अप्रैल में पाकिस्तान को कुल करीब 4.8 अरब डालर चुकाने हैं, जिसमें एक बड़ा बान्ड भी शामिल है। आईएमएफ ने पाकिस्तान की खराब आर्थिक स्थिति को संभालने के लिए 3 साल का प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत उसे करीब 7 अरब डालर की मदद मिलेगी। इसके बदले आईएमएफ ने शर्त रखी है कि पाकिस्तान के बड़े कर्जदाता सऊदी अरब, चीन और यूएई अपने कर्ज के पैसे 3 साल तक तक पाकिस्तान में ही रखेंगे, यानी वे पैसा वापस नहीं निकालेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आगे चलकर कतर, यूएई की जगह ले सकता है। यूएई ने हाल में कर्ज रोलओवर की नीति बदलकर शार्ट-टर्म एक्सटेंशन शुरू कर दिया है, जिससे पाकिस्तान पर जल्दी भुगतान का दबाव बढ़ा। इसके बाद पाकिस्तान ने यूएई का 3.5 अरब डालर यानी करीब 29,000 करोड़ रुपये का कर्ज 11, 17 और 23 अप्रैल को अलग-अलग किस्तों में लौटाने का फैसला लिया। ये फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार का बड़ा हिस्सा पहले ही दूसरे देशों की मदद पर टिका है। कर्ज पाकिस्तान को अलग-अलग समय पर मिला था। यूएई ने 2018 में 2 अरब डालर का लोन दिया था, जिसे बार-बार बढ़ाया गया। 2023 में 1 अरब डालर और दिया गया था, ताकि पाकिस्तान आईएमएफ की शर्तें पूरी कर सके। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच साझेदारी काफी समय से चल रही है। इससे पहले पाकिस्तान के वित्त मंत्री औरंगजेब ने इस्लामाबाद में सऊदी के वित्त मंत्री मोहम्मद बिन अब्दुल्ला अल-जादान से मुलाकात की थी।



- पाकिस्तान की कमजोर विदेशी मुद्रा स्थिति संभालने के लिए यह मदद अहम मानी जा रही है

### ट्रम्प-पुतिन के समर्थन के बावजूद हंगरी में चुनाव हारे आर्बन

- 16 साल बाद सत्ता से बाहर, पुराने साथी पीटर मग्यार भारी बहुमत से जीते

**बुडापेस्ट।** विक्टर आर्बन हंगरी का प्रधानमंत्री चुनाव हार गए हैं। वे 16 साल से सत्ता में थे। विपक्षी तिस्ज़ा पार्टी के पीटर मग्यार अगले प्रधानमंत्री बनेंगे। मग्यार पहले आर्बन की पार्टी फिदेस से जुड़े थे, लेकिन पार्टी में भ्रष्टाचार के खिलाफ उनसे अलग हो गए थे।

आर्बन दुनिया के गिने-चुने नेताओं में हैं, जिनकी करीबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से है। इस बार के चुनाव में करीब 80 प्रतिशत रिकॉर्ड वोटिंग हुई थी। नतीजों को बड़े राजनीतिक उलटफेर के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर यूरोप और ग्लोबल राजनीति पर पड़ेगा। शुरुआती नतीजों में तिस्ज़ा पार्टी ने 199 में 138 सीटों पर जीत दर्ज की है। वहीं, आर्बन की फिदेस पार्टी को सिर्फ 55 सीटें ही मिली हैं। तिस्ज़ा को करीब 53 प्रतिशत और फिदेस को करीब 37 प्रतिशत वोट मिले। इन चुनाव नतीजों के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट में देर रात तक जश्न चलता रहा। डेन्यूब नदी किनारे हजारों लोग जुटे। कारों के हार्न, झंडे और नारेबाजी के बीच जश्न चलता रहा। कई जगह लोगों ने रूसियों घर जाओ जैसे नारे लगाए।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108